


दैनिक

त्वदीय पाद पंकजम् नमामि देवी नर्मदे

आरएनआई क्र.MPHIN/2012/40924

# क्षितिज ✌ किरण

प्रेरणापुंज- विचित्र कुमार सिन्हा -- ब्यूरो प्रमुख भोपाल- विलक्षण सक्सेना

जबलपुर, होशंगाबाद एवं सीहोर से एक साथ प्रकाशित एकमात्र निर्भीक समाचार-पत्र

प्रधान सम्पादक-कृष्णकान्त सक्सेना वर्ष-14, अंक -63 जबलपुर, शनिवार 05 अप्रैल 2025 कीमत-70 पैसे पृष्ठ-8 संपादक अरुण श्रीवास्तव


## लोकसभा और राज्यसभा अनिश्चितकाल के लिए स्थगित, आखिरी दिन भी हुआ हंगामा

संसद के बजट सत्र का दूसरा चरण खत्म हो गया है और दोनों ही सदनों को अनिश्चितकाल के लिए स्थगित कर दिया गया है। संसद के बजट सत्र के दूसरे चरण के आखिरी समय के कामकाज अपने आप में ऐतिहासिक रहे। दोनों सदनों में वक़्फ़ बिल को लेकर देर रात तक चर्चा की गई और उसे पारित किया गया जो अपने आप में एक नया रिकॉर्ड है। वक़्फ़ बिल में पुराना रिकॉर्ड 1981 में 16 घंटे 51 मिनट आजमा अधिनियम पर रिकॉर्ड चर्चा की गई थी 7 और राज्य सभा में कल 17 घंटे 2 मिनट तक चर्चा की गई। जो एक एक रिकॉर्ड बन गया। संसद का बजट सत्र दो भागों में आयोजित किया गया; यह 31 जनवरी को शुरू हुआ और 13 फरवरी तक चला। संसद के बजट सत्र का दूसरा भाग 10 मार्च को शुरू हुआ और 4 अप्रैल को



समाप्त हो गया।

बजट सत्र के अंतिम दिन की कार्यवाही शुरू होते ही लोकसभा में विपक्षी दलों की ओर से नारेबाजी और विरोध प्रदर्शन शुरू हो गया। वहीं, कांग्रेस नेता सोनिया गांधी द्वारा सरकार के खिलाफ की गई टिप्पणी पर सत्ता पक्ष के सदस्यों के जोरदार विरोध के बीच लोकसभा और राज्यसभा में हंगामा देखने को मिला। आज जब सदन की कार्यवाही शुरू हुई तो भाजपा सांसदों ने सोनिया गांधी माफ़ी मांगो के नारे लगाए। राज्यसभा में बजट सत्र के आखिरी दिन,शुक्रवार को दो सदस्यों वीरेंद्र प्रसाद वैश्य तथा मिशन रंजन दास को विदायी दी गई जिनका कार्यकाल जून में समाप्त होने जा रहा है।

लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने शुक्रवार को सदन की कार्यवाही अनिश्चित काल के लिए स्थगित करते हुए कहा कि बजट सत्र के दौरान वक्फ (संशोधन) विधेयक सहित कुल 16 विधेयक पारित किये गए। बिरला ने कहा कि सदन में केंद्रीय बजट पर चर्चा में 169 सदस्यों ने भाग लिया, वहीं सत्र के दौरान 10 सरकारी विधेयक पुरस्स्थापित किये गए और वक्फ (संशोधन) विधेयक, 2025 सहित कुल 16 विधेयक पारित किये गए। उन्होंने कहा कि यह सत्र 31 जनवरी, 2025 को आयोजित किया गया था। इस दौरान कुल 26 बैठकें हुईं और संसदीय उत्पादकता 118त्न से अधिक रही। बजट सत्र के दौरान, लोकसभा द्वारा विभिन्न मंत्रालयों के लिए अनुदान की मांगों के साथ-साथ वित्त विधेयक को मंजूरी दिए जाने के साथ सरकार ने बजटीय प्रक्रिया संपन्न कर ली। राष्ट्रपति शासन के अधीन मणिपुर के लिए भी बजट को सदन ने मंजूरी प्रदान की। राज्यसभा की कार्यवाही शुक्रवार को अनिश्चित काल के लिए स्थगित कर दी गयी। राज्यसभा के सभापति जगदीप धनखड़ ने उच्च सदन के 267वें सत्र को अनिश्चित काल के लिए स्थगित करने से

## अभिनेता मनोज कुमार का 87 साल की उम्र में निधन, भारत कुमार नाम से थे मशहूर

मुंबई.(आरएनएस)। एक्टर मनोज कुमार का शुक्रवार सुबह मुंबई के कोकिलाबेन अस्पताल में निधन हो गया. वे 87 साल के थे. वे विशेष रूप से अपनी देशभक्ति फिल्मों के लिए जाने जाते थे. उन्हें भारत कुमार के नाम से भी जाना जाता था. उपकार, पूरब-पश्चिम, क्रांति, रोटी-कपड़ा और मकान उनकी बेहद कामयाब फिल्में रहीं.

मनोज कुमार के बेटे कुणाल गोस्वामी ने बताया, %उन्हें लंबे समय से स्वास्थ्य संबंधी परेशानियां थीं. यह भगवान की कृपा है कि उन्हें आखिरी समय में ज्यादा परेशानी नहीं हुई, शांतिपूर्वक उन्होंने इस दुनिया को अलविदा कह दिया. उनका अंतिम संस्कार कल सुबह 11 बजे मुंबई के पवनहंस श्मशान घाट पर होगा. मनोज कुमार काफी समय से लिवर सिरोसिस से जूझ रहे थे. उनकी हालत बिगडने के बाद उन्हें 21 फरवरी 2025 को अस्पताल में भर्ती कराया गया था.

मनोज कुमार को 7 फिल्म फेयर पुरस्कार मिले थे. पहला फिल्म फेयर 1968 में फिल्म उपकार के लिए मिला था. उपकार ने बेस्ट फिल्म, बेस्ट डायरेक्टर, बेस्ट स्टोरी और बेस्ट डायलॉग के लिए चार फिल्म फेयर जीते. 1992 में उन्हें पद्मश्री से




सम्मानित किया गया. 2016 में उन्हें दादा साहेब फाल्के अवॉर्ड से नवाजा गया.

**मोदी ने लिखा- मनोज जी ने राष्ट्रीय गौरव को उभारा**

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने मनोज कुमार को श्रद्धांजलि दी है. पीएम ने एक्स पर लिखा- महान अभिनेता और फिल्म निर्माता श्री मनोज कुमार जी के निधन से बहुत दुख हुआ. वह भारतीय सिनेमा के प्रतीक थे, जिन्हें विशेष रूप से उनकी देशभक्ति के उत्साह के लिए याद किया जाता था, जो उनकी फिल्मों में भी झलकता था. मनोज जी के कार्यों ने राष्ट्रीय गौरव की भावना को प्रज्ज्वलित किया और यह पीढ़ियों को प्रेरित करता रहेगा. दुख की इस घड़ी में मेरी संवेदनाएं उनके परिवार और प्रशंसकों के साथ हैं. ओम शांति.

## 'चिड़ियाघर का बंदर हूं...'



नई दिल्ली-(आरएनएस)। चेतन भगत का हाल ही में इंटरव्यू लल्लनटॉप पर आया है। सौरभ द्विवेदी ने जब पूछा कि सलमान खान के साथ वक्त बिताने का अनुभव कैसा रहा, तो कहा- अद्भुत आदमी हैं। जानते हैं कि किससे, कैसा बर्ताव करना है। 'हैलो मूवी' के वक्त जब उनसे मिला, तो पूछा- इतने लोग आपसे मिलते हैं, तस्वीर खिंचवाते हैं... कैसा लगता है। सलमान ने कहा- ऐसा लगता है कि चिड़ियाघर का बंदर हूं, जो औरों से अलग है, लेकिन जानता हूं कि फैंस नहीं तो कुछ भी नहीं। तस्वीरें निकलवाने वालों से मैं भी जब परेशान हो जाता हूं, तो सलमान की यही बात मुझे याद आती है।

## मऊगंज में एक घर के अंदर मिली पिता और दो बच्चों की लाशें

मऊगंज. मध्य प्रदेश के मऊगंज के गडरा गांव में एक घर के अंदर पिता और दो बच्चों की लाशें मिली हैं. घर के आस-पास रहने वालों को बदबू आ रही थी, उन्होंने पुलिस बुलवाकर दरवाजा तोड़ा तो अंदर कई दिनों पुरानी तीन लाशें मिलीं. इस घटना के बाद वहां ग्रामीणों की भीड़ जुट गई. ये लाशें अवसेरी साकेत उम्र 60 वर्ष सहित उसकी 12 वर्षीय बेटी मूलर साकेत और 8 वर्षीय बेटे लाली साकेत की बताई जा रही हैं. तीनों की मौत कैसे और किन परिस्थितियों में हुई या स्पष्ट नहीं हो सका है. फिलहाल घटनास्थल पर फॉरेंसिक टीम को भी बुलाया गया है और मौका मुआयना कर शवों को कब्जे में लेकर पीएम के लिए अस्पताल भेजने की तैयारी की जा रही है.

## महिला मजदूरों को ले जा रहा ट्रैक्टर कुएं में गिरा, 8 की मौत, बचाव कार्य जारी

नांदेड़.(आरएनएस)। महाराष्ट्र के नांदेड़ में आज एक बड़ी घटना सामने आई है. यहां महिला मजदूरों को ले जा रहा एक ट्रैक्टर कुएं में गिर गया. इस घटना में 8 लोगों की मौत हो गई है. यह हादसा नांदेड़ के अलेगांव शिवरा में हुआ. आशंका जताई जा रही है कि कुछ महिलाएं कुएं में फंसी हो सकती हैं. घटनास्थल पर फिलहाल



बचाव कार्य जारी है. जानकारी के मुताबिक, घटना नांदेड़ इलाके के अलेगांव में सुबह करीब 9 बजे घटी. हिंगोली जिले में एक ट्रैक्टर पर सवार होकर महिला मजदूर हल्दी की कटाई के लिए खेत की तरफ जा रही थीं. रास्ते में कुआं था, इसका अंदाजा ड्राइवर को नहीं था. परिणामस्वरूप ट्रैक्टर सीधे कुएं में जा गिरा. जैसे ही ट्रैक्टर कुएं में गिरा, वहां चीख-पुकार मच गई. घटना के बाद वहां से गुजर रहे कुछ राहगीरों ने सूचना प्रशासन को दी. इसके बाद प्रशासन की टीम मौके पर पहुंची. घटना में 8 लोगों की तो मौके पर ही मौत हो गई. कई महिलाएं कुएं में डूब गईं. इसलिए मौत का आंकड़ा अभी स्पष्ट नहीं है. जबकि, कुएं में गिरी अन्य महिलाओं का रेस्क्यू जारी है. रेस्क्यू टीम रस्सी की मदद से महिलाओं को कुंए से बाहर निकाल रही हैं. बचाव अभियान के दौरान कुछ महिलाओं को पानी से बाहर निकाला गया है.

## धार्मिक नगरों में पवित्र भाव और परिवारों में स्वस्थ वातावरण बनाए रखने के लिए लागू की शराबबंदी- मुख्यमंत्री डॉ. यादव

भोपाल (आरएनएस)। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि %वसुधैव कुटुंबकम% के विचार वाली भारतीय संस्कृति संपूर्ण विश्व को परिवार मानती है। प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व और मार्गदर्शन में इस सिद्धांत पर चल रही राज्य सरकार सभी के हित और कल्याण के लिए समर्पित है। परिवारों का वातावरण खराब न हो, मेहनत से कमाए गए पैसे का उपयोग परिवार के हित में हो, यह सुनिश्चित करने के लिए ही शराबबंदी लागू की गई है। धार्मिक नगरों में पवित्र भाव की अनुभूति होती है, अत- प्रदेश में विद्यमान 19 देव-स्थानों की गरिमा को बनाए रखने के लिए ही इन स्थानों पर शराबबंदी लागू की गई। मुख्यमंत्री डॉ. यादव माँ पीताम्बरा की नगरी दतिया में शराबबंदी लागू करने के लिए आयोजित नागरिक अभिनंदन समारोह को संबोधित कर रहे थे। कार्यक्रम में जन-प्रतिनिधियों और नागरिकों ने मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव का दतिया में शराबबंदी के लिये नागरिक अभिनंदन किया।



मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि दतिया सहित प्रदेश में जहां-जहां देवी मां की कृपा है, वहां देवी लोक विकसित किए जाएंगे। चित्रकूट सहित भगवान श्रीराम से जुड़े प्रदेश के सभी स्थानों का श्रीराम वनपथ गमन मार्ग के अंतर्गत उन्नयन किया जा रहा है। इसी प्रकार भगवान श्रीकृष्ण की जहां-जहां भी लीलाएं हुईं, उन स्थानों को भी तीर्थ के रूप में विकसित करने के लिए बजट में प्रावधान किया गया है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि सनातन संस्कृति के मूल भाव सर्वे भवंतु सुखिन: सर्वे संतु निरामय- के अनुरूप राज्य सरकार सबके कल्याण के लिए ही समर्पित भाव से काम कर रही है।

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि प्रदेश की अर्थव्यवस्था कृषि आधारित है। राज्य सरकार के लिए कृषकों का हित सर्वोपरि है, किसानों को उनकी मेहनत और उपज का सही दाम मिले, यह सुनिश्चित करने के लिए ही 2600 रुपये प्रति क्विंटल की दर पर गेहूं खरीदा जा रहा है। प्रधानमंत्री श्री मोदी ने प्रदेश के लिए %केन-बेतवा% लिंक परियोजना और %चंबल-काली सिंध-पार्वती% नदी जोड़ों परियोजना जैसी सौगात प्रदेश को दी है। साथ ही ताप्ती मेगा रिचार्ज परियोजना को भी स्वीकृति प्रदान की गई है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने किसानों से जमीन नहीं बेचने का आहवान करते हुए कहा कि इन नदी जोड़ो परियोजनाओं से दतिया भी लाभान्वित होगा और किसान परिवारों का खुशहाल जीवन सुनिश्चित है। डबल इंजन की सरकार में जनता का हित सर्वोपरि है, प्रधानमंत्री श्री मोदी के नेतृत्व और मार्गदर्शन में राज्य सरकार ने जो कहा वह करके दिखाया है।

## हाथी पर मुख्यमंत्री...



गुवाहाटी- अपने बयानों से चर्चा में रहने वाले असम के सीएम हेमंत बिस्वा सरमा जब गुवाहाटी के पास पुल का फीता काटने पहुंचे, तो कहने लगे- कई दशक पहले मैंने एक फिल्म में बच्चा का किरदार निभाया था। फिल्म के एक सीन में मैं एक पुल से गुजरता हूं और हाथी पर सवार हूं। अब उसी पुल का फिर से निर्माण कर उसे जनता के हवाले कर रहा हूं। इसीलिए पुल से फिर गुजरने के लिए हाथी पर आया हूं।

## आसाराम को बेल देने से हाइकोर्ट का इंकार

जोधपुर(आरएनएस)। रेप के मामले में सजा भुगत रहे आसाराम को फिलहाल राजस्थान हाइकोर्ट ने अंतरिम जमानत देने से इंकार कर दिया है। कल आसाराम ने जोधपुर जेल में सरेंडर किया था। जेल पहुंचते ही उसकी तबीयत बिगड़ गई। तुरंत अस्पताल में भर्ती करना पड़ा। कल जब आसाराम जोधपुर सेंट्रल जेल पहुंचा, तो पैरों में प्लास्टर बंधा हुआ था। सरकारी वकील का तर्क था कि अस्पताल में समय काटने के लिए आसाराम ने नकली प्लास्टर लगाया है।

## 'धोती नहीं पहनें' डीएमके सांसद राजा ने कहा

कोयंबटूर(आरएनएस)। डीएमके सांसद ए. राजा ने अपनी पार्टी के सांसदों और कार्यकर्ताओं से कहा है कि वे धोती नहीं पहनें, हिंदू धार्मिक चिन्हों का इस्तेमाल नहीं करें। उन्होंने कहा कि हाथ में नाड़ा बांधना, टीका लगाना भी बंद कर दिया जाए, क्योंकि संघ और डीएमके कार्यकर्ताओं में पहचान करना मुश्किल हो जाता है। ए. राजा के इस बयान के वायरल होने के बाद भाजपा कार्यकर्ता



नाराज हो गए हैं। डीएमके ने भी उनके बयान से किनारा कर लिया है। पहले भी राजा, सनातन धर्म को कोढ़ और एचआईवी कह चुके हैं।

## 2008 बम ब्लास्ट के सभी 4 आरोपी दोषी करार

**जयपुर की विशेष अदालत 7 अप्रैल को सुनाएगी फैसला**

जयपुर-(आरएनएस)। 2008 के जयपुर बम विस्फोट मामलों की सुनवाई कर रही विशेष अदालत ने शुक्रवार को सभी चार आरोपियों को दोषी करार दिया। बम विस्फोट मामलों की विशेष अदालत के न्यायाधीश रमेश कुमार जोशी ने फैसला सुनाते हुए आरोपियों को गैरकानूनी गतिविधि (रोकथाम) अधिनियम, विस्फोटक पदार्थ (निषेध) अधिनियम और आईपीसी की धाराओं के तहत दोषी करार दिया। सजा की अवधि सोमवार को घोषित की जाएगी। जयपुर ब्लास्ट मामले में 17 साल बाद फैसला आया है। 13 मई 2008 को जयपुर शहर में 15 मिनट के अंदर सात जगहों पर नौ बम धमाके हुए थे।

## वक्फ संशोधन विधेयक को संसद के दोनों सदनों की मंजूरी मिलने पर बोले पीएम मोदी, यह ऐतिहासिक पल



नई दिल्ली-(आरएनएस)। वक्फ (संशोधन) विधेयक 2025 पर अब संसद की मुहर लग गई है. लोकसभा के बाद राज्यसभा में भी यह विधेयक पारित हो गया है. इस महत्वपूर्ण घटनाक्रम पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की प्रतिक्रिया सामने आई है. उन्होंने इसे एक ऐतिहासिक क्षण बताया है.

प्रधानमंत्री मोदी ने कहा, वक्फ (संशोधन) विधेयक का संसद के दोनों सदनों से पारित होना सामाजिक-आर्थिक न्याय, पारदर्शिता और समावेशी विकास की दिशा में हमारे सामूहिक प्रयासों का एक महत्वपूर्ण पड़ाव है. यह विशेष रूप से उन लोगों की मदद करेगा, जो लंबे समय से हाशिये पर रहे हैं और जिन्हें न तो आवाज मिली और न ही अवसर.

**प्रधानमंत्री ने जताया आभार-**

प्रधानमंत्री ने संसद और समितियों में विधेयक पर चर्चा में भाग लेने वाले सभी सांसदों का आभार व्यक्त किया. उन्होंने कहा, जिन सांसदों ने अपने विचार साझा किए और कानून को मजबूत बनाने में योगदान दिया, उनका मैं आभारी हूं. साथ ही, संसदीय समिति को अपने बहुमूल्य सुझाव भेजने वाले अनगिनत नागरिकों का भी विशेष धन्यवाद करता हूं. यह प्रक्रिया एक बार फिर व्यापक बहस और संवाद के महत्व को दर्शाती है.

प्रधानमंत्री ने आगे लिखा, अब हम एक ऐसे युग में प्रवेश कर रहे हैं जहां व्यवस्थाएं अधिक आधुनिक होंगी और सामाजिक न्याय के प्रति अधिक संवेदनशील. हमारी प्राथमिकता प्रत्येक नागरिक की गरिमा को सुनिश्चित करना है. इसी रास्ते पर चलकर हम एक सशक्त, समावेशी और अधिक करुणामय भारत का निर्माण कर सकते हैं.

## कांग्रेस को मंजूर नहीं वक्फ संशोधन बिल, सुप्रीम कोर्ट में चुनौती देने की तैयारी

नई दिल्ली-(आरएनएस)। कांग्रेस पार्टी ने शुक्रवार को कहा कि वह जल्द ही वक्फ (संशोधन) विधेयक की संवैधानिकता को सुप्रीम कोर्ट में चुनौती देगी। कांग्रेस नेता जयराम रमेश ने एक पोस्ट में विधेयक के पारित होने को भारतीय संविधान पर नरेंद्र मोदी सरकार का हमलाकरार दिया और कहा कि उनकी पार्टी इसका विरोध जारी रखेगी। उन्होंने लिखा, कांग्रेस द्वारा सीएए, 2019 को चुनौती देने पर सुप्रीम कोर्ट में सुनवाई हो रही है। कांग्रेस द्वारा आरटीआई अधिनियम, 2005 में 2019 के संशोधनों को चुनौती देने पर सुप्रीम कोर्ट में सुनवाई हो रही है। कांग्रेस नेता ने आगे कहा कि चुनाव संचालन नियम (2024) में संशोधनों की वैधता को लेकर कांग्रेस द्वारा चुनौती पर सुप्रीम कोर्ट में सुनवाई हो रही है। पूजा स्थल अधिनियम, 1991 की मूल भावना को बनाए रखने के लिए कांग्रेस द्वारा हस्तक्षेप पर सुप्रीम कोर्ट में सुनवाई हो रही है। रमेश ने लिखा, कांग्रेस बहुत जल्द ही वक्फ (संशोधन) विधेयक, 2024 की संवैधानिकता को सर्वोच्च न्यायालय में



चुनौती देगी। उन्होंने कहा कि हमें पूरा विश्वास है और हम भारत के संविधान में निहित सिद्धांतों, प्रावधानों और प्रथाओं पर मोदी सरकार के सभी हमलों का विरोध करना जारी रखेंगे। संसद ने शुक्रवार की सुबह वक्फ (संशोधन) विधेयक, 2025 को मंजूरी दे दी। इससे पहले 13 घंटे से अधिक समय तक चली बहस के बाद राज्यसभा ने इस विवादास्पद विधेयक को मंजूरी दे दी थी। चर्चा में विपक्षी दलों की ओर से कड़ी आपत्ति जताई गई।

## वक्फ बिल का समर्थन करना नीतीश को पड़ा भारी, विरोध में इन नेताओं ने दिया इस्तीफा

पटना. (आरएनएस)। वक्फ संशोधन बिल लोकसभा के बाद अब राज्यसभा में भी पास हो गया है. अब इस बिल को राष्ट्रप्रति के पास भेजा जाएगा, जहां मंजूरी मिलने के बाद यह कानून बन जाएगा. दोनों सदनों में पास होने से पहले इस बिल पर लंबी-चौड़ी बहस हुई. पक्ष और विपक्ष के नेताओं ने अपनी-अपनी राय रखी. इसी बीच बिहार की सियासत में घमासान मच गया है. वक्फ बिल का समर्थन करने की वजह से नीतीश कुमार की पार्टी में मुस्लिम नेताओं में नाराजगी खुलकर सामने आ गई है. एक के बाद एक मुस्लिम नेता जेडीयू से इस्तीफा दे रहे हैं. जेडीयू के अल्पसंख्यक विभाग के प्रदेश महासचिव मोहम्मद तबरेज सिद्दीकी अलीग ने पार्टी से इस्तीफा दिया है. नीतीश कुमार के लिए यह बड़ा झटका है. मोहम्मद अलीग ने पार्टी के प्राथमिक सदस्य एवं अन्य



जिम्मेदारियों से इस्तीफा देते हुए सीएम नीतीश कुमार को त्यागपत्र लिखा है. उन्होंने अपने त्यागपत्र में लिखा कि वक्फ संशोधन बिल के प्रति नीतीश पार्टी के समर्थन ने मेरे विश्वास को गहरा आघात पहुंचाया. इसकी प्रतिलिपि जेडीयू के प्रदेश अध्यक्ष उमेश कुशवाहा को भी भेज दी गई है. जेडीयू नेता अफजल अब्बास का कहना है कि वक्फ बिल को लेकर मुस्लिम आवाम काफी गुस्से में है. अब्बास बिहार में शिया वक्फ बोर्ड के चेयरमैन भी है. उन्होने कहा है कि नीतीश कुमार से मुस्लिम समाज नाराज है. बता दें कि जेडीयू के कई मुस्लिम नेताओं ने पहले ही साफ कर दिया था कि वे इस बिल के खिलाफ है. बिल का विरोध करते हुए नवाज मलिक ने इसके समर्थन को गलत बताया है. इससे पहले जेडीयू के नेता कासिम अंसारी ने इस्तीफा दे दिया था.




जबलपुर ( नगर प्रतिनिधि )। थाना प्रभारी संजीवनीनगर श्री बी.डी. द्विवेदी ने बताया कि विश्वसनीय मुखबिर से सूचना मिली कि एक व्यक्ति रजिस्ट्री आफ्सि के सामने स्थित रोड़ एवं प्लाट में संदिग्ध अवस्था में पिस्टल लिये गम्भीर अपराध करने की फिराक में घूम रहा है सूचना पर मुखबिर के बताये स्थान पर दबिश दी गई तृप्ति लेंड मार्क प्लाटिंग के आगे रोड़ पर मुखबिर के बताये हुलिये का व्यक्ति पुलिस को देखकर भागने का प्रयास जिसे घेराबंदी कर पकड़ा गया, जिसने पूछताछ पर अपना नाम देवेन्द्र बर्मन उम्र 30 वर्ष निवासी नोनी पंचायत ग्राम खमदेही थाना पाटन बताया,

### भरतपुर, हिंडौन सिटी व सवाई माधोपुर स्टेशनों के अधोसरंचना निर्माण कार्यों का किया निरीक्षण

# पश्चिम मध्य रेल महाप्रबंधक द्वारा भरतपुर-कोटा रेलखण्ड का संरक्षा निरीक्षण किया







जबलपुर (नगर प्रतिनिधि)। कोटा मंडल में पश्चिम मध्य रेल महाप्रबंधक श्रीमती शोभना बंदोपाध्याय ने भरतपुर-कोटा रेलखण्ड का संरक्षा निरीक्षण किया साथ ही उक्त खण्ड पर अमृत भारत स्टेशन योजना के तहत निर्माणाधीन भरतपुर, हिंडौन सिटी व सवाई माधोपुर स्टेशनों की प्रगति का भी निरीक्षण किया। जीएम ने निरीक्षण के दौरान गाड़ी संचालन से जुड़े सभी संरक्षा मानकों, ट्रैक, ब्रिजों, ओएचई एवं समपार फाटको का अवलोकन किया।

उल्लेखनीय है कि अमृत भारत स्टेशन योजना के तहत मंडल में कुल 17 स्टेशनों का कायाकल्प किया जा रहा है जिसमे भरतपुर 31.14 करोड़, हिंडौन सिटी 19.30 करोड़ एवं सवाई माधोपुर 43.2 करोड़ की लागत से किया जा रहा है इन स्टेशनों पर कार्य एडवांस स्टेज पर है। महाप्रबंधक श्रीमती बंदोपाध्याय ने डीआरएम श्री अनिल कालरा एवं संबंधित अधिकारियों के साथ भरतपुर स्टेशन पर यात्री सुविधाओं का निरीक्षण किया। साथ ही निर्माणाधीन स्टेशन का निर्धारित मॉडल एवं ले-आउट प्लान के अनुसार किए जा रहे कार्य की भी जानकारी ली। भरतपुर स्टेशन पर नवनिर्मित यात्री प्रतीक्षालय एवं टिकट बुकिंग कार्यालय का निरीक्षण किया। भरतपुर स्टेशन पर ट्रेन संचालन से जुड़े रूट रिले इंटरलाकिंग सिस्टम का भी निरीक्षण किया। तत्पश्चात जीएम ने हिंडौन सिटी स्टेशन के पुनर्विकास कार्य की प्रगति का निरीक्षण किया साथ ही स्टेशन यार्ड के प्वांट्स व क्रासिंग के संरक्षा मानकों का अवलोकन किया। इसके अतिरिक्त स्टेशन परिसर में पौधारोपण किया और इंजीनियरिंग विभाग के ट्रैकमेंटेनर कर्मचारियों से संवाद किया।

अंत में जीएम ने सवाई माधोपुर स्टेशन के निर्माण कार्यों का निरीक्षण किया साथ ही निर्धारित मानकों के साथ समय पर गुणवत्तायुक्त कार्य करने के निर्देश दिए। साथ ही माधोपुर में स्टेशन परिसर एवं लोको पायलट एवं गार्ड रनिंग रूम में रनिंग स्टाफ को प्रदत सुविधाओं का निरीक्षण कर जायजा लिया।

निरीक्षण के दौरान जनप्रतिनिधियों ने मुलाकात कर महाप्रबंधक को ज्ञापन दिए। जिस पर विचार करने का जीएम द्वारा आश्वासन दिया गया। निरीक्षण के दौरान महाप्रबंधक मीडिया कर्मियों से भी रु-ब-रु हुई। महाप्रबंधक के निरीक्षण के दौरान डीआरएम श्री अनिल कालरा सहित प्रमुख मुख्य इंजीनियर श्री आशुतोष, प्रमुख मुख्य संकेत एवं दूर संचार इंजीनियर श्री एकनाथ मोहकर, प्रमुख मुख्य विधुत इंजीनियर श्री मुकेश एवं मंडल के संबंधित विभागों के शाखा अधिकारीगण मौजूद रहे।

# चैत्रमास षष्ठी के अवसर पर झंडा यात्रा सम्पन्न



जबलपुर (नगर प्रतिनिधि)। समाज सेवी मानव वीरेन्द्र घनघोरिया के नेतृत्व में चैत्रमास षष्ठी के प्रतिवर्षानुसार निकाली जाने वाली झंडा यात्रा फूटाताल खटीक मोहल्ला से प्रारंभ होकर नगर के विभिन्न मार्गो से होती हुई गंजीपुरा चौक पहुँची। जहाँ भाजपा नेत्री आभा साहू के नेतृत्व में झंडा यात्रा का भव्य स्वागत किया गया। इस अवसर पर संदीप जैन (समरसता संगठन के अध्यक्ष), मनोज सेठ, दीपक साहू, संजय सागर, आलोक पाठक, विलोम पाठक, मुकेश रूसिया, धीरज साहू, संजय जायसवाल, सौरभ गुप्ता, प्रकाश दाहिया, विपिन रैकवार, रम्मू यादव, प्रशांत नगाईच, सुनील सरजू साहू सहित अनेक क्षेत्रीय गणमान्य नागरिकों ने पुष्प वर्षा कर सभी झांकियों को सम्मानित किया एवं मानव घनघोरिया और वीरेन्द्र घनघोरिया को पुष्पमाला और श्रीराम नाम पट्टा पहनाकर स्वागत किया ।

# सनातन धर्म महासभा द्वारा रामनवमीं पर दिव्य शोभायात्रा

**समरसता सेवा संगठन द्वारा सभी से सम्मिलित होकर भव्यता प्रदान करने की अपील मालवीय चौक पर होगा**

जबलपुर /श्री सनातन धर्म महासभा एवं श्री राममंदिर मदन महल के संयुक्त तत्वावधान में मर्यादा पुरुषोत्तम भगवान श्री राम के पावन प्राकट्योत्सव पर इस वर्ष भी संस्कारधानी जबलपुर में साकेतवासी महामंडलेश्वर पूज्य महंत रामचन्द्रदास जी शास्त्री द्वारा स्थापित परंपरानुसार इस 45 वें वर्ष में भगवान श्रीराम के जीवन पर आधारित भव्य एवं आकर्षक शोभायात्रा रविवार 06 अप्रैल 2025 को सायं 6.00 बजे से श्री सनातन धर्म तिराहा (पुराने मोटर स्टैंड) से संरक्षक एवं प्रेरणास्त्रोत अनंत श्री विभूषित रामरंगी द्वाराचार्य नृसिंह पीठाधीश्वर जगद्गुरु डॉ स्वामी नरसिंगदेवाचार्य जी महाराज के पावन सानिध्य व नगर के सभी पूज्य संतों की उपस्थिति में निकाली जाएगी। शोभायात्रा श्री सनातन धर्म तिराहा (पुराना मोटर स्टैंड) से प्रारंभ होकर नगर निगम चौक,मालवीय चौक, लार्डगंज चौक,बड़ा फुहारा, कमानिया गेट से कोतवाली,मिलौनीगंज चौक होते हुए श्री रामलीला मंच गोविंदगंज में विशाल धर्म सभा के साथ विश्राम लेगी। शोभायात्रा में भगवान श्री राम की सजीव झांकियां व स्वरूपों का मनोहारी प्रदर्शन होगा। समरसता सेवा संगठन के अध्यक्ष संदीप जैन ने बताया कि संगठन द्वारा मालवीय चौक पर इस दिव्य शोभा यात्रा का भव्य स्वागत किया जाएगा। सभी संस्कारधानी वासी धर्मानुरागियों से आग्रह है कि भारतीय वेशभूषा में अपने अपने परिवार ईष्ट मित्रों सहित शोभायात्रा में शामिल होकर प्रभु श्री राम जी की कृपा व पुण्य लाभ अर्जित करें ।

# महान सम्राट अशोक के जयंती पर शासकीय जिला अस्पताल एवं शासकीय चिकित्सा महाविद्यालय का नाम करने ज्ञापन सोपा गया



जबलपुर (नगर प्रतिनिधि)। कुशवाह युवा संघ के अध्यक्ष रविंद्र कुशवाहा ने प्रेस विज्ञप्ति जारी करते हुए बताया की प्रबुद्ध कुशवाहा समाज जबलपुर के द्वारा एक ज्ञापन मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री के नाम पर जिला कलेक्टर महोदय दीपक सक्सेना जी को ज्ञापन सौंपा गया जिसमें मांग की गई की चक्रवर्ती राजा महान सम्राट अशोक के नाम पर शासकीय जिला चिकित्सा अस्पताल एवं शासकीय जिला महाविद्यालय का नाम महान सम्राट अशोक के नाम पर नामकरण किया जाए एवं सम्राट अशोक की जयंती पर एक दिवसीय अवकाश घोषित किया जाए महान सम्राट अशोक के जयंती पर कुछ प्रदेशों में पहले से अवकाश घोषित है हम सब मांग करते हैं कि मध्य प्रदेश सरकार द्वारा मध्य प्रदेश में भी महान सम्राट अशोक जयंती पर अवकाश घोषित किया जाए इन्हीं मांगों को लेकर ज्ञापन सोपा गया ज्ञापन सौंपते वक्त प्रबुद्ध कुशवाहा समाज जबलपुर के अध्यक्ष एडवोकेट मनोज कुशवाहा ,कुशवाह युवा संघ के अध्यक्ष रविंद्र कुशवाहा, राम भजन नीलू कुशवाहा, शुभम कुशवाहा,सौरभ पटेल, शुभम सोनी, दिग्विजय ,अंकित बर्मन, संतोष कुशवाहा अनु कुशवाहा एवं समाज के पदाधिकारी उपस्थित रहे

---

**कार्यालय संभागीय अधिकारी संभाग क्रमांक-10,रांझी नगर निगम जबलपुर**

पत्र क्रं. -125, सं.अधि./ रांझी/10 / 2025-26 दिनांक 25.03.2025

**भवन नाम परिवर्तन सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है, कि **1. श्री धीरज कुमार वर्मा, पिता- सूर्यनाथ वर्मा, 2. श्री उज्जवल कुमार नाबालिग, पिता- अशोक कुमार बलि, 3. श्री मनोज कुमार, पिता- त्रिलोकी नाथ वर्मा,** ने मकान नं. एन.बी.- 681,पी.एच.एन. 57 पिन नं. 1004054515 **वार्ड लाला लाजपत राय वार्ड,** क्षेत्रफल 1125 व.फु., **आधार कार्ड, शपथपत्र, पंजीकृत विक्रयपत्र,** के आधार पर नगर निगम के कम्प्यूटर रिकार्ड में दर्ज भवन स्वामी-श्री अरविन्द सिंह, पिता- श्री नानक सिंह, मकान नं. एन.बी.- 681,पी.एच.एन. 57 पिन नं. 1004054515 द्वारा प्रदत मकान नम्बर पर नामांतरण हेतु आवेदन दिया जाता है। अत: जिस किसी को उक्त नामांतरण पर आपत्ति हो तो वे इस प्रकाशन की तिथि से 15 दिन के अंदर कार्यालय **संभाग क्रमांक-10 रांझी** में प्रमाण सहित आपत्ति प्रस्तुत करें।

**संभागीय अधिकारी संभाग-10 रांझी नगर निगम जबलपुर**

---

**कार्यालय संभागीय अधिकारी संभाग क्रमांक-1,गढ़ा नगर निगम जबलपुर**

पत्रांक-स.अधि./01/गढ़ा 2025
एम. 589/ 2024/2025 दिनांक 26.03.2025

**भवन नाम परिवर्तन सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है, **श्री दुर्गेश केशरवानी, पिता- श्री बनवारी लाल केशरवानी** ने फ्लैट क्रं. 702 पिन क्र. 1000510118 का भाग **वार्ड क्र. 06, वार्ड इंदिरा गांधी** के पंजीकृत गृह स्वामी (कम्प्यूटर प्रविष्ठि अनुसार)श्री अजय दुबे, पिता- स्व. श्री के.के. दुबे, एवं श्रीमति अंजु दुबे, पति- श्री सुनील दुबे, सतवीं मंजिल 772 व.फु., **विक्रयपत्र,** के आधार पर नगर निगम द्वारा प्रदत्त मकान नं.पर नामांतरण हेतु आवेदन दिया है। जिस किसी को भी उक्त नामांतरण पर आपत्ति हो तो वे इस प्रकाशन की तिथि से 15 दिन के अंदर **कार्यालय संभाग क्रमांक -1 गढ़ा** में प्रमाण सहित आपत्ति प्रस्तुत करें। अन्यथा अवधि समाप्त होने के पश्चात प्रार्थना पत्र प्रस्तुतकर्त्ता का नाम कम्प्यूटर रिकार्ड में अंकित कर दिया जायेगा। नामान्तरण होने के पश्चात किसी भी प्रकार की आपत्ति विचारणीय नहीं होगी।

**संभागीय अधिकारी संभाग-1 गढ़ा नगर निगम जबलपुर**

---

**कार्यालय संभागीय अधिकारी संभाग क्रमांक-1,गढ़ा नगर निगम जबलपुर**

पत्रांक-स.अधि./01/गढ़ा 2025
एम. 588/ 2024/2025 दिनांक 26.03.2025

**भवन नाम परिवर्तन सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है, **1. श्री अमित कुमार अग्रवाल, पिता श्री एस.पी. अग्रवाल, 2. श्रीमती गौरी अग्रवाल, पति श्री अमित कुमार अग्रवाल** ने फ्लैट क्रं. 709 पिन क्र. 1000510118 का भाग **वार्ड क्र. 06, वार्ड इंदिरा गांधी** के पंजीकृत गृह स्वामी (कम्प्यूटर प्रविष्ठि अनुसार)श्री अजय दुबे, पिता- स्व. श्री के.के. दुबे, एवं श्रीमति अंजु दुबे, पति- श्री सुनील दुबे, सतवीं मंजिल 1063 व.फु., **विक्रयपत्र,** के आधार पर नगर निगम द्वारा प्रदत्त मकान नं.पर नामांतरण हेतु आवेदन दिया है। जिस किसी को भी उक्त नामांतरण पर आपत्ति हो तो वे इस प्रकाशन की तिथि से 15 दिन के अंदर **कार्यालय संभाग क्रमांक -1 गढ़ा** में प्रमाण सहित आपत्ति प्रस्तुत करें। अन्यथा अवधि समाप्त होने के पश्चात प्रार्थना पत्र प्रस्तुतकर्त्ता का नाम कम्प्यूटर रिकार्ड में अंकित कर दिया जायेगा। नामान्तरण होने के पश्चात किसी भी प्रकार की आपत्ति विचारणीय नहीं होगी।

**संभागीय अधिकारी संभाग-1 गढ़ा नगर निगम जबलपुर**

---

**कार्यालय संभागीय अधिकारी संभाग क्रमांक-1,गढ़ा नगर निगम जबलपुर**

पत्रांक-स.अधि./01/गढ़ा 2025
एम. 587/ 2024/2025 दिनांक 26.03.2025

**भवन नाम परिवर्तन सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है, **श्री संजय असाटी, पिता- श्री गोरे लाल असाटी** ने फ्लैट क्रं. ए/बी-120 पिन क्र. 1000500002 का भाग **वार्ड क्र. 06, वार्ड इंदिरा गांधी** के पंजीकृत गृह स्वामी (कम्प्यूटर प्रविष्ठि अनुसार)मेसर्स यश बिल्डर्स श्री संजय खेता, पिता- श्री व्ही.एस. खेता, प्रथमतल 627 व.फु., **विक्रयपत्र,** के आधार पर नगर निगम द्वारा प्रदत्त मकान नं.पर नामांतरण हेतु आवेदन दिया है। जिस किसी को भी उक्त नामांतरण पर आपत्ति हो तो वे इस प्रकाशन की तिथि से 15 दिन के अंदर **कार्यालय संभाग क्रमांक -1 गढ़ा** में प्रमाण सहित आपत्ति प्रस्तुत करें। अन्यथा अवधि समाप्त होने के पश्चात प्रार्थना पत्र प्रस्तुतकर्त्ता का नाम कम्प्यूटर रिकार्ड में अंकित कर दिया जायेगा। नामान्तरण होने के पश्चात किसी भी प्रकार की आपत्ति विचारणीय नहीं होगी।

**संभागीय अधिकारी संभाग-1 गढ़ा नगर निगम जबलपुर**

---

**कार्यालय संभागीय अधिकारी संभाग क्रमांक-1,गढ़ा नगर निगम जबलपुर**

पत्रांक-स.अधि./01/गढ़ा 2025
एम. 586/ 2024/2025 दिनांक 26.03.2025

**भवन नाम परिवर्तन सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है, **श्रीमती नीलिमा खैरवार, पति- श्री लोकेश खैरवार** ने भूखंड क्रं. 30 पिन क्र. 1002897988 का भाग **वार्ड क्र. 16, वार्ड महाराणा प्रताप** के पंजीकृत गृह स्वामी (कम्प्यूटर प्रविष्ठि अनुसार)श्रीमती स्मृति तिवारी, पति- श्री आशुतोष तिवारी, क्षेत्रफल 1000 व.फु., **विक्रयपत्र,** के आधार पर नगर निगम द्वारा प्रदत्त मकान नं.पर नामांतरण हेतु आवेदन दिया है। जिस किसी को भी उक्त नामांतरण पर आपत्ति हो तो वे इस प्रकाशन की तिथि से 15 दिन के अंदर **कार्यालय संभाग क्रमांक -1 गढ़ा** में प्रमाण सहित आपत्ति प्रस्तुत करें। अन्यथा अवधि समाप्त होने के पश्चात प्रार्थना पत्र प्रस्तुतकर्त्ता का नाम कम्प्यूटर रिकार्ड में अंकित कर दिया जायेगा। नामान्तरण होने के पश्चात किसी भी प्रकार की आपत्ति विचारणीय नहीं होगी।

**संभागीय अधिकारी संभाग-1 गढ़ा नगर निगम जबलपुर**

---

**कार्यालय संभागीय अधिकारी संभाग क्रमांक-1,गढ़ा नगर निगम जबलपुर**

पत्रांक-स.अधि./01/गढ़ा 2025
एम. 585/ 2024/2025 दिनांक 25.03.2025

**भवन नाम परिवर्तन सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है, **1. श्रीमति संध्या एल्बर्ट, पति- स्व. श्री संजय सोलोमन अल्बर्ट, 2. श्री गौरव आशीष अल्बर्ट, पिता- स्व. श्री संजय सोलोमन अल्बर्ट,** ने भवन क्रं. 1900/ई.डब्ल्यू.एस.-07 पिन क्र. 1000498116 **वार्ड क्र. 16, वार्ड महाराणा प्रताप** के पंजीकृत गृह स्वामी (कम्प्यूटर प्रविष्ठि अनुसार)श्री संजय अलबर्ट,पिता- हरीस अलबर्ट, भूतल 450 व.फु., प्रथमतल 300 व.फु., **शपथपत्र, मृत्यु प्रमाण पत्र,** के आधार पर नगर निगम द्वारा प्रदत्त मकान नं.पर नामांतरण हेतु आवेदन दिया है। जिस किसी को भी उक्त नामांतरण पर आपत्ति हो तो वे इस प्रकाशन की तिथि से 15 दिन के अंदर **कार्यालय संभाग क्रमांक -1 गढ़ा** में प्रमाण सहित आपत्ति प्रस्तुत करें। अन्यथा अवधि समाप्त होने के पश्चात प्रार्थना पत्र प्रस्तुतकर्त्ता का नाम कम्प्यूटर रिकार्ड में अंकित कर दिया जायेगा। नामान्तरण होने के पश्चात किसी भी प्रकार की आपत्ति विचारणीय नहीं होगी।

**संभागीय अधिकारी संभाग-1 गढ़ा नगर निगम जबलपुर**

---

**कार्यालय संभागीय अधिकारी संभाग क्रमांक-1,गढ़ा नगर निगम जबलपुर**

पत्रांक-स.अधि./01/गढ़ा 2025
एम. 584/ 2024/2025 दिनांक 25.03.2025

**भवन नाम परिवर्तन सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है, **श्री दिवेश यादव, पिता- श्री अशोक यादव** ने भवन क्रं. एल.आई.जी.- ए-11 पिन क्र. 1000596613 **वार्ड क्र. 01, वार्ड गढ़ा** के पंजीकृत गृह स्वामी (कम्प्यूटर प्रविष्ठि अनुसार)श्री देवेन्द्र कोरी, भूतल 400 व.फु., **शपथपत्र, सहमति शपथ पत्र, मृत्यु प्रमाण पत्र,** के आधार पर नगर निगम द्वारा प्रदत्त मकान नं.पर नामांतरण हेतु आवेदन दिया है। जिस किसी को भी उक्त नामांतरण पर आपत्ति हो तो वे इस प्रकाशन की तिथि से 15 दिन के अंदर **कार्यालय संभाग क्रमांक -1 गढ़ा** में प्रमाण सहित आपत्ति प्रस्तुत करें। अन्यथा अवधि समाप्त होने के पश्चात प्रार्थना पत्र प्रस्तुतकर्त्ता का नाम कम्प्यूटर रिकार्ड में अंकित कर दिया जायेगा। नामान्तरण होने के पश्चात किसी भी प्रकार की आपत्ति विचारणीय नहीं होगी।

**संभागीय अधिकारी संभाग-1 गढ़ा नगर निगम जबलपुर**

---

**कार्यालय संभागीय अधिकारी संभाग क्रमांक-1,गढ़ा नगर निगम जबलपुर**

पत्रांक-स.अधि./01/गढ़ा 2025
एम. 583/ 2024/2025 दिनांक 25.03.2025

**भवन नाम परिवर्तन सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है, **श्रीमती सोनम यादव, पति- श्री मनीष यादव** ने भूखंड क्रं. 55 का भाग पिन क्र. 2000003038 **वार्ड क्र. 01, वार्ड गढ़ा** के पंजीकृत गृह स्वामी (कम्प्यूटर प्रविष्ठि अनुसार) श्री समीर खम्परिया, पिता- आई.पी. खम्परिया, क्षेत्रफल 703 व.फु., भूतल 703 व.फु., **विक्रयपत्र,** के आधार पर नगर निगम द्वारा प्रदत्त मकान नं.पर नामांतरण हेतु आवेदन दिया है। जिस किसी को भी उक्त नामांतरण पर आपत्ति हो तो वे इस प्रकाशन की तिथि से 15 दिन के अंदर **कार्यालय संभाग क्रमांक -1 गढ़ा** में प्रमाण सहित आपत्ति प्रस्तुत करें। अन्यथा अवधि समाप्त होने के पश्चात प्रार्थना पत्र प्रस्तुतकर्त्ता का नाम कम्प्यूटर रिकार्ड में अंकित कर दिया जायेगा। नामान्तरण होने के पश्चात किसी भी प्रकार की आपत्ति विचारणीय नहीं होगी।

**संभागीय अधिकारी संभाग-1 गढ़ा नगर निगम जबलपुर**

---

**कार्यालय संभागीय अधिकारी संभाग क्रमांक-1,गढ़ा नगर निगम जबलपुर**

पत्रांक-स.अधि./01/गढ़ा 2025
एम. 581/ 2024/2025 दिनांक 25.03.2025

**भवन नाम परिवर्तन सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है, **श्रीमती कामिनी दुबे, पति- श्री अवधेश दुबे** ने भूखंड क्रं. 35 पिन क्र. 1000491666 का भाग **वार्ड क्र. 16, वार्ड महाराणा प्रताप** के पंजीकृत गृह स्वामी (कम्प्यूटर प्रविष्ठि अनुसार) श्री राजीव मोहन नामदेव, पिता- सी. एल. नामदेव, क्षेत्रफल 1500 व.फु., भूतल 1500 व.फु., प्रथमतल 1500 व.फु., द्वितीयतल 500 व.फु., **विक्रयपत्र,** के आधार पर नगर निगम द्वारा प्रदत्त मकान नं.पर नामांतरण हेतु आवेदन दिया है। जिस किसी को भी उक्त नामांतरण पर आपत्ति हो तो वे इस प्रकाशन की तिथि से 15 दिन के अंदर **कार्यालय संभाग क्रमांक -1 गढ़ा** में प्रमाण सहित आपत्ति प्रस्तुत करें। अन्यथा अवधि समाप्त होने के पश्चात प्रार्थना पत्र प्रस्तुतकर्त्ता का नाम कम्प्यूटर रिकार्ड में अंकित कर दिया जायेगा। नामान्तरण होने के पश्चात किसी भी प्रकार की आपत्ति विचारणीय नहीं होगी।

**संभागीय अधिकारी संभाग-1 गढ़ा नगर निगम जबलपुर**

---

**कार्यालय संभागीय अधिकारी संभाग क्रमांक-1,गढ़ा नगर निगम जबलपुर**

पत्रांक-स.अधि./01/गढ़ा 2025
एम. 580/ 2024/2025 दिनांक 23.03.2025

**भवन नाम परिवर्तन सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है, **1. श्री विनोद सिसोदिया, पिता- स्व. श्री दादू लाल सिंह सिसोदिया, 2. श्रीमती शीला बाई सिसोदिया, पति- स्व. श्री दादू लाल सिंह सिसोदिया,** ने भूखंड क्रं. 05 पिन क्र. 1000705461 **वार्ड क्र. 71, वार्ड वीर दुर्गादास राठौर** के पंजीकृत गृह स्वामी (कम्प्यूटर प्रविष्ठि अनुसार) श्रीमती मंजू खरे, पति- श्री अनिल खरे, क्षेत्रफल 1201 व.फु., भूतल 850 व.फु., प्रथमतल 850 व.फु., **विक्रयपत्र,** के आधार पर नगर निगम द्वारा प्रदत्त मकान नं.पर नामांतरण हेतु आवेदन दिया है। जिस किसी को भी उक्त नामांतरण पर आपत्ति हो तो वे इस प्रकाशन की तिथि से 15 दिन के अंदर **कार्यालय संभाग क्रमांक -1 गढ़ा** में प्रमाण सहित आपत्ति प्रस्तुत करें। अन्यथा अवधि समाप्त होने के पश्चात प्रार्थना पत्र प्रस्तुतकर्त्ता का नाम कम्प्यूटर रिकार्ड में अंकित कर दिया जायेगा। नामान्तरण होने के पश्चात किसी भी प्रकार की आपत्ति विचारणीय नहीं होगी।

**संभागीय अधिकारी संभाग-1 गढ़ा नगर निगम जबलपुर**

---

**कार्यालय संभागीय अधिकारी संभाग क्रमांक-1,गढ़ा नगर निगम जबलपुर**

पत्रांक-स.अधि./01/गढ़ा 2025
एम. 579/ 2024/2025 दिनांक 23.03.2025

**भवन नाम परिवर्तन सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है, **श्री आर्य भारती दीक्षिति, पति- स्व. श्री पंकज दीक्षित** ने भवन क्रं. एम.आई.जी.- बी-123 पिन क्र. 1000490738 **वार्ड क्र. 16, वार्ड महाराणा प्रताप** के पंजीकृत गृह स्वामी (कम्प्यूटर प्रविष्ठि अनुसार) श्री रमेश नारायण मुधोलकर, पिता- श्री नारायण मुधोलकर एवं श्री रितेश भवसागर, पिता श्री प्रकाश चंद्र भवसागर, भूतल 1000 व.फु., **विक्रयपत्र, शपथपत्र** के आधार पर नगर निगम द्वारा प्रदत्त मकान नं.पर नामांतरण हेतु आवेदन दिया है। जिस किसी को भी उक्त नामांतरण पर आपत्ति हो तो वे इस प्रकाशन की तिथि से 15 दिन के अंदर **कार्यालय संभाग क्रमांक -1 गढ़ा** में प्रमाण सहित आपत्ति प्रस्तुत करें। अन्यथा अवधि समाप्त होने के पश्चात प्रार्थना पत्र प्रस्तुतकर्त्ता का नाम कम्प्यूटर रिकार्ड में अंकित कर दिया जायेगा। नामान्तरण होने के पश्चात किसी भी प्रकार की आपत्ति विचारणीय नहीं होगी।

**संभागीय अधिकारी संभाग-1 गढ़ा नगर निगम जबलपुर**

---

**कार्यालय संभागीय अधिकारी संभाग क्रमांक-1,गढ़ा नगर निगम जबलपुर**

पत्रांक-स.अधि./01/गढ़ा 2025
एम. 578/ 2024/2025 दिनांक 23.03.2025

**भवन नाम परिवर्तन सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है, **श्रीमती कमलजीत कौर सड्डल, पति - श्री अजीत सिंह सड्डल** ने खसरा क्रं. 87/4 पिन क्र. 1004314623 **वार्ड क्र. 71, वार्ड वीर दुर्गादास राठौर** के पंजीकृत गृह स्वामी (कम्प्यूटर प्रविष्ठि अनुसार) श्री कुलप्रीत सिंह, पिता- श्री जसवीर सिंह, क्षेत्रफल 1142 व.फु., भूतल 150 व.फु., **विक्रयपत्र** के आधार पर नगर निगम द्वारा प्रदत्त मकान नं.पर नामांतरण हेतु आवेदन दिया है। जिस किसी को भी उक्त नामांतरण पर आपत्ति हो तो वे इस प्रकाशन की तिथि से 15 दिन के अंदर **कार्यालय संभाग क्रमांक -1 गढ़ा** में प्रमाण सहित आपत्ति प्रस्तुत करें। अन्यथा अवधि समाप्त होने के पश्चात प्रार्थना पत्र प्रस्तुतकर्त्ता का नाम कम्प्यूटर रिकार्ड में अंकित कर दिया जायेगा। नामान्तरण होने के पश्चात किसी भी प्रकार की आपत्ति विचारणीय नहीं होगी।

**संभागीय अधिकारी संभाग-1 गढ़ा नगर निगम जबलपुर**

---

**कार्यालय संभागीय अधिकारी संभाग क्रमांक-1,गढ़ा नगर निगम जबलपुर**

पत्रांक-स.अधि./01/गढ़ा 2025
एम. 577/ 2024/2025 दिनांक 23.03.2025

**भवन नाम परिवर्तन सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है, **श्री अजीत सिंह सड्डल, पिता- श्री बलवीर सिंह सड्डल** ने खसरा क्रं. 87/4 पिन क्र. 1004299717 **वार्ड क्र. 71, वार्ड वीर दुर्गादास राठौर** के पंजीकृत गृह स्वामी (कम्प्यूटर प्रविष्ठि अनुसार) श्री निर्मल सिंह कलसी, पिता-श्री जसवंत सिंह कलसी, क्षेत्रफल 1141 व.फु., भूतल 150 व.फु., **विक्रयपत्र** के आधार पर नगर निगम द्वारा प्रदत्त मकान नं.पर नामांतरण हेतु आवेदन दिया है। जिस किसी को भी उक्त नामांतरण पर आपत्ति हो तो वे इस प्रकाशन की तिथि से 15 दिन के अंदर **कार्यालय संभाग क्रमांक -1 गढ़ा** में प्रमाण सहित आपत्ति प्रस्तुत करें। अन्यथा अवधि समाप्त होने के पश्चात प्रार्थना पत्र प्रस्तुतकर्त्ता का नाम कम्प्यूटर रिकार्ड में अंकित कर दिया जायेगा। नामान्तरण होने के पश्चात किसी भी प्रकार की आपत्ति विचारणीय नहीं होगी।

**संभागीय अधिकारी संभाग-1 गढ़ा नगर निगम जबलपुर**

---

**कार्यालय संभागीय अधिकारी संभाग क्रमांक-1,गढ़ा नगर निगम जबलपुर**

पत्रांक-स.अधि./01/गढ़ा 2025
एम. 576/ 2024/2025 दिनांक 23.03.2025

**भवन नाम परिवर्तन सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है, **1. श्री कालू राम तिवारी, पिता श्री गणेश प्रसाद, 2. श्रीमती विमला बाई, पति- श्री कालूराम तिवारी, 3. श्री हेमंत कुमार तिवारी, 4. श्री सौरभ कुमार तिवारी, दोनों के पिता- श्री कालू राम तिवारी** ने खसरा क्रं. 706/2 पिन क्र. 1004059973 **वार्ड क्र. 03, वार्ड त्रिपुरी** के पंजीकृत गृह स्वामी (कम्प्यूटर प्रविष्ठि अनुसार) श्री किशन विश्वकर्मा, पिता स्व. श्री सुन्दर लाल विश्वकर्मा एवं श्री अरविन्द विश्वकर्मा, क्षेत्रफल 650 व.फु., भूतल 650 व.फु., **विक्रय पत्र** के आधार पर नगर निगम द्वारा प्रदत्त मकान नं.पर नामांतरण हेतु आवेदन दिया है। जिस किसी को भी उक्त नामांतरण पर आपत्ति हो तो वे इस प्रकाशन की तिथि से 15 दिन के अंदर **कार्यालय संभाग क्रमांक -1 गढ़ा** में प्रमाण सहित आपत्ति प्रस्तुत करें। अन्यथा अवधि समाप्त होने के पश्चात प्रार्थना पत्र प्रस्तुतकर्त्ता का नाम कम्प्यूटर रिकार्ड में अंकित कर दिया जायेगा। नामान्तरण होने के पश्चात किसी भी प्रकार की आपत्ति विचारणीय नहीं होगी।

**संभागीय अधिकारी संभाग-1 गढ़ा नगर निगम जबलपुर**

---

**कार्यालय संभागीय अधिकारी संभाग क्रमांक-1,गढ़ा नगर निगम जबलपुर**

पत्रांक-स.अधि./01/गढ़ा 2025
एम. 575/ 2024/2025 दिनांक 20.03.2025

**भवन नाम परिवर्तन सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है, **काबिज- श्री रणजीत सिंह, पिता- स्व. श्री विचित्र सिंह** ने भवन क्रं. 1646/2 पिन क्र. 1000516123 **वार्ड क्र. 05, वार्ड सरदार वल्लभ भाई पटेल** के पंजीकृत गृह स्वामी (कम्प्यूटर प्रविष्ठि अनुसार) श्री श्याम पवार, पिता- सीताराम पवार, भूतल 420 व.फु. आर.सी.सी., **शपथ पत्र, अपंजीकृत विक्रय पत्र** के आधार पर नगर निगम द्वारा प्रदत्त मकान नं.पर नामांतरण हेतु आवेदन दिया है। जिस किसी को भी उक्त नामांतरण पर आपत्ति हो तो वे इस प्रकाशन की तिथि से 15 दिन के अंदर **कार्यालय संभाग क्रमांक -1 गढ़ा** में प्रमाण सहित आपत्ति प्रस्तुत करें। अन्यथा अवधि समाप्त होने के पश्चात प्रार्थना पत्र प्रस्तुतकर्त्ता का नाम कम्प्यूटर रिकार्ड में अंकित कर दिया जायेगा। नामान्तरण होने के पश्चात किसी भी प्रकार की आपत्ति विचारणीय नहीं होगी।

**संभागीय अधिकारी संभाग-1 गढ़ा नगर निगम जबलपुर**

---

**कार्यालय संभागीय अधिकारी संभाग क्रमांक-1,गढ़ा नगर निगम जबलपुर**

पत्रांक-स.अधि./01/गढ़ा 2025
एम. 574/ 2024/2025 दिनांक 20.03.2025

**भवन नाम परिवर्तन सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है, **श्री अनिल कुमार जैन, पिता- स्व. श्री सुन्दर लाल जैन** ने भवन क्रं. 338 पिन क्र. 1000513376 **वार्ड क्र. 05, वार्ड सरदार वल्लभ भाई पटेल** के पंजीकृत गृह स्वामी (कम्प्यूटर प्रविष्ठि अनुसार) श्रीमती चम्पा बाई जैन, पति- सुन्दर लाल जैन, भूतल 900 व.फु., प्रथमतल 1700 व.फु., द्वितीयतल 1800 व.फु., **शपथ पत्र, मृत्यु प्रमाण पत्र** के आधार पर नगर निगम द्वारा प्रदत्त मकान नं.पर नामांतरण हेतु आवेदन दिया है। जिस किसी को भी उक्त नामांतरण पर आपत्ति हो तो वे इस प्रकाशन की तिथि से 15 दिन के अंदर **कार्यालय संभाग क्रमांक -1 गढ़ा** में प्रमाण सहित आपत्ति प्रस्तुत करें। अन्यथा अवधि समाप्त होने के पश्चात प्रार्थना पत्र प्रस्तुतकर्त्ता का नाम कम्प्यूटर रिकार्ड में अंकित कर दिया जायेगा। नामान्तरण होने के पश्चात किसी भी प्रकार की आपत्ति विचारणीय नहीं होगी।

**संभागीय अधिकारी संभाग-1 गढ़ा नगर निगम जबलपुर**



भोपाल-ऊर्जा मंत्री प्रद्युम्न सिंह तोमर ने बताया है कि मध्यप्रदेश पॉवर जनरेटिंग कंपनी के जल विद्युत गृहों ने वित्तीय वर्ष 2024-25 में मध्यप्रदेश नियामक आयोग द्वारा निर्धारित वार्षिक उत्पादन लक्ष्य को पार करते हुए बेहतरीन प्रदर्शन किया। मध्यप्रदेश विद्युत नियामक आयोग ने पॉवर जनरेटिंग कंपनी के जल विद्युत गृहों के लिए वित्तीय वर्ष 2024-25 में 2694 मिलियन यूनिट विद्युत उत्पादन करने का लक्ष्य निर्धारित किया था। जल विद्युत गृहों ने सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करते हुए 2757 मिलियन यूनिट विद्युत उत्पादन किया। जल विद्युत गृहों द्वारा वर्ष 2020-21 के बाद यह उपलब्धि? हासिल की।

**मुख्यमंत्री ने नई शिक्षा नीति-2020 के अक्षरशः पालन के दिए निर्देश-माध्यमिक शिक्षा मंडल की 10वीं और 12वीं की बोर्ड परीक्षा परिणाम समय पर घोषित हो**

# स्कूली शिक्षा की बेहतरी के लिए किया है पिछले बजट से 3000 करोड़ रुपए अधिक का प्रावधान- मुख्यमंत्री डॉ. यादव



भोपाल (आरएनएस) मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि हर बच्चे की शिक्षा, चिकित्सा और पोषण हमारी सर्वोच्च प्राथमिकता है। प्रदेश के हर विद्यालय में बुनियादी सुविधाएं उपलब्ध रहें, यह सुनिश्चित किया जाए। उन्होंने कहा कि प्रदेश में स्कूली शिक्षा की बेहतरी के लिए हमने विगत वर्ष की तुलना में इस वर्ष 3000 करोड़ रुपए अधिक बजट का प्रावधान किया। हम अपनी शिक्षा व्यवस्था में सभी जरूरी सुधार लाने की दिशा में और अधिक मजबूती से आगे बढ़ेंगे। मुख्यमंत्री डॉ. यादव समत्व भवन (मुख्यमंत्री निवास) में स्कूल शिक्षा विभाग की समीक्षा बैठक को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने विभागीय अधिकारियों को निर्देश दिए कि ग्रीष्मकाल में प्रत्येक शासकीय विद्यालय में विद्यार्थियों के लिए बिजली, पंखा, स्वच्छ व शीतल पेयजल और छात्र-छात्राओं के लिए अलग-अलग शौचालय की व्यवस्थाएं की जाएं। कोई भी शाला जर्जर हालत में न रहे। सभी विद्यार्थियों को अध्ययन के लिए एक अच्छा माहौल और प्रोत्साहन देने वाला परिवेश उपलब्ध करायें, ताकि बच्चे खुशी-खुशी विद्यालय पहुंचे। विभागीय अधिकारी कन्या छात्रावास में महिला अधिकारी की नियुक्ति, स्कूलों में मध्यान्ह भोजन के प्रबंधन पर भी विशेष ध्यान दें।

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि प्रदेश की शिक्षा व्यवस्था नई जरूरतों के मुताबिक सुधार लाने के लिए सांदीपनि विद्यालय (सीएम राइज स्कूल) जैसे क्रांतिकारी नवाचार किए गए हैं। उन्होंने कहा कि सांदीपनि विद्यालय देश में एक आदर्श विद्यालय (मॉडल स्कूल) बनकर उभरें, इसके लिए सभी जरूरी तैयारियां और प्रयास किए जाएं। उन्होंने अधिकारियों को शिक्षा नीति-2020 के अक्षरशः पालन करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि अन्य राज्यों में लागू नई शिक्षा नीति के मॉडल का अध्ययन कर कार्य योजना तैयार की जाए।

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि राज्य की शिक्षा व्यवस्था को नई ऊंचाईयों तक ले जाने के लिए हमारी सरकार स्कूलों में आधारभूत संरचनाओं व सुविधाएं उपलब्ध कराने के लिए प्रतिबद्ध होकर प्रयासरत है। उन्होंने जर्जर स्कूल भवनों की मरम्मत कार्य में स्थानीय पूर्व सांसद और पूर्व विधायक, समाजसेवी संस्थाओं, पूर्व छात्रों एवं सीएसआर फंड से भी सहयोग लेने का सुझाव दिया। उन्होंने कहा कि स्कूलों में आर्थिक या व्यवस्थागत सुधार में मदद करने वालों का सरकार सम्मान करेगी। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने अधिकारियों को विधानसभा वार जर्जर स्कूल भवनों की जानकारी एकत्रित करने का निर्देश दिया, ताकि विद्यालयों के अधोसंरचना विकास कार्यों में विधायक निधि से भी सहयोग लिया जा सके।

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने निर्देशित किया कि मध्यप्रदेश माध्यमिक शिक्षा मंडल की 10वीं और 12वीं बोर्ड परीक्षाओं के वार्षिक परिणाम समय पर घोषित किए जायें। बताया गया कि माध्यमिक शिक्षा मंडल द्वारा इस वर्ष आगामी मई माह के प्रथम सप्ताह में ही रिजल्ट घोषित करने की तैयारी की जा रही है।

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने प्राथमिक स्कूल स्तर से ही बच्चों को आदर्श पारिवारिक मूल्यों की नैतिक शिक्षा देने के लिए उचित प्रबंध करने पर विशेष जोर दिया। उन्होंने कहा कि इस उद्देश्य की पूर्ति के लिए विद्या भारती, गायत्री परिवार और आर्ट ऑफ लिविंग जैसी संस्थाओं को प्राथमिक और माध्यमिक स्कूलों से जोड़ा जाए। बाल्यकाल में प्राथमिक कक्षा से ही विद्यार्थियों में संस्कारों के विकास का क्रम जारी रहना चाहिए।

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि शिक्षा में सुधार के लिए सुझावों का सरकार स्वागत करेगी। मिले सुझावों पर विचार-विमर्श के लिए, विशेषज्ञों के साथ शीघ्र ही एक बैठक आयोजित की जाएगी। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने वित्त विभाग, स्कूल शिक्षा, उच्च शिक्षा, चिकित्सा शिक्षा, तकनीकी शिक्षा, रोजगारपरक व्यावसायिक शिक्षा (कौशल विकास), जनजातीय कार्य, महिला एवं बाल विकास विभाग के मंत्रीगण की एक समिति बनाकर संयुक्त बैठक आयोजित करने और शैक्षिक सुधार की कार्य योजना तैयार करने के निर्देश दिए। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि शासकीय विद्यालयों में भोजन की उपलब्धता और गुणवत्ता का विशेष ध्यान रखा जाए। साथ ही बोर्ड परीक्षा में शत-प्रतिशत रिजल्ट देने वाली स्कूलों को अपग्रेड किया जाए। बैठक में बताया गया कि प्रदेश की प्रत्येक विधानसभा में एक सांदीपनि विद्यालय (सीएम राइज) संचालित किया जा रहा है। इन स्कूलों के नवीन भवनों के निर्माण कार्य भी प्रगति पर हैं। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि सांदीपनि विद्यालय देश में ऐसे आदर्श विद्यालय बनाने हैं, जहां पढ़ाई के साथ-साथ बच्चों को खेल-कूद, कला-संस्कृति एवं छात्रों के समग्र विकास का प्रशिक्षण दिया जाए। उन्होंने कहा कि वर्तमान में सांदीपनि विद्यालयों में 145 बसें संचालित की जा रही हैं।

## पोषण भी, पढ़ाई भी : आंगनवाड़ी केंद्रों में समग्र विकास की नई दिशा

भोपाल (आरएनएस)। बाल्यावस्था केवल खेल-कूद और मस्ती का समय नहीं है, बल्कि यह जीवन की आधारशिला रखने वाला महत्वपूर्ण दौर भी है। गर्भधारण से लेकर छह वर्ष की आयु तक का समय बच्चे के मानसिक, शारीरिक और सामाजिक विकास के लिए बेहद अहम होता है। विशेष रूप से पहले 1000 दिन, गर्भ के नौ महीने और जन्म के बाद के दो साल, बच्चे के भविष्य की नींव मजबूत करने में निर्णायक भूमिका निभाते हैं। इस दौरान सही पोषण के साथ-साथ संज्ञानात्मक विकास के अवसर भी उतने ही आवश्यक होते हैं।

संयुक्त परिवारों की घटती संख्या और बदलते सामाजिक परिवेश के कारण अब घर में बच्चों को पारंपरिक रूप से मिलने वाला सहज शिक्षण प्रभावित हो रहा है। इसी कमी को पूरा करने के लिए आंगनवाड़ी केंद्रों को सशक्त बनाया जा रहा है, जहां गर्भवती महिलाओं, शिशुवती माताओं और छह वर्ष तक के बच्चों को पोषण आहार के साथ-साथ प्रारंभिक शिक्षा दी जाती है।

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव का मानना है कि बच्चों के उज्जवल भविष्य के लिये न सिर्फ माता-पिता की बल्कि समाज की भागीदारी भी आवश्यक है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में सक्षम आंगनवाड़ी की पोषण भी, पढ़ाई भी अभियान की शुरूआत 10 मई 2023 को की गई थी। इसका उद्देश्य प्रारंभिक बाल्यावस्था में देखभाल और शिक्षा पर आंगनवाड़ी प्रणाली का ध्यान केन्द्रित करना है। साथ ही आंगनवाड़ी केन्द्र को उच्च गुणवत्ता वाली बुनियादी सुविधाओं खेल के उपकरण और विधिवत प्रशिक्षित आंगनवाड़ी कार्यकर्ताओं के साथ एक शिक्षण केन्द्र में परिवर्तित करना भी इसका उद्देश्य है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव मानते है कि अच्छा पोषण न केवल शारीरिक वृद्धि बल्कि मानसिक विकास और सीखने की क्षमता को भी बढ़ावा देता है। पोषण भी, पढ़ाई भी कार्यक्रम के माध्यम से महिला एवं बाल विकास विभाग यह सुनिश्चित कर रहा है कि हमारे नौनिहालों को एक सकारात्मक, स्वच्छ वातावरण मिले, जहाँ वे सीखने और बढ़ने के लिए प्रेरित हों। यह हम सभी की जिम्मेदारी है कि बच्चों के सर्वांगीण विकास के लिए मिलकर प्रयास करें। यदि हम बचपन में ही बच्चों को सही पोषण और सीखने के पर्याप्त अवसर दें, तो न केवल उनके स्वास्थ्य बल्कि उनके उज्जवल भविष्य की नींव मजबूत कर सकते हैं। पोषण भी पढ़ाई भी एक ऐसा अभियान है जिसके साथ जुड़ कर हम अपनी भावी पीढ़ियों को सशक्त बना सकते है और एक स्वस्थ, शिक्षित समाज का निर्माण करने में अहम भूमिका निभा सकते है ।

# विद्यालय और कक्षा से दूरी नहीं बनायें विद्यार्थी- मंत्री पटेल

भोपाल-(आरएनएस) पंचायत एवं ग्रामीण विकास व श्रम मंत्री श्री प्रहलाद सिंह पटेल स्कूल चले हम'' अभियान के अंतर्गत तीसरे दिन गुरुवार को शासकीय उच्चतर माध्यमिक शाला करपानी में शाला उत्सव कार्यक्रम में शामिल हुए। उन्होंने बच्चों को प्रेरणादायी बातें बताई और उनका हौसला बढ़ाया। मंत्री श्री पटेल ने विद्यार्थियों से आत्मीय संवाद कर उनके जीवन के लक्ष्य के बारे में जाना। उन्होंने कहा कि मन में कोई जिज्ञासा बचा कर नहीं रखें। सवाल पूछने की आदत अपने जीवन में शामिल करें। मंत्री श्री पटेल व अन्य अतिथियों ने विद्यार्थियों को निःशुल्क पाठ्य- पुस्तकों का वितरण किया। इस अवसर पर जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीमती ज्योति नीलेश काकोड़िया व उपाध्यक्ष श्रीमती अनीता राजेन्द्र



ठाकुर, पूर्व राज्यमंत्री श्री जालम सिंह पटेल अन्य जनप्रतिनिधि, कलेक्टर श्रीमती शीतला पटले, पुलिस अधीक्षक श्रीमती मृगाखी डेका, सीईओ जिला पंचायत श्री दलीप कुमार सहित अन्य अधिकारी- कर्मचारी, विद्यार्थी, उनके माता- पिता, अभिभावक और ग्रामीणजन मौजूद थे। मंत्री श्री पटेल ने सभी नवप्रवेशी बच्चों का शुभकामनायें देते हुए कहा कि स्कूल चलें हम'' अभियान के तहत आयोजित कार्यक्रम में शामिल होने के लिए ग्रामीण क्षेत्र के स्कूल को चुना। पहले यह छुट्टियों का समय हुआ करता था। मंत्री श्री पटेल ने बताया कि विद्यालय में दर्ज संख्या के अनुसार कई कई विद्यार्थियों के नहीं आने का कारण भी जानकर इस पर विचार करना होगा। इस मामले में स्वयं को भाग्यशाली मानते हुए मंत्री श्री पटेल ने अपने छात्र जीवन के बारे में बताते हुए कहा कि उनके पिताजी ने हमेशा पढ़ाई और खेलों को बराबर महत्व दिया है। उन्होंने विद्यार्थियों से संवाद के दौरान जिला शिक्षा अधिकारी को कॅरियर काउंसलिंग के सत्र आयोजित करने के निर्देश भी दिये। मंत्री श्री पटेल ने विद्यार्थियों से कहा कि आप अपने संकल्प लें कि आप अपने जीवन को बेहतर बनाकर गांव व समाज का नाम रोशन करेंगे। हम नर्मदा तट पर रहने वाले लोग हैं। यहां न जाने कितने परिक्रमावासी प्रतिदिन यहां से गुजरते हैं। हम सिर्फ उनके भोजन व विश्राम की जरूरतें पूरी करते हैं। आप इन परिक्रमावासियों से जब भी मिलें, तो उनसे उनके जीवन के अनुभव और उनकी इस यात्रा के बारे में अवश्य जानें। उन्होंने अपने गुरू परमपूज्य श्री बाबा श्री के कथन रेखायें देशों की बीच हमने खींची हैं

## आदिम जाति कल्याण विभाग के बाबू को सस्पेंड किए जाने पर नारेबाजी, प्रदर्शन

भोपाल (आरएनएस)। राजधानी भोपाल स्थित सतपुड़ा भवन में आदिम जाति कल्याण विभाग के कमिश्नर से नाराज कर्मचारियों ने बुधवार को दफ्तर में जमकर हंगामा कर दिया। कर्मचारियों की नाराजगी एक बाबू को सस्पेंड किए जाने को लेकर थी। नाराज कर्मचारियों की नारेबाजी और प्रदर्शन के बीच आखिरकार अफसरों को समझौता बैठक बुलानी पड़ी। लेकिन प्रदर्शन कर रहे कर्मचारी बंद कमरे में चर्चा करने को लेकर तैयार नहीं हुए। मंत्रालय के समीप सतपुड़ा भवन में यह हंगामा आज सुबह दफ्तर खुलने के साथ शुरू हुआ। इसके बाद एकजुट हुए कर्मचारी अधिकारी के विरुद्ध प्रदर्शन और नारेबाजी करने के लिए एकजुट हो गए। जमकर हंगामे और नारेबाजी के बीच कर्मचारियों के विरोध को देखते हुए दोपहर 12 बजे अधिकारी इस मामले में समझौता बैठक के लिए तैयार हुए। लेकिन कर्मचारी संगठन और कर्मचारी बंद कमरे में बैठक करने के बजाय खुले में चर्चा करने के लिए दबाव बनाते रहे।

घटना को लेकर कर्मचारियों का कहना है कि आज सुबह आदिम जाति कल्याण विभाग के कमिश्नर श्रीमन शुक्ला ने एलडीसी हर्षपाल को फोन किया और कहा कि जल्दी आफिस आ जाओ, आदेश टाइप करना है। बाबू हर्षपाल ने कहा कि आता हूं। इसके बाद वह दस बजे पहुंचा तो कमिश्नर शुक्ला ने उसे डांटते हुए सस्पेंड करने की जानकारी दी और भला बुरा कहा। बोतल उस पर फेंककर मारी।

# प्रदेश में हाई एवं हायर सेकण्डरी स्कूलों में करियर काउंसलिंग की सुविधा

भोपाल (आरएनएस)। प्रदेश में शासकीय हाई एवं हायर सेकण्डरी स्कूलों में कक्षा 9वीं, 10वीं, 11वीं एवं 12वीं के विद्यार्थियों के लिये करियर काउंसलिंग एवं गाइडेंस कार्यक्रम आयोजित किये जा रहे हैं। उचित चयन श्रेष्ठ करियर कार्यक्रम में कक्षा 9वीं एवं 11वीं में जो विद्यार्थी उत्तीर्ण नहीं हो पाये हैं। उनके अभिभावकों को विद्यालय बुलाकर उसी कक्षा में प्रवेश के लिये काउंसलिंग की जा रही है। ऐसे विद्यार्थी जो आगे की पढ़ाई निरंतर नहीं कर पा रहे हैं, उन्हें हार के आगे जीत कार्यक्रम में आईटीआई पाठ्यक्रम, दीनदयाल उपाध्याय ग्रामीण कौशल योजना और प्रधानमंत्री कौशल विकास योजना की जानकारी देकर उन्हें व्यावसायिक शिक्षा से जोड़ने के प्रयास किये जा रहे हैं। इस कार्य के लिये स्कूल शिक्षा विभाग ने समस्त जिला शिक्षा अधिकारियों को मास्टर ट्रेनर और करियर काउंसलर की सेवा लेने के लिये कहा गया है। इस योजना में आवेदकों को अपनी ग्राम पंचायत ग्राम रोजगार सेवक के साथ दाखिला लेने की आवश्यकता है। आवेदक को ट्रेनिंग सेंटर के बारे में जानकारी मिलेगी। इसके लिये आवेदक को आवश्यक पहचान-पत्र, इनमें मतदाता पहचान पत्र, आधार कार्ड एवं अन्य जानकारी रोजगार सेवक को देनी होगी। इस प्रशिक्षण कार्यक्रम में प्रशिक्षण के बाद ऋण उपलब्ध कराने में आवेदक की पूरी मदद दी जायेगी। प्रधानमंत्री कौशल विकास योजना में देशभर में एक करोड़ युवाओं को प्रशिक्षण देने की योजना बनाई गई है। इस योजना में 3 माह, 6 माह और एक साल के लिये युवाओं का रजिस्ट्रेशन किया जाता है। कौशल संबंधी कोर्स पूरा करने के बाद सर्टिफिकेट दिये जाने का प्रावधान है। यह सर्टिफिकेट पूरे देश में मान्य होता है। इस योजना में भी प्रशिक्षण के बाद ऋण प्राप्त करने की सुविधा है। इस योजना में केन्द्र सरकार ने कई टेलिकॉम कंपनियों को इस कार्य के लिये अपने साथ जोड़ रखा है। मोबाइल कंपनियां इस कार्यक्रम से जुड़े लोगों को मेसेज करके एक फ्री टोल नंबर देंगी, जिस पर कॅन्डिडेट को मिस्ड कॉल देना होगा। मिस्ड कॉल के तुरंत बाद आवेदक के पास एक नंबर से कॉल आयेगा, जिससे बाद आवेदक इंटरएक्टिव वॉयस रिस्पांस (आईवीआर) सुविधा से जुड़ जायेगा। इस प्रक्रिया के बाद आवेदक को उसके निवास के आस-पास ट्रेनिंग सेंटर से जोड़ा जायेगा। केन्द्र सरकार का कौशल विकास और उद्यमशीलता मंत्रालय अब तक एक करोड़ 50 लाख से अधिक युवाओं का कौशल उन्नयन कर चुका है। इस योजना में युवाओं को कन्स्ट्रक्शन, इलेक्ट्रॉनिक्स, हार्डवेयर, फुड प्रोसेसिंग, फर्नीचर, हेन्डीक्राफ्ट, जेम्स और ज्वेलरी समेत 40 क्षेत्र की ट्रेनिंग दिये जाने की सुविधा है। स्कूल शिक्षा विभाग के इस कार्यक्रम के लिये जिला शिक्षा अधिकारियों को अपने क्षेत्र के युवाओं को प्रशिक्षण संबंधी जानकारी देने के निर्देश दिये गये हैं।

## एक लाख 25 हजार 631 किसानों से 10 लाख 25 हजार मीट्रिक टन से अधिक हुई गेहूँ खरीदी- खाद्य मंत्री राजपूत

भोपाल (आरएनएस) खाद्य, नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता संरक्षण मंत्री श्री गोविन्द सिंह राजपूत ने बताया है कि न्यूनतम समर्थन मूल्य पर प्रदेश में अभी तक एक लाख 25 हजार 631 किसानों से 10 लाख 25 हजार 735 मीट्रिक टन गेहूँ का उपार्जन किया जा चुका है। किसानों को उपार्जित गेहूँ का भुगतान भी लगातार किया जा रहा है। अभी तक 1794 करोड़ 82 लाख रूपये का भुगतान किसानों को किया जा चुका है। गेहूँ का न्यूनतम समर्थन मूल्य 2425 रूपये है और राज्य सरकार द्वारा 175 रूपये प्रति क्विंटल बोनस दिया जा रहा है। इस तरह से गेहूँ की खरीदी 2600 रूपये प्रति क्विंटल की दर से की जा रही है। जिला उज्जैन में एक लाख 93 हजार 362, सीहोर में एक लाख 61 हजार 737, देवास में 90 हजार 740, शाजापुर में 92 हजार 613, इंदौर में 69 हजार 558, भोपाल में 74 हजार 75, राजगढ़ में 66 हजार 47, मंदसौर 42 हजार 909, आगर मालवा में 40 हजार 550, धार में 33 हजार 249, विदिशा में 54 हजार 474, हरदा में 24 हजार 45, खण्डवा में 16 हजार 654, रतलाम में 19 हजार 743, नीमच में 6362, नर्मदापुरम में 8140, झाबुआ में 5710, रायसेन में 14183, बैतूल में 2431, दमोह में 3557, खरगौन में 565, गुना में 1057, सागर में 1053, नरसिंहपुर में 221, छिंदवाड़ा में 185, अशोकनगर में 119, सिवनी में 1313, सतना में 926, मण्डला में 90, दतिया में 43 और अलीराजपुर में 24, मीट्रिक टन गेहूँ का उपार्जन किया जा चुका है।

**अंतर्राष्ट्रीय पर्यटकों के आकर्षण का केंद्र बनेगा ओरछा**

# ओरछा को मिलेगी वैश्विक पर्यटन मानचित्र पर नई पहचान- प्रमुख सचिव शुक्ला

भोपाल-(आरएनएस) मध्यप्रदेश का ओरछा, अब वैश्विक पर्यटन स्थल के रूप में नई पहचान बनाने की ओर अग्रसर है। अंतर्राष्ट्रीय पर्यटन मानचित्र पर ओरछा को प्रतिष्ठित पर्यटन स्थल के रूप में विकसित करने के लिए पर्यटन मंत्रालय भारत सरकार ने ओरछा में पर्यटन अधोसंरचनाओं और सुविधाओं के विकास के लिए स्वदेश दर्शन योजना 2.0 में 25 करोड़ रूपये की राशि स्वीकृति की है। स्वीकृत राशि से ओरछा में टूरिस्ट एक्सपीरियंस सेंटर, हुनरशाला, एंट्री प्लाजा के साथ यात्रा पथ का विकास किया जाएगा। इसके पहले दिसंबर माह में विरासतों के संरक्षण और संग्रहालयों के विकास आदि के लिए 99.92 करोड़ रूपये स्वीकृत किए गए थे। उल्लेखनीय है कि वर्ष 2027-28 में ओरछा को यूनेस्को विश्व धरोहर के रूप में मान्यता दिए जाने के लिए, केंद्र सरकार ने यूनेस्को को सिफारिश की है। साथ ही ओरछा को यूनेस्को की एच.यू.एल. (हिस्टोरिकल अर्बन लैंडस्केप) पहल के तहत चुना गया है। प्रमुख सचिव पर्यटन और संस्कृति एवं प्रबंध संचालक टूरिज्म बोर्ड श्री शिवशेखर शुक्ला ने बताया कि पर्यटन मंत्रालय ने स्वदेश दर्शन 2.0 उप-योजना के तहत चैलेन्ज्ड बेस्ड डेस्टिनेशन डेवलपमेंट पहल शुरू की है, जिसका उद्देश्य पूरे देश में पर्यटन स्थलों का विकास करना है। इस योजना में, 50 स्थलों (प्रत्येक राज्य में अधिकतम 5) को विकास के लिए चुना जाना है। इसी के तहत ओरछा को आध्यात्मिक गंतव्य स्थल की श्रेणी में चुना गया है। ओरछा में पर्यटकों के लिए अंतर्राष्ट्रीय स्तर की पर्यटन सुविधाओं के विकास के साथ शहर के सौंदर्यीकरण, ऐतिहासिक विरासतों के संरक्षण और स्थानीय कलाकारों और संस्कृति का संरक्षण किया जाएगा। इससे ओरछा में देशी-विदेशी पर्यटकों की संख्या में वृद्धि होगी और स्थानीय समुदाय को भी आर्थिक लाभ मिलेगा। चैलेंज बेस्ड डेस्टिनेशन डेवलपमेंट के संदर्भ में किए जाने वाले कार्य है। केन्द्र सरकार से मिली सहायता से ओरछा में तोपचों की हवेली के पास पर्यटन अनुभव केंद्र का विकास किया जाएगा जिसमें ओरछा का 3-डी मॉडल, पैनल्स के माध्यम से ओरछा की ऐतिहासिक यात्रा का प्रदर्शन, बुकिंग कियोस्क, चिल्ड्रन प्ले एरिया और कैफे का निर्माण किया जाएगा। स्थानीय कारीगरों को द्वारा बनाए जाने वाले सुविनियर को उत्कृष्ट बनाने का प्रशिक्षण देकर हुनरशाला के रूप में बाजार उपलब्ध कराया जाएगा।

# क्षेत्र में क्लस्टर बनाकर नये खिलाड़ियों को करेंगे तैयार - मंत्री विश्वास कैलाश सारंग

भोपाल-(आरएनएस) सहकारिता, खेल एवं युवा कल्याण मंत्री श्री विश्वास कैलाश सारंग ने गुरुवार को नरेला विधानसभा के वार्ड 37, राजेंद्र नगर में नवीन स्टेडियम के निर्माण कार्य का भूमिपूजन किया। मंत्री श्री सारंग ने कहा कि राज्य सरकार खेलों के विकास के लिए प्रतिबद्ध है और इसी दिशा में प्रत्येक विधानसभा क्षेत्र में एक आधुनिक खेल परिसर का निर्माण किया जाएगा। उन्होंने कहा कि खेल और शारीरिक गतिविधियाँ युवाओं के सर्वांगीण विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती हैं। उन्होंने बताया कि इस स्टेडियम के निर्माण से क्षेत्र के नागरिकों को व्यायाम के साथ ही युवाओं को खेल सुविधाएँ उपलब्ध होंगी, जिससे वे अपनी प्रतिभा को निखार सकेंगे। कार्यक्रम में स्थानीय जनप्रतिनिधि, खेल संचालक श्री राकेश गुप्ता, संयुक्त संचालक श्री बी.एस. यादव, खेल प्रेमी एवं गणमान्य नागरिकों ने बड़ी संख्या में उपस्थित रहे।

क्षेत्र में क्लस्टर बनाकर नये खिलाड़ियों को करेंगे तैयार मंत्री श्री सारंग



ने कहा कि यह स्टेडियम क्षेत्र के युवाओं और खेल प्रेमियों के लिए एक बड़ी सौगात है। यहाँ विभिन्न खेलों के लिए विशेष सुविधाएँ उपलब्ध कराई जाएंगी, जिससे खेल प्रतिभाओं को प्रोत्साहन मिलेगा। उन्होंने कहा कि प्रदेश सरकार खेलों को बढ़ावा देने के लिए लगातार प्रयासरत है और इसी क्रम में क्षेत्र में खेल मैदानों का उन्नयन किया जायेगा साथ ही क्लस्टर बनाकर नये खिलाड़ियों को तैयार करेंगे। मंत्री श्री सारंग ने जानकारी देते हुए बताया कि स्टेडियम का निर्माण लगभग 8 हजार वर्गमीटर क्षेत्र में किया जाएगा, जिसमें से लगभग 4,000 वर्गमीटर में खेल मैदान विकसित किया जाएगा। यह स्टेडियम खिलाड़ियों की विभिन्न आवश्यकताओं एवं नागरिकों की सुविधा को ध्यान में रखते हुए डिजाइन किया गया है, जिसमें विभिन्न सुविधाएँ उपलब्ध कराई जाएँगी। उन्होंने बताया कि स्टेडियम परिसर में इंडोर बैडमिंटन कोर्ट, वॉलीबॉल कोर्ट, और मल्टीपरपज़ हॉल की सुविधा उपलब्ध होगी। खेल गतिविधियों के अलावा, यहाँ एक मंच (स्टेज) भी बनाया जाएगा, जहाँ सांस्कृतिक एवं खेल से संबंधित आयोजनों का संचालन किया जा सकेगा। इसके अतिरिक्त, खिलाड़ियों और दर्शकों की सुविधा के लिए कार एवं बाइक पार्किंग, लैंडस्केप एरिया, कार्यालय कक्ष, और बाउंड्री वॉल का निर्माण भी किया जाएगा, जिससे सुरक्षा और संरचना को मजबूती मिलेगी।

प्रथम चरण में फुटबॉल तथा अन्य खेल के मैदान का विकास, वॉलीबाल कोर्ट का निर्माण, मैदान सुरक्षा दीवार, भव्य प्रवेश द्वार, हाइ मास्ट प्रकाश व्यवस्था (रात्रि खेल हेतु), खिलाड़ियों के लिए डग हाउस, जनसुविधा केंद्र, पाथवे (मॉर्निंग/इवनिंग वॉक हेतु) एवं स्टेज उन्नयन का कार्य किया जायेगा। वहीं द्वितीय चरण में बैडमिंटन कोर्ट,मल्टी परपज हॉल (टेबल टेनिस, बोर्ड गेम्स, लाईब्रेरी, इनडोर खेल), ओपन जिम, प्रबंधन कार्यालय तथा स्टोर एवं पार्किंग तथा लैंड स्केप का निर्माण किया जायेगा।



**हिंदू धर्म में चैत्र नवरात्रि का त्योहार बेहद ही महत्वपूर्ण माना जाता है। 30 मार्च से चैत्र नवरात्रि की शुरुआत हो चुकी है और इसका समापन 7 अप्रैल को होगा। अगर आप कहीं घूमने का प्लान बना रहे हैं या फिर किसी शक्तिपीठ मंदिर का दर्शन करना चाहते हैं, तो यह लेख आपके लिए है। इस नवरात्रि के मौके पर आप भी मध्य प्रदेश को प्राचीन मंदिरों और शक्तिपीठों के बारे में बताने जा रहे हैं।**



## देश का माहौल बिगाड़ने वालों पर सख्ती जरुरी

मुसलमानों को सरकारी ठेकों में चार फीसद आरक्षण देने के के कर्नाटक सरकार के फैसले का राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ ने विरोध किया है। संघ के महासचिव दत्तात्रेय होसबोले ने कहा भारतीय संविधान में धर्म आधारित आरक्षण स्वीकार्य नहीं है, जिसे भीमराव अंबेडकर ने तैयार किया था। संघ का निर्णय लेने वाली सर्वोच्च संस्था अखिल भारतीय प्रतिनिधि सभा की बैठक के समापन के अवसर पर होसबोले ने कहा, ऐसा करने वाला कोई भी व्यक्ति हमारे संविधान निर्माता के खिलाफ जा रहा है।

उन्होंने दोहराया कि पूर्व में अविभाजित आंध्र प्रदेश और महाराष्ट्र की तरफ से किए गए मुसलमानों के लिए आरक्षण के प्रयासों को उच्च न्यायालयों व उच्चतम न्यायालय ने खारिज कर दिया था। महाराष्ट्र में औरंगजेब की कब्र को लेकर उठे विवाद पर उन्होंने कहा औरंगजेब का महिमामंडन किया गया, उसका भाई दारा शिकोह का नहीं, जो सामाजिक सद्भाव में विश्वास रखने वाला शख्स था। भारत के मूल्यों के खिलाफ जाने वाले लोगों को आदर्श बनाने की बात करते हुए उन्होंने महाराणा प्रताप की सराहना की। अयोध्या में राम मंदिर निर्माण को केवल संघ की उपलब्धि न मानते हुए, उन्होंने इसे पूरे हिन्दू समाज की उपलब्धि बताया। हिन्दू संस्कृति व हिन्दू एकता के नाम पर वह अपनी विचारधारा पर जोर देते रहते हैं। गैर-राजनीतिक होने के बावजूद संघ के सदस्य राजनीति में सक्रिय रहते हैं। मौजूदा सरसंघचालक मोहन भागवत कहते हैं, संघ कार्य प्रणाली है और वह व्यक्ति निर्माण करती है। मगर मौजूदा राजनीति व मोदी सरकार पर संघ की विचारधारा की गहरी छाप स्पष्ट है। यहां असल सवाल समुदाय विशेष को दिए गए आरक्षण की नहीं है।

# दोनों सदनों से पास हो गया वक्फ संशोधन बिल लेकिन विवाद अभी थमने वाला नहीं है

वक्फ संशोधन बिल- 2025 संसद के दोनों सदनों लोकसभा और राज्यसभा से पारित हो गया है। दोनों सदनों ने इस विधेयक पर मैराथन चर्चा कर, आधी रात के बाद इसे पारित कर एक बड़ा संदेश देने का प्रयास किया है।

देश के उच्च सदन राज्यसभा में वक्फ संशोधन बिल- 2025 पर गुरुवार, 3 अप्रैल को चर्चा शुरू हुई। सदन के अंदर सत्तारूढ़ गठबंधन और विपक्षी गठबंधन में शामिल राजनीतिक दलों के सांसदों ने 12 घंटे से भी अधिक समय तक इस बिल पर जोरदार चर्चा की। बीजेपी के नेतृत्व वाले एनडीए गठबंधन में शामिल तमाम राजनीतिक दलों ने इस बिल को समय की मांग बताते हुए पारित करने में विपक्षी दलों से सहयोग मांगा। लेकिन विपक्षी दलों ने इस बिल को असंवैधानिक बताते हुए इसका पुरजोर विरोध किया। आधी रात के बाद यानी शुक्रवार, 4 अप्रैल को देर रात 2 बजे के बाद सदन में इस पर वोटिंग शुरू हुई। राज्यसभा ने देर रात 2-32 बजे वक्फ संशोधन बिल- 2025 को पारित कर दिया। केंद्र की नरेंद्र मोदी सरकार द्वारा वक्फ संपत्तियों के प्रशासन और प्रबंधन में सुधार के उद्देश्य से लाए गए बिल के पक्ष में राज्यसभा में 128 सांसदों ने वोट किया,जबकि 95 सांसदों ने इसके खिलाफ अपना मत दिया। राज्यसभा में इस बिल के समर्थन में 128 सांसदों का समर्थन हासिल करना बीजेपी के रणनीतिकारों के लिए एक बड़ी उपलब्धि मानी जा सकती है। बिल के खिलाफ देशभर में बनाए गए माहौल और विपक्षी दलों की एकजुटता के बावजूद बीजेपी इस बिल पर एनडीए गठबंधन के इतर जाकर अन्य विपक्षी सांसदों का समर्थन हासिल करने में भी कामयाब रही।

राज्यसभा से पारित होने से एक दिन पहले गुरुवार, 3 अप्रैल को आधी रात के बाद लोकसभा ने भी इस बिल को पारित कर दिया था। लोकसभा में 288 सांसदों ने मोदी सरकार द्वारा लाए गए इस बिल का समर्थन किया था जबकि 232 सांसदों ने बिल के खिलाफ मतदान किया था।

वक्फ संशोधन बिल- 2025 अब कानून बनने से महज एक कदम दूर रह गया है। संवैधानिक तौर पर, संसद के दोनों सदनों से पारित होने के बाद इस बिल को अब मंजूरी के लिए राष्ट्रपति के पास भेजा जाएगा। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू की मंजूरी मिलने के बाद वक्फ संशोधन बिल- 2025 औपचारिक रूप से कानून के तौर पर लागू हो जाएगा।

हालांकि, यह भी एक सच्चाई है कि दोनों सदनों से पारित हो जाने और राष्ट्रपति की मंजूरी मिलने के बावजूद इस बिल को लेकर जारी विवाद अभी थमने वाला नहीं है। दोनों सदनों में चर्चा के दौरान, बिल पर सरकार और विपक्ष के बीच जोरदार टकराव देखने को मिला। सरकार ने इस बिल को समय की मांग और मुस्लिमों के लिए फायदेमंद बताते हुए कहा कि पारदर्शिता और सुशासन के लिए इसे लागू करना बहुत जरूरी है। वहीं विपक्षी दलों ने इसे मुसलमानों के धार्मिक अधिकारों में हस्तक्षेप करार देते हुए इसे अल्पसंख्यक विरोधी विधेयक तक बता डाला।

सदन में सरकार से हार जाने के बाद अब बिल के विरोधी सड़क पर उतर कर लड़ाई लड़ने की बात कहते नजर आ रहे हैं। मुस्लिम संगठनों ने इस बिल के खिलाफ देशव्यापी आंदोलन चलाने का ऐलान पहले ही कर दिया है।अल्पसंख्यक वोटों की राजनीति करने वाले कई राजनीतिक दल भी इस आंदोलन का समर्थन कर, इसे बड़ा बनाने की कोशिश करेंगे। वहीं विपक्षी सांसदों सहित कई संगठन इस बिल को संविधान विरोधी बताते हुए अदालत जाने की भी तैयारी में भी जुट गए हैं।

शरद पवार की पार्टी की राज्यसभा सांसद फौजिया खान ने बिल के पारित होने के बाद कहा कि इसका विरोध जारी रहेगा, वक्फ बोर्ड एक धार्मिक संस्था है, यह असंवैधानिक बिल है और इसे सुप्रीम कोर्ट में चुनौती दी जाएगी। उन्होंने यह भी उम्मीद जताई कि सुप्रीम कोर्ट इस कानून को रद्द कर देगा। वहीं डीएमके सुप्रीमो और तमिलनाडु के मुख्यमंत्री एमके स्टालिन ने इस बिल को पहले ही सुप्रीम कोर्ट में चुनौती देने की घोषणा कर रखी है। मुस्लिम वोटरों पर नजरें गड़ाए बैठे अन्य विपक्षी राजनीतिक दल भी इस अभियान का हिस्सा बन सकते हैं। इसलिए यह तय मान कर चलिए कि संसद के दोनों सदनों से बहुमत के आधार पर पास हो जाने के बावजूद भी, इस बिल पर जारी विवाद अभी थमने वाला नहीं है।

## लोकतंत्र का दिखावा बिखर रहा

श्रुति व्यास

क्या आपको एलेक्सी नवलनी याद हैं? वे रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन के लिए बड़ा खतरा बन गए थे। नतीजतन पुतिन ने नवलनी को मरवा दिया। और उसके बाद से पुतिन चैन की बंसी बजा रहे हैं।

तुर्की में भी एक नवलनी उभरा है। वे इस्तांबुल के मेयर इकरम इमामोग्लु हैं, जिन्हें तुर्की के अगले राष्ट्रपति चुनाव में विपक्ष का उम्मीदवार माना जा रहा है। वे देश के 71 वर्षीय थके-मांदे राष्ट्रपति रजब तैयब इर्दोगान के लिए बड़ा खतरा बन गए हैं।

यही वजह है कि इर्दोगान ने 19 मार्च को इमामोग्लु को गिरफ्तार करवा दिया। उसी दिन 105 अन्य व्यक्तियों की गिरफ्तारी के वारंट भी जारी किए गए, जिनमें इमामोग्लु के कुछ सलाहकार, उनकी रिपब्लिकन पीपुल्स पार्टी (सीएचपी) से जुड़े कुछ म्युनिसिपिल पदाधिकारी और शीर्षस्थ पत्रकार भी शामिल हैं।

देखते ही देखते देश में अफरातफरी के हालात बन गए। देश राजनैतिक संकट में फंस गया। तुर्की के लोकतंत्र के लिए यह एक बड़ा खतरा है।

इमामोग्लु के समर्थक सड़कों पर उतर आए। उन्होंने चक्का जाम किए और जिस थाने में उन्हें गिरफ्तारी के बाद ले जाया गया था, उसके सामने विरोध प्रदर्शन किया। ये विशाल प्रदर्शन पिछले एक दशक के दौरान हुए सबसे बड़ा प्रदर्शन था।

इन हालातों में सोशल मीडिया पर प्रतिबंध लगा दिया गया और 'दि इकोनोमिस्ट' के अनुसार तुर्की के अधिकारियों ने पुराना सोवियत नुस्खा अपनाया: ''जिसके खिलाफ कार्यवाही करनी हो, उसका नाम किसी न किसी अपराध से जोड़ दो''।

पिछले तीन सालों के दौरान इमामोग्लु को कई जांचों और आरोपों का सामना करना पड़ा है, जो भ्रष्टाचार से लेकर उन चुनाव अधिकारियों के अपमान तक से संबंधित थे, जिन्होंने उन्हें 2019 में मेयर पद के चुनाव में जीत से महरूम रखने का प्रयास किया था।

## जज वर्मा मामले से जजों की नियुक्ति में केंद्र को मिला मौका

स्वतंत्र भारत के इतिहास में आज तक एक भी जज के खिलाफ महाभियोग की प्रक्रिया पूरी नहीं हो सकी है। अर्थात किसी भी जज को महाभियोग के जरिए नहीं हटाया गया है। दरअसल हाईकोर्ट और सुप्रीम कोर्ट में जजों की नियुक्ति के बाद गंभीर किस्म के आरोपों के बाद किसी भी जज को हटाया जाना आसान नहीं है। दिल्ली हाईकोर्ट के न्यायाधीश यशवंत वर्मा के सरकारी आवास से कथित तौर पर मिले लाखों रुपए के बाद हाईकोर्ट के न्यायाधीशों की नियुक्ति और तबादलों में केंद्र सरकार को हस्तक्षेप करने का मौका मिल गया है। केंद्र सरकार ने संसद में कॉलेजियम व्यवस्था के स्थान पर राष्ट्रीय न्यायिक नियुक्ति आयोग का कानून पारित किया था। इस कानून के एक विवादास्पद प्रावधानों में राष्ट्रीय न्यायिक नियुक्ति आयोग में भारत के प्रधान न्यायाधीश और सुप्रीम कोर्ट के दो वरिष्ठतम जजों और केन्द्रीय कानून मंत्री के अलावा दो जानी मानी हस्तियों को शामिल करने की व्यवस्था थी। वर्ष 2015 में सुप्रीम कोर्ट ने राष्ट्रीय न्यायिक नियुक्ति आयोग कानून- एनजेएसी को असंवैधानिक ठहराते हुए रद्द कर दिया था। जस्टिस वर्मा नोट प्रकरण के बाद न्यायिक नियुक्ति आयोग फिर से लागू करने की संभावना के बाद सुप्रीम कोर्ट में जजों की नियुक्ति में केंद्र सरकार के हस्तक्षेप की उम्मीद फिर से पैदा हो गई है। उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ ने राज्यसभा में राजनीतिक दलों से कहा कि उन्हें जजों की तरफ से जजों की नियुक्ति की व्यवस्था को समाप्त करने के लिए एक तंत्र के बारे में सोचना चाहिए। धनखड़ ने कानून को रद्द करने के शीर्ष अदालत के फैसले को गलत बताया। उन्होंने वर्ष 2014 में सर्वसम्मति से बनाए गए राष्ट्रीय न्यायिक नियुक्ति आयोग अधिनियम को दूरदर्शी कदम बताया। इसका उद्देश्य एससी और एचसी के न्यायाधीशों की नियुक्ति पर सुप्रीम कोर्ट कॉलेजियम के एकाधिकार को समाप्त करना था। कांग्रेस अध्यक्ष और राज्यसभा में विपक्ष के नेता मल्लिकार्जुन खड़गे और टीएमसी के सुखेंदु शेखर रॉय सहित विपक्षी नेताओं ने सरकार से उन कदमों की रूपरेखा तैयार करने को कहा है जो वह उठाना चाहती है। जज कैशकांड के बाद सुप्रीम कोर्ट की फजीहत दो कारणों से हो रही है। न्यायिक नियुक्ति आयोग को रद्द करने और जस्टिस वर्मा का तबादला इलाहाबाद हाईकोर्ट में करने से। आयोग को रद्द करने पर उपराष्ट्रपति और राज्यसभा के सभापति धनखड़ द्वारा राजनीतिक दलों की बैठक के दौरान सुप्रीम कोर्ट के न्यायिक आयोग को निरस्त करने के फैसले की तीखी भर्त्सना की गई। दूसरी तरफ इलाहाबाद हाइकोर्ट बार एसोसिएशन ने जस्टिस यशवंत वर्मा के तबादले का विरोध किया है। एसोसिएशन ने हड़ताल के अलावा जस्टिस वर्मा की कोर्ट के बहिष्कार की चेतावनी दी है। जस्टिस वर्मा प्रकरण के बाद सुप्रीम कोर्ट की कॉलेजियम द्वारा हाईकोर्ट के जजों की नियुक्ति प्रक्रिया पर फिर से उंगलियां उठने लगी हैं। न्यायपालिका में जजों की नियुक्ति में पारदर्शिता नहीं होने और इनमें परिवारवाद को वरीयता दिए जाने को अंकल जज सिंड्रोम कहते हैं। जब जज बनाने के लिए अधिवक्ताओं के नाम प्रस्तावित किए जाते हैं तो किसी भी स्तर पर किसी से कोई राय नहीं ली

## इस नवरात्रि कर आएं मिर्जापुर के विंध्यवासिनी मंदिर में दर्शन

उत्तर प्रदेश के मिर्जापुर राज्य में विंध्याचल जिला है। यह राज्य का एक फेमस शहर है। जहां पर बहुत से तीर्थयात्री आते हैं, क्योंकि विंध्याचल एक धार्मिक शहर है और यह शहर विंध्यवासिनी मंदिर के लिए फेमस है। मिर्जापुर के विंध्य पर्वत पर मां विंध्यवासिनी मंदिर है। यहां पर मां विंध्यवासिनी अपने पूर्ण रूप में विराजमान हैं। जबकि देश के अन्य शक्तिपीठों में मां सती के कुछ अंश विद्यमान हैं। धार्मिक मान्यता है कि इस मंदिर में दर्शन के लिए आने वाले भक्तों की सभी मनोकामनाएं पूरी होती हैं। ऐसे में अगर आप भी इन नवरात्रि मां विंध्यवासिनी मंदिर में दर्शन के लिए जाना चाहते हैं, तो यह आर्टिकल आपके लिए है। आज इस आर्टिकल के जरिए हम आपको बताने जा रहे हैं कि आप मां विंध्यवासिनी मंदिर कैसे पहुंचे। बता दें कि विंध्याच का अपना कोई हवाई अड्डा नहीं हैं, यहां पर सबसे नजदीकी लाल बहादुर शास्त्री इंटरनेशनल एयरपोर्ट है। जोकि वाराणसी में है। यह एयरपोर्ट केंद्र से करीब 68 किमी दूर है। इसकी जगह आप प्रयागराज के बमरौली एयरपोर्ट के लिए उड़ान भर सकते हैं।

## विभिन्न आय वर्गों के लोगों को मिलेगा भूखंड प्राप्त करने का अवसर

उत्तर प्रदेश की राजधानी लखनऊ में अपना घर बनाने का सपना देख रहे लोगों के लिए खुशखबरी है। लखनऊ विकास प्राधिकरण (एलडीए) द्वारा अनंत नगर आवासीय योजना के अंतर्गत शुक्रवार को पंजीकरण प्रक्रिया का शुभारंभ सीएम योगी के हाथों होने जा रहा है। उल्लेखनीय है कि मोहान रोड स्थित अनंत नगर आवासीय योजना को कुल 785 एकड़ में 10 हजार करोड़ की लागत से विकसित किया जा रहा है।

इस योजना के जरिए विभिन्न आय वर्गों के लोगों को भूखंड प्राप्त करने का अवसर मिलेगा जिसमें मुख्य तौर पर आर्थिक रूप से कमजोर आय वर्गों को तरजीह दी जाएगी। अनंत नगर योजना के अंतर्गत भूखंड पाने के लिए आवेदन करने व अधिक जानकारी के लिए एलडीए की वेबसाइट तथा टोल फ्री नंबर 180018005000 पर कॉल किया जा सकता है। इसी के साथ ही, एलडीए के विभिन्न आवासीय परियोजनाओं से निर्माण व विकास से संबंधित कार्यों को गति देने तथा विभिन्न योजनाओं के अंतर्गत कुल 147.85 करोड़ से अधिक कीमत के रिक्त फ्लैट्स की बिक्री का मार्ग प्रशस्त करने के लिए नई स्ट्रेटेजी अपनाने का कार्य भी शुरू कर दिया गया है। प्रक्रिया के अंतर्गत श्रवण, आद्रा, अनुभूति, सोपान एन्क्लेव फेज-2, रश्मि लोक तथा मृगशिरा अपार्टमेंट में रिक्त फ्लैट्स को बेचने का मार्ग प्रशस्त होगा। सीएम योगी के विजन को मिशन मानकर लखनऊ विकास प्राधिकरण (एलडीए) द्वारा मोहान रोड पर विकसित की जा रही अनंत नगर आवासीय योजना कई मायनों में विशिष्ट होगी। यहां सभी आर्थिक वर्गों के लोगों के लिए भूखंड पाने का अवसर होगा मगर विशेष रूप से लोअर इनकम ग्रुप्स के लोगों को यहां तरजीह दी जाएगी। यह योजना उत्तर प्रदेश की पहली एडु-टेक सिटी के समीप स्थित होगी इसलिए भविष्य में यह आर्थिक, व्यापारिक व सामाजिक गतिविधियों का केंद्र बनेगी। इस योजना के जरिए करीब एक लाख तक की जनसंख्या को सुरक्षित व व्यवस्थित आवासीय क्षेत्र उपलब्ध कराने की योगी सरकार की प्रतिबद्धता को पूरा किया जाएगा। अनंत नगर योजना के हर खंड में सॉलिड वेस्ट मैनेजमेंट, शॉपिंग सेंटर, बारात घर और वेंडिंग जोन होंगे। योजना को कुल 8 खंड में विकसित किया जाएगा। एलडीए द्वारा मोहनलालगंज में 1197.98 एकड़ में प्रस्तावित वेलनेस सिटी तथा मोहनलालगंज में ही 1696.77 एकड़ में प्रस्तावित आईटी सिटी के अंतर्गत चिह्नित ग्रामों में भूमि अधिग्रहण के लिए आंकलन की प्रक्रिया भी जारी है जिसे जल्द ही पूरा किया जा सकता है।

## कन्या पूजन से आती है घर में सुख, शांति एवं सम्पन्नता

चैत्र नवरात्रि पर्व की शुरुआत 30 मार्च से सर्वार्थसिद्धि योग में हुई और नवरात्रि 6 अप्रैल तक रहेंगे। चैत्र नवरात्रि की धूम पूरे देश में है। माता की भक्ति में लीन भक्तों को अब अष्टमी और रामनवमी का इंतजार है। चैत्र नवरात्रि की अष्टमी 5 अप्रैल और रामनवमी 6 अप्रैल को मनाई जाएगी। अष्टमी और रामनवमी पर कन्याओं को भोजन कराया जाता है। पाल बालाजी ज्योतिष संस्थान जयपुर जोधपुर के निदेशक ज्योतिषाचार्य डा. अनीष व्यास ने बताया कि चैत्र नवरात्र 30 मार्च से शुरू हो गई है। वहीं इसका समापन 6 अप्रैल को होगा। नवरात्र के दौरान अलग-अलग दिनों में देवी दुर्गा के अलग-अलग रूपों की पूजा की जाती है। इन नौ दिनों में अष्टमी और नवमी तिथि सबसे महत्वपूर्ण मानी जाती हैं। नवरात्रि के अष्टमी और नवमी तिथि कन्या पूजन का विशेष महत्व होता है। व्रत रखने वाले भक्त कन्याओं को भोजन कराने के बाद ही अपना व्रत खोलते हैं। कन्याओं को देवी मां का स्वरूप माना जाता है। मान्यता है कि इस दिन कन्याओं को भोजन कराने से घर में सुख, शांति एवं सम्पन्नता आती है।

## न्यायपालिका की साख खराब

उच्च न्यायपालिका में जजों की नियुक्ति और तबादले की मौजूदा कॉलेजियम प्रणाली की जगह क्या राष्ट्रीय न्यायिक नियुक्ति आयोग यानी एनजेएसी का विकल्प ज्यादा बेहतर है? इस पर एक बार फिर बहस छिड़ी है।

दिल्ली हाई कोर्ट के जज जस्टिस यशवंत वर्मा के घर कथित तौर पर भारी मात्रा में नकदी की बरामदगी के बाद यह चर्चा शुरू हुई है। कहा जा रहा है इस तरह की घटनाओं से न्यायपालिका की साख खराब हो रही है। लोगों का भरोसा उठ रहा है और न्याय प्रक्रिया प्रभावित हो रही है।

यह भी कहा जा रहा है कि ऐसा इसलिए है क्योंकि कॉलेजियम प्रणाली के तहत जज ही जजों की नियुक्ति करते हैं। इसके बरक्स यह दलील दी जा रही है कि अगर जजों की नियुक्ति की यह आंतरिक प्रक्रिया समाप्त कर दी जाए

राष्ट्रीय न्यायिक नियुक्ति आयोग बना कर उसके जरिए नियुक्ति हो तो अदालतों में भाई भतीजावाद भी बंद हो जाएगा और भ्रष्टाचार के मामले भी समाप्त होंगे। इससे न्यायपालिका की साख बहाल होगी।

सुनने में यह तर्क बहुत अच्छा लग रहा है। किसी को यह बात अपील करेगी कि जज खुद ही जजों की नियुक्ति करते हैं तो वे क्यों नहीं अपने जानने वालों को या अपने रिश्तेदारों को तरजीह देंगे?

पिछले कुछ समय से सोशल मीडिया में एक खास किस्म के इकोसिस्टम के जरिए इस नैरेटिव को स्थापित किया गया है कि सुप्रीम कोर्ट में जजों के बेटे, बेटियां या भाई, भतीजे ही जज बनते हैं।

सुप्रीम कोर्ट के पिछले चीफ जस्टिस डीवाई चंद्रचूड़ के हवाले से यह नैरेटिव ज्यादा मजबूती से प्रचारित हुआ। लोगों को बताया गया कि उनके पिता भी देश के चीफ जस्टिस रहे थे।

ऐसा नहीं है कि न्यायपालिका की साख खराब करने वाला प्रचार सिर्फ नियुक्ति और भाई भतीजावाद तक सीमित है। पिछले कुछ समय से दक्षिणपंथी विचार वाले सोशल मीडिया अकाउंट्स के जरिए और दक्षिणपंथी विचार वाले कानूनी जानकारों के लेखों और भाषणों के जरिए सुनियोजित ढंग से न्यायपालिका को निशाना बनाया जा रहा है।

फैसलों में देरी के हवाले दिए जा रहे हैं। अदालतों में लंबित मुकदमों को मुद्दा बनाया जा रहा है। लंबी छुट्टियों के लिए अदालतों को टारगेट किया जा रहा है।

किसी जज या वरिष्ठ वकील के रिश्तेदार जज बनते हैं तो उसके हवाले कॉलेजियम प्रणाली को निशाना बनाया जा रहा है और अगर बीच में कहीं भ्रष्टाचार का कोई मामला आ गया तब तो पूरा सिस्टम ही न्यायपालिका पर टूट पड़ रहा है। याद नहीं आता है कि आजाद भारत में कभी न्यायपालिका इस तरह निशाने पर रही हो। तभी यह खटका होता, संदेह पैदा होता है कि आखिर अचानक न्यायपालिका को क्यों इतना निशाना बनाया जा रहा है? क्यों उसकी साख खराब की जा रही है?

क्या विधायिका पर नियंत्रण, प्रतिबद्ध कार्यपालिका और प्रतिबद्ध मीडिया के बाद अब प्रतिबद्ध न्यायपालिका की जरूरत है? क्या न्यायपालिका की स्वतंत्रता को पूरी तरह से कार्यपालिका या विधायिका के अधीन लाने की पृष्ठभूमि तैयार करने के लिए यह सब किया जा रहा है?

जस्टिस यशवंत वर्मा प्रकरण के बाद जिस तरह से कॉलेजियम प्रणाली के खिलाफ माहौल बनाया जा रहा है और एनजेएसी की चर्चा शुरू हुई उससे संदेह और गहरा होता है।

संसद के बजट सत्र के दौरान इस बात पर सहमति बनाने का प्रयास हो रहा है। सरकार और विपक्ष पार्टियों की साझा सहमति से विधायिका की सर्वोच्चता बनाने की बात हो रही है। सबको पता है कि भारत में विधायिका की सर्वोच्चता का मतलब कार्यपालिका की सर्वोच्चता होता है। भारत में अमेरिका या दुनिया के दूसरे लोकतांत्रिक देशों की तरह विधायिका पूरी तरह से स्वायत्त नहीं है। उसमें वही काम होता है, जो सरकार चाहती है। तभी विधायिका की सर्वोच्चता की बात संदेह पैदा करती है। कहा जा रहा है कि एनजेएसी या इस तरह का कोई अधिकरण बनेगा तो जजों द्वारा जजों की नियुक्ति का सिस्टम बंद होगा और एक स्वायत्त संस्था जजों की नियुक्ति करेगी। लेकिन सवाल है कि क्या एनजेएसी या ऐसी कोई भी संस्था स्वायत्त होगी या कार्यपालिका के नियंत्रण वाली होगी? यह भी सवाल है कि क्या जजों की नियुक्ति का मामला पूरी तरह से कार्यपालिका के हाथ में दिया जा सकता है? आज देश की बाकी तमाम संस्थाएं जिस तरह पूर्वाग्रह के साथ काम कर रही हैं, तमाम एजेंसियां और संवैधानिक वैधानिक संस्थाएं जिस तरह से राजनीतिक और वैचारिक विपक्ष को सरकार का दुश्मन मान कर उनके खिलाफ एकतरफा कार्रवाई कर रही है, क्या गारंटी है कि जजों की नियुक्ति वाला पैनल उसी अंदाज में काम नहीं करेगा और उसके बाद न्यायपालिका भी पूरी तरह से सरकार के नियंत्रण में नहीं आ जाएगी?

वैसे जजों की नियुक्ति का जो मौजूदा सिस्टम है उसमें भी सरकार की बड़ी भूमिका है। ऐसा नहीं है कि सुप्रीम कोर्ट का कॉलेजियम जिसका नाम भेज दे वह जज हो ही जाता है। सरकार जिसकी चाहे उसकी सिफारिश रोक सकती है।

यहां तक कि दोबारा भेजी गई सिफारिशें भी रोकी जा सकती हैं। खुफिया सूचना के आधार पर सरकार सुप्रीम कोर्ट कॉलेजियम की सिफारिशें रोकती रही है।

लोगों को ध्यान होगा कि कैसे सुप्रीम कोर्ट के तत्कालीन चीफ जस्टिस तीरथ सिंह ठाकुर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के सामने रोने लगे थे। हाथ जोड़ कर अनुरोध कर रहे थे कि कॉलेजियम की ओर से भेजी गई सिफारिशों को सरकार मंजूरी दे दे।

कितनी बार सुप्रीम कोर्ट को चलती सुनवाई के बीच सरकार से कहना पड़ा है कि वह सिफारिशें लटकाए नहीं। लेकिन सरकार पास एक सीमित वीटो का अधिकार है, जिससे वह जजों की नियुक्ति की सिफारिशें रोक देती है।

अगर सरकार इससे भी ज्यादा अधिकार चाहती है, संपूर्ण वीटो चाहती है तो इसका मतलब है कि वह न्यायपालिका को नियंत्रित करना चाहती है। यह स्थिति कॉलेजियम के मौजूदा सिस्टम से ज्यादा खतरनाक हो सकती है। जस्टिस यशवंत वर्मा प्रकरण के बाद कॉलेजियम बनाम एनजेएसी को लेकर जो विवाद छिड़ा है और जैसी सक्रियता दिखाई दे रही है उससे इस वजह से भी संदेह पैदा होता है कि न्यायपालिका के वैचारिक भ्रष्टाचार या वैचारिक विचलन को देख कर इतनी प्रतिक्रिया क्यों नहीं होती है?

## -:: आज का राशिफल ::-



मेष राशि: आज आपका दिन फेवरेबल रहेगा। इस राशि के इंजीनियर्स के लिए आज का दिन फायदा देने वाला है। करियर में कुछ उलझनें आएंगी लेकिन किसी अनुभवी सीनियर्स की मदद से आपको समाधान मिलेगा।

वृष राशि: आज आपका दिन अच्छा रहेगा। इस राशि की महिलाओं के लिए आज का दिन बहुत ही खास है, अपना समय शॉपिंग में बिता सकती हैं।

मिथुन राशि: आज आपका दिन शानदार रहेगा। व्यापार के मामले में आज का दिन अच्छा रहने वाला है, बेहतर होगा किसी भी मौके को हाथ से न जाने दें। आज आप जरूरतमंद लोगों की मदद करेंगे।

कर्क राशि: आज आपका दिन आपके अनुकूल रहेगा। आप परिवारवालों के साथ समय बिताएंगे। घर में खुशी का माहौल बना रहेगा। आपकी कड़ी मेहनत से लोग प्रभावित होंगे और आपका अनुसरण करेंगे।

सिंह राशि: आज आपका दिन बढ़िया रहने वाला है। राजनीति से जुड़े लोगों के लिए दिन अच्छा है समाज हित में किए गए कामों की तारीफ होगी।

कन्या राशि: आज आपका दिन मिला-जुला रहेगा। आपको मेहनत का फल जरूर मिलेगा। कई दिनों से चल रही कड़ी मेहनत आज आपको सफल बना सकती है। आज आपको बड़ी जिम्मेदारी मिल सकती है,

तुला राशि: आज आपका दिन बेहतरीन रहेगा। आज घर के वरिष्ठ व्यक्ति आपको सही सलाह देंगे, उनकी सलाह को नजरअंदाज न करें। आज आपको पुरानी बातें याद आ सकती हैं।

वृश्चिक राशि: आज आपका दिन ठीक-ठाक रहेगा। इस राशि की महिलाएं, जो घर पर ही बिजनेस करने की सोच रही है उनके लिए आज का दिन अच्छा है। किसी भी काम को करने में जल्दबाजी न करें,

धनु राशि:आज आप लोगों को अपनी योजनाओं से सहमत कर लेंगे। अगर आप नई जमीन लेने का प्लान बना रहे हैं तो घर के बड़ों की राय जरूर ले।

मकर राशि: आज आपका दिन आपके अनुकूल रहेगा। इस राशि के स्टूडेंट आज अपनी पढ़ाई को लेकर उत्साहित रहेंगे और ज्यादा समय पढ़ाई में व्यतीत करेंगे, यह देखकर आपके घरवालों को खुशी होगी।

कुंभ राशि: आज आपका दिन फेवरेबल रहेगा। ऑफिस में कार्यकुशलता के लिए आपको सम्मानित किया जा सकता है। आज आपके तय किए काम समय से पूरे होते हुए नजर आ रहे हैं।

मीन राशि: आज आप अपने खर्चे पर कंट्रोल करने की कोशिश करेंगे। आज आप धार्मिक कार्यों में रुचि लेंगे। इस राशि के स्टूडेंट्स के लिए आज का दिन थोड़ा अच्छा रहेगा। करियर संबंधी चुनाव आपको थोड़ी परेशानी में डाल सकता है लेकिन सही पॉइंट का चुनाव करना बेहतर रहेगा।



समाजवादी पार्टी के अध्यक्ष अखिलेश यादव ने शुक्रवार को ऐलान किया कि वह आंबेडकर नगर की आठ वर्षीय अनन्या यादव की शिक्षा का खर्च उठाएंगे। अन्यया का एक वीडियो काफी चर्चा में रहा जिसमें वह अपनी झुग्गी के पास तोड़फोड़ की कार्रवाई के दौरान किताबों को समेटते हुए दौड़ती नजर आ रही है। इस वीडियो ने उच्चतम न्यायालय सहित सभी का ध्यान आकर्षित किया है। योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व वाली सरकार पर निशाना साधते हुए अखिलेश ने सोशल मीडिया मंच 'एक्स' पर पोस्ट कर कहा, ''जो बच्चों का भविष्य उजाड़ते हैं,



# धर्मेंद्र प्रधान का सोनिया गांधी को जवाब, 'एनईपी 2020 जनता की, जनता द्वारा और जनता के भविष्य के लिए नीति

नई दिल्ली (आरएनएस)। केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान ने बुधवार को कांग्रेस नेता सोनिया गांधी पर निशाना साधते हुए कहा कि भ्रष्टाचार और शासन की कमी देश के शैक्षिक अतीत की परिभाषित विशेषताएं थीं और एनईपी 2020 इस अपमानजनक अतीत से एक निर्णायक विराम का प्रतिनिधित्व करती है।

द हिंदू अखबार में छपे लेख में, जिसे धर्मेंद्र प्रधान ने अपने एक्स हैंडल पर साझा किया, उन्होंने कहा कि एनईपी 2020 केवल एक शिक्षा सुधार नहीं है, बल्कि यह बौद्धिक उपनिवेशवाद से मुक्ति है जिसका भारत लंबे समय से इंतजार कर रहा था और यह लोगों की, लोगों द्वारा और लोगों के भविष्य के लिए नीति है।

सोनिया गांधी ने हाल ही में केंद्र की मोदी सरकार पर एक ऐसे एजेंडे पर चलने का आरोप लगाया, जो शिक्षा के क्षेत्र में नुकसानदेह नतीजों की ओर ले जा रहा है। वरिष्ठ कांग्रेस नेता ने कहा कि आज भारतीय शिक्षा को तीन सी का सामना करना पड़ रहा है ङ्क केंद्रीकरण, व्यावसायीकरण और सांप्रदायिकरण।

इसी समाचार पत्र में सोनिया गांधी के लेख का खंडन करते हुए मंत्री धर्मेंद्र प्रधान ने कहा कि वह भारत के शैक्षिक परिवर्तन की सच्ची तस्वीर दिखाने के लिए लिखते हैं।

उन्होंने कहा कि यह तर्क दिया गया है कि मोदी सरकार के पिछले 11 वर्षों में भारत में शिक्षा प्रणाली अपने रास्ते से भटक गई है। वास्तव में, सच्चाई इससे कहीं ज्यादा दूर हो सकती है। जिस देश ने पिछली सरकारों द्वारा शिक्षा प्रणाली की घोर उपेक्षा देखी है, वह इस अप्रिय सच्चाई से गहराई से वाकिफ है।

धर्मेंद्र प्रधान ने कहा कि जब दुनिया ने तेजी से विकसित हो रही दुनिया के लिए शिक्षा की फिर से कल्पना की, तो भारत का शैक्षिक ढांचा समय के साथ-साथ अटका रहा, जिसमें 1986 में आखिरी प्रमुख नीतिगत अपडेट था, जिसे 1992 में मामूली रूप से संशोधित किया गया था।

उन्होंने कहा कि यह औपनिवेशिक मानसिकता को जानबूझकर कायम रखने की कोशिश है, साथ ही देश को विश्व में हो रहे तेजी से हो रहे तकनीकी बदलावों से बचाने की कोशिश भी है।

प्रधान ने पिछली नीति के बारे में बताते हुए कहा कि भ्रष्टाचार और शासन की कमी देश के शैक्षिक अतीत की परिभाषित विशेषताएं हैं।

उन्होंने कहा, सार्वजनिक विश्वविद्यालयों को व्यवस्थित रूप से धन की कमी थी। अनियमित निजी संस्थान डिग्री मिलों में बदल गए। जो लोग चयनात्मक भूलने की बीमारी से पीड़ित हैं, उन्हें 2009 के कुख्यात डीम्ड विश्वविद्यालय घोटाले की याद दिलानी चाहिए। बिना उचित मूल्यांकन के 44 निजी संस्थानों को विश्वविद्यालय का दर्जा दिया गया था, जिनमें से कई वित्तीय अनियमितताओं के दोषी पाए गए थे। शिक्षा में राजनीतिक हस्तक्षेप व्याप्त था। मंत्री महोदय ने कहा कि विश्वविद्यालय अनुदान आयोग और अखिल भारतीय तकनीकी शिक्षा परिषद जैसी संस्थाएं उत्कृष्टता को बढ़ावा देने के बजाय नियंत्रण के साधन बन गई हैं तथा विश्वविद्यालयों में नेतृत्व के लिए नियुक्तियां राजनीतिक निष्ठा पर आधारित हैं। उन्होंने कहा कि पाठ्यपुस्तकों में जानबूझकर शहीद भगत सिंह, चंद्रशेखर आज़ाद, वीर सावरकर और अन्य क्रांतिकारियों के योगदान को कम करके दिखाया गया है, जबकि विदेशी आक्रमणों के बारे में असहज ऐतिहासिक सच्चाइयों को दर्शाया गया है। उन्होंने लिखा, पक्षपातपूर्ण हितों की पूर्ति के लिए ऐतिहासिक आख्यानों को सावधानीपूर्वक तैयार किया गया। भारत की विविध सांस्कृतिक और बौद्धिक परंपराओं को व्यवस्थित रूप से हाशिए पर रखा गया। इन सभी ने एक ऐसी शिक्षा प्रणाली बनाने में योगदान दिया जो भारत के गौरवशाली अतीत से कटी रही और सभ्यतागत लोकाचार रहित रही। राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 का बचाव करते हुए मंत्री ने कहा कि यह इस कलंकित अतीत से एक निर्णायक विराम का प्रतिनिधित्व करती है और भारत के नीति इतिहास में सबसे व्यापक लोकतांत्रिक परामर्श का परिणाम है। उन्होंने कहा, पहुंच, समानता, गुणवत्ता, सामर्थ्य और जवाबदेही के पांच स्तंभों पर आधारित, एनईपी 2020 लोगों की, लोगों द्वारा और लोगों के भविष्य के लिए एक नीति है।



राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने नई दिल्ली में राष्ट्रपति भवन में चिली गणरा%य के राष्ट्रपति गेब्रियल बोरिक फॉन्ट के सम्मान में आयोजित भोज को संबोधित किया.



नई दिल्ली में भारत-चिली व्यापार फोरम के दौरान चिली के राष्ट्रपति गेब्रियल बोरिक के साथ केंद्रीय मंत्री पीयूष गोयल.

## वक्फ बिल राष्ट्रहित में, करोड़ों मुसलमान के साथ पूरा देश करेगा इसका समर्थन : किरेन रिजिजू

नई दिल्ली (आरएनएस)। केंद्रीय संसदीय कार्य मंत्री मंत्री किरेन रिजिजू ने आज लोकसभा में पेश किए जाने वाले वक्फ संशोधन विधेयक 2025 को लेकर बड़ा बयान दिया है।

उन्होंने इसे एक ऐतिहासिक कदम करार देते हुए कहा कि यह विधेयक राष्ट्रहित में पेश किया जा रहा है और इसका समर्थन न केवल करोड़ों मुसलमानों द्वारा, बल्कि पूरे देश द्वारा किया जाएगा। रिजिजू ने इस विधेयक को गरीब मुसलमानों, महिलाओं और बच्चों के कल्याण के लिए महत्वपूर्ण बताया।

लोकसभा में विधेयक पेश करने से पहले केंद्रीय मंत्री किरेन रिजिजू ने कहा, आज ऐतिहासिक दिन है। वक्फ संशोधन विधेयक 2025 देश के हित में लाया जा रहा है। हम राष्ट्र को लाभ पहुंचाने वाली हर पहल के लिए प्रतिबद्ध हैं। मैं स्पष्ट करना चाहता हूं कि यह विधेयक बहुत सोच-समझकर और तैयारी के साथ पेश किया जाएगा।

उन्होंने यह भी कहा कि जो लोग इसका विरोध कर रहे हैं, वे राजनीतिक कारणों से ऐसा कर रहे हैं। रिजिजू ने कहा, मैं सदन में तथ्य प्रस्तुत करूंगा। अगर कोई विरोध करता है, तो वह तर्क के आधार पर करे, हम उसका जवाब देने को तैयार हैं।

किरेन रिजिजू ने विपक्ष पर निशाना साधते हुए कहा कि कुछ नेता, जिनमें धार्मिक नेता भी शामिल हैं, निर्दोष मुसलमानों को गुमराह कर रहे हैं। उन्होंने नागरिकता संशोधन अधिनियम (सीएए) का उदाहरण देते हुए कहा, इन्हीं लोगों ने कहा था कि सीएए मुसलमानों की नागरिकता छीन लेगा, लेकिन ऐसा कुछ नहीं हुआ। उन्होंने दावा किया कि कई कांग्रेस नेता और विपक्षी दल निजी तौर पर इस विधेयक की जरूरत को स्वीकार करते हैं, लेकिन वोट बैंक की राजनीति के चलते इसका विरोध कर रहे हैं।

रिजिजू ने यह भी कहा कि यह विधेयक मुस्लिम समुदाय के हित में है और इसे लेकर किसी भी तरह की गलतफहमी को दूर करने के लिए वह सदन में पूरी पारदर्शिता के साथ तथ्य रखेंगे। विधेयक पर चर्चा के दौरान सभी पक्षों के तर्कों का जवाब देने की बात भी उन्होंने दोहराई।

वक्फ (संशोधन) विधेयक 2024 बुधवार को निचले सदन लोकसभा में पेश होगा। इस पर चर्चा के लिए स्पीकर ओम बिरला ने 8 घंटे का समय निर्धारित किया है। वक्फ अधिनियम, 1995 में पहली बार संशोधन नहीं किया जा रहा है। इस कानून में 2013 में यूपीए की सरकार के समय भी संशोधन हुए थे।

इस बिल पर बहस के लिए सत्ताधारी गठबंधन को 4 घंटे 40 मिनट का समय दिया गया है। लोकसभा में बहस के लिए भाजपा, कांग्रेस, जदयू, टीडीपी समेत पार्टियों ने अपने सांसदों के लिए व्हिप जारी कर दिया है।

## हाईकोर्ट का अहम फैसला : दबाव व धोखे से धर्म परिवर्तन गंभीर अपराध, समझौते से केस रद्द नहीं

प्रयागराज (आरएनएस)। इलाहाबाद हाई कोर्ट ने एक महत्वपूर्ण निर्णय में स्पष्ट किया है कि मतांतरण केवल हृदय परिवर्तन और ईमानदारी से विश्वास के आधार पर ही वैध माना जा सकता है। कोर्ट ने कहा कि धोखे या दबाव में कराया गया मतांतरण न सिर्फ अवैध है, बल्कि यह एक गंभीर आपराधिक कृत्य भी है। ऐसे मामलों में पक्षों के बीच समझौता होने पर भी केस को खत्म नहीं किया जा सकता। यह फैसला न्यायमूर्ति मंजू रानी चौहान की एकल पीठ ने रामपुर निवासी तौफीक अहमद की याचिका खारिज करते हुए सुनाया। याची पर हिंदू लड़की को धोखे से प्रेमजाल में फंसाकर मतांतरण और दुष्कर्म का आरोप है। पीड़िता ने बताया कि आरोपी ने हिंदू नाम रखकर सोशल मीडिया के जरिए दोस्ती की, फिर शादी का झांसा देकर छह माह तक बंधक बनाए रखा। पीड़िता को जब सच्चाई का पता चला कि आरोपी मुस्लिम है, तब उसने किसी तरह भागकर पुलिस में प्राथमिकी दर्ज कराई। बाद में अपने बयान में भी उसने आरोपों की पुष्टि की। पुलिस द्वारा चार्जशीट दाखिल की जा चुकी है। कोर्ट ने कहा कि इस्लाम में धर्म परिवर्तन तब तक वास्तविक नहीं माना जा सकता, जब तक वह वयस्क, स्वस्थ मस्तिष्क और स्वेच्छा से पैगम्बर मोहम्मद में विश्वास कर हृदय से न हुआ हो।



चिली गणरा%य के राष्ट्रपति गेब्रियल बोरिक फॉन्ट ने नई दिल्ली में राष्ट्रपति भवन में राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू द्वारा उनके सम्मान में आयोजित भोज को संबोधित किया। उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ और विदेश मंत्री एस. जयशंकर भी देखे गए।

## प्राइवेट स्कूलों की 'मनमानी' पर सरकार सख्त, 78 स्कूलों को नोटिस जारी कर मांगा जवाब

रांची (आरएनएस)। झारखंड सरकार ने प्राइवेट स्कूलों की मनमानी के खिलाफ सख्त रुख अख्तियार किया है। स्कूली शिक्षा विभाग के मंत्री रामदास सोरेन ने फीस वृद्धि, रि-एडमिशन के नाम पर रकम वसूली, स्कूल की ओर से निर्धारित दुकानों से ही किताबें खरीदने की शर्तें लगाने जैसी शिकायतों पर कार्रवाई के निर्देश दिए हैं। उन्होंने कहा कि सरकार की गाइडलाइन का अनुपालन नहीं करने वाले स्कूलों पर 50 हजार से लेकर 2.50 लाख रुपए तक जुर्माना लगाया जाएगा।

मंत्री के निर्देश पर उनके गृह जिले पूर्वी सिंहभूम (जमशेदपुर) में शिक्षा विभाग ने 78 प्राइवेट स्कूलों को नोटिस जारी किया है। इन स्कूलों में सरकार की गाइडलाइन के उल्लंघन की शिकायतें मिली हैं। जिला शिक्षा पदाधिकारी और जिला शिक्षा अधीक्षक की ओर से नोटिस में इन स्कूलों के मैनेजमेंट को 3 अप्रैल तक जवाब देने का कहा गया है।

स्कूलों को जारी नोटिस में झारखंड शिक्षा न्यायाधिकरण (संशोधन) अधिनियम 2017 के प्रावधानों का हवाला देते हुए कहा गया है कि स्कूल भवन, संरचना या परिसर का उपयोग केवल शिक्षा के उद्देश्य के लिए किया जाएगा

## अखिलेश यादव के सवाल पर अमित शाह का मजेदार जवाब, खूब लगे ठहाके

नई दिल्ली (आरएनएस)। लोकसभा में वक्फ संशोधन विधेयक पर बुधवार को चर्चा के दौरान हंसी-मजाक का माहौल भी दिखा। वहीं, अखिलेश यादव के तंज पर अमित शाह ने पलटवार करते हुए 25 साल की 'गारंटी' की याद भी दिलाई। दरअसल, समाजवादी पार्टी (सपा) के अध्यक्ष अखिलेश यादव ने भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) पर तंज कसा। उन्होंने कहा कि ये जो बिल लाया जा रहा है, भाजपा के अंदर एक मुकाबला चल रहा है। खराब हिंदू कौन बड़ा है, जो पार्टी खुद को कहती है कि वो दुनिया की सबसे बड़ी पार्टी है, वो अभी तक अपने राष्ट्रीय अध्यक्ष का चुनाव नहीं कर सकी है। ये भाजपा क्या है।

इस पर केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने भी उसी अंदाज में सपा सांसद अखिलेश यादव को जवाब दिया। उन्होंने कहा कि अखिलेश यादव ने हंसते-हंसते अपनी बात रखी और मैं भी हंसते हुए जवाब देना चाहूंगा। इसके बाद केंद्रीय गृह मंत्री शाह ने कहा कि मेरे सामने जितनी भी पार्टियां हैं, उनमें परिवार के पांच लोगों को ही राष्ट्रीय अध्यक्ष चुनना है। हमें 12-13 करोड़ सदस्यों में से प्रक्रिया के बाद चुनना है। इसलिए राष्ट्रीय अध्यक्ष के लोकतांत्रिक तरीके से चुनाव में थोड़ा समय लग रहा है, आपकी पार्टी में अध्यक्ष के चुनाव में बिल्कुल भी समय नहीं लगेगा। लेकिन, मैं ये बात गारंटी से कह सकता हूं कि आप 25 साल अध्यक्ष बने रहेंगे। अमित शाह की टिप्पणी पर अखिलेश यादव भी मुस्कुराते हुए नजर आए। अखिलेश यादव ने कहा कि अध्यक्ष जी जो बात सामने से निकलकर आई है, मैं उसको आगे बढ़ा देता हूं, सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर जो बात गुपचुप हो रही है, कहीं ऐसा तो नहीं था कि कुछ दिन पहले जो यात्रा हुई है,

## काटकर मार दूंगी... पत्नी ने सच कर दी 15 दिन पहले कही बात; ताबड़तोड़ चाकू के वार कर किया पति का कत्ल

मुस्करा (आरएनएस)। उत्तर प्रदेश के कस्बा मुस्करा में एक सनसनीखेज घटना सामने आई है, जहां एक महिला ने अपने पति की चाकू से गोदकर हत्या कर दी। चौंकाने वाली बात यह है कि हत्या के बाद भी महिला को कोई पछतावा नहीं है और वह खुलकर कह रही है कि उसने अपने बच्चों का भविष्य बचाने के लिए यह कदम उठाया। यह घटना बीते सोमवार दोपहर करीब दो बजे बैजनाथ अग्रवाल विद्यालय के पीछे मोती नगर मुहल्ले में हुई। अनीता रैकवार नामक महिला ने अपने पति अरविंद रैकवार पर सब्जी काटने वाले बड़े चाकू से ताबड़तोड़ पांच वार किए, जिससे उसकी मौके पर ही मौत हो गई। हत्या के बाद अनीता ने अपने बड़े बेटे दिनेश को, जो उस समय बाजार में था, फोन करके घर बुलाया और तबीयत खराब होने की बात कही। घर पहुंचने पर दिनेश ने अपने पिता को खून से लथपथ देखा और अपनी मां को पास में बैठे पाया। शुरुआती पूछताछ में अनीता ने पुलिस को बताया कि कुछ अज्ञात लोग घर में घुसे और दोनों पर हमला करके चले गए।




जापान में भारत के राजदूत सिबी जॉर्ज ने टोक्यो स्थित भारतीय दूतावास में हनामी समारोह 2025 में जापान के रक्षा मंत्री जनरल नाकातानी से मुलाकात की.



विदेश सचिव विक्रम मिस्री और भारत में चीनी राजदूत शू फेइहोंग ने नई दिल्ली में भारत और चीन के बीच राजनयिक संबंधों की 75वीं वर्षगांठ के अवसर पर केक काटा।

## वक्फ बिल से मुसलमानों को फायदा, विपक्ष कर रहा गुमराह : शहाबुद्दीन रजवी

बरेली (आरएनएस)। ऑल इंडिया मुस्लिम जमात के प्रमुख मौलाना शहाबुद्दीन रजवी ने बुधवार को कहा कि वक्फ (संशोधन) विधेयक से मुसलमानों को कोई खतरा नहीं है, बल्कि इससे उन्हें काफी लाभ होगा। उन्होंने दावा किया कि कुछ राजनीतिक समूह विधेयक के बारे में अनावश्यक भय फैलाकर जनता को गुमराह कर रहे हैं।

रजवी ने कहा, मुझे उम्मीद है कि संसद में वक्फ (संशोधन) विधेयक बिना किसी व्यवधान के पारित हो जाएगा। विपक्ष निश्चित रूप से हंगामा करेगा क्योंकि वह वोट बैंक की राजनीति करना चाहता है, इसलिए वह अपने वोट बैंक को बनाए रखने के लिए निश्चित रूप से हंगामा करेगा।

इस बिल से मुस्लिम समुदाय को नुकसान पहुंचने की आशंकाओं को खारिज करते हुए उन्होंने कहा, वक्फ (संशोधन) विधेयक से मुसलमानों को कोई खतरा नहीं है। ऑल इंडिया मुस्लिम पर्सनल लॉ बोर्ड (एआईएमपीएलबी) और राजनीतिक समूहों से जुड़े अन्य लोग मुसलमानों को डरा रहे हैं, उन्हें गुमराह कर रहे हैं, अफवाहें फैला रहे हैं और गलतफहमियां पैदा कर रहे हैं।

उन्होंने कहा, हालांकि, मैं मुसलमानों को आश्वस्त करना चाहता हूं कि न तो उनकी मस्जिदें और न ही ईदगाह, दरगाह या कब्रिस्तान छीने जाएंगे। यह केवल और केवल एक अफवाह है।

बिल के फायदों पर प्रकाश डालते हुए रजवी ने कहा, संशोधन लागू होने के बाद होने वाली आय गरीब, कमजोर, असहाय, धर्मपरायण और विधवा मुसलमानों पर खर्च की जाएगी। इससे उनकी तरक्की और विकास होगा। शिक्षा के क्षेत्र में काम किया जाएगा और इससे होने वाली आय से स्कूल, कॉलेज, मदरसे और मस्जिद खोले जाएंगे और उनका रखरखाव किया जाएगा। विधेयक के उद्देश्य के बारे में विस्तार से कहा, हमारे बुजुर्गों की कल्पना के अनुसार वक्फ का उद्देश्य यह था कि इससे होने वाली आय को जनकल्याण कार्यों में लगाया जाए। लेकिन भ्रष्टाचार के कारण ऐसा नहीं हो सका।

उन्होंने कहा, अब यह नया विधेयक भ्रष्टाचार को रोकेगा और यह सुनिश्चित करेगा कि पैसा वैध उद्देश्यों पर खर्च हो। यह मुसलमानों की तरक्की के लिए है, जिन्हें इससे लाभ होगा। निजी लाभ के लिए करोड़ों रुपये की वक्फ बोर्ड की जमीनों की अवैध बिक्री पर रोक लगेगी और आय का उपयोग सही उद्देश्यों के लिए किया जाएगा।



सिकंदर स्टार सलमान खान ने यंग को-एक्ट्रेस रश्मिका मंदाना के साथ काम करने के बारे में अपने विचार साझा किए। उन्होंने कहा कि जब तक एक्ट्रेस ठीक है, तब तक इसमें कुछ भी गलत नहीं है। हालाँकि, उनके विचार कई लोगों को पसंद नहीं आए और सिकंदर स्टार को इसके लिए खरी-खोटी भी सुनाई गई। लेकिन दूसरी ओर, अमीषा पटेल ने सलमान खान की राय का समर्थन किया और कहा कि जब तक यह बड़े पर्दे के लिए कारगर है, तब तक इससे कोई फर्क नहीं पड़ता।

# स्टार किड्स से तुलना पर बोलीं श्रेया चौधरी-आपको कोई कमजोर नहीं कर सकता



हाल ही में आईफा 2025 में 'बंदिश बैंडिट सीजन 2' के लिए सर्वश्रेष्ठ अभिनेत्री का पुरस्कार जीतने वाली अभिनेत्री श्रेया चौधरी ने न्यूज एजेंसी से खुलकर बात की। इस दौरान उन्होंने मनोरंजन इंडस्ट्री में स्टार किड्स से तुलना किए जाने की चुनौतियों के साथ ही अन्य मुद्दों पर भी अपनी राय रखी।

इंडस्ट्री में स्टार किड्स से तुलना किए जाने की चुनौतियों के साथ ही श्रेया ने सोशल मीडिया स्टार्स और स्टार किड्स के बढ़ते प्रभाव पर राय रखी। उन्होंने स्टार किड्स के बढ़ते प्रभाव वाले माहौल में पहचान बनाने के प्रेशर के बारे में पूछे जाने पर अपनी मां का एक मंत्र भी शेयर किया।

श्रेया ने बताया, मेरा मानना है कि जब आपकी किसी से तुलना की जाती है तो इसका कोई मतलब नहीं है और ये आपके लिए कहीं से भी मददगार नहीं होता है। मेरी मां ने एक बार मुझसे कहा था कि जिंदगी का सफर सबके लिए अलग-अलग होता है तो इसे एक ही तरह से नहीं देखना चाहिए। कोई पहचान बना चुका है तो वो मेरी पहचान को खत्म नहीं कर सकता। किसी की चमक मेरी चमक को कम नहीं कर सकती। मैं इसी लाइन को फॉलो करती हूं। मैं अपना बेस्ट देने के लिए कड़ी मेहनत करती हूं और इसके लिए ईमानदारी से काम कर रही हूं। मैं खुश हूं।

आईफा में वेब सीरीज 'बंदिश बैंडिट सीजन 2' के लिए सर्वश्रेष्ठ अभिनेत्री का खिताब जीतने पर उन्होंने कहा, यह एक सपना सच होने जैसा है। मैं आईफा टीम, जूरी, मेरे लिए वोट करने वाले सभी लोगों और दर्शकों की बहुत आभारी हूं। यह मेरा एक सपना था। जब मैंने अपना सफर शुरू किया तो मैं सोचती थी कि एक दिन मुझे भी कोई पुरस्कार मिलेगा और जब मेरा यह सपना सच हो गया तो मेरी हालत सामान्य नहीं थी।

## सनी देओल की जाट में शामिल हुईं उर्वशी रौतेला, टच किया गाने में डांस करती दिखेंगी

अभिनेता सनी देओल काफी समय से अपनी आगामी फिल्म जाट को लेकर चर्चा में बने हुए हैं, जिसके निर्देशन की कमान गोपिचंद मालिनेनी संभाली है। बताया जा रहा है कि यह सनी के करियर की अब तक की सबसे बड़ी एक्शन फिल्म होगी, जिसका दर्शक बेसब्री से इंतजार कर रहे हैं।

अब जाट की स्टार कास्ट में अभिनेत्री उर्वशी रौतेला शामिल हो गई हैं। वह फिल्म के गाने टच किया में डांस करती नजर आएंगी। टच किया गाने का प्रोमो सामने आ गया है, जिसमें उर्वशी को डांस करते हुए देखा जा सकता है। यह गाना आज शाम (1 अप्रैल) 5:04 बजे रिलीज होगा। जाट में सनी का सामना एक नहीं, बल्कि 6 खलनायकों से होने वाला है,

# सान्या मल्होत्रा की बोल्डनेस ने इंटरनेट पर मचाया बवाल, एक्ट्रेस का स्टनिंग अंदाज देखकर दीवान हुए फैंस



दंगल गर्ल सान्या मल्होत्रा बॉलीवुड इंडस्ट्री की जानी-मानी एक्ट्रेस हैं। उन्होंने अपनी अदाकारी ने फैंस को इस कदर दीवाना बनाया है किल लोग उनकी तारीफों के पुल बांधते नहीं थकते हैं। अब हाल ही में एक्ट्रेस सान्या मल्होत्रा ने अपने लेटेस्ट फोटोशूट की तस्वीरें फैंस के बीच साझा की हैं। इन तस्वीरों में उनका किलर अवतार देखकर फैंस एक बार फिर से अपने होश खो बैठे हैं।

एक्ट्रेस सान्या मल्होत्रा आए दिन अपनी लेटेस्ट फोटोशूट की तस्वीरें इंस्टाग्राम पर पोस्ट कर अक्सर फैंस को दीवाना बनाए हुए रहती हैं। उनका हर एक लुक इंटरनेट पर आते ही बवाल मचाने लगता है।

अब हाल ही में एक्ट्रेस सान्या मल्होत्रा ने अपने लेटेस्ट फोटोशूट की बेहद ही ग्लैमरस तस्वीरें इंस्टाग्राम पर पोस्ट की हैं। इन तस्वीरों में उनका किलर लुक देखकर फैंस तारीफों के पुल बांधते नहीं थक रहे हैं।

बता दें कि एक्ट्रेस जब भी अपनी फोटोज इंस्टाग्राम पर पोस्ट करती हैं तो फैंस उनकी तस्वीरों पर लाइक्स और कॉमंट्स के जरिए अपनी-अपनी प्रतिक्रियाएं देते हैं।

उनका हर एक इंटरनेट पर आते ही तबाही मचाने लगता है। इन फोटोज में आप देख सकते हैं एक्ट्रेस सान्या मल्होत्रा ने व्हाइट कलर का गाउन पहना हुआ है, जिसमें वो एक से बढ़कर एक सिजलिंग पोज दे रही हैं।

बालों को हाई बन लुक में बांधकर और लाइट मेकअप कर के एक्ट्रेस सान्या मल्होत्रा ने अपने आउटलुक को कंप्लीट किया है। उनका ये सिजलिंग अंदाज देखकर फैंस मंत्रमुग्ध हो गए हैं।

सान्या मल्होत्रा सोशल मीडिया पर काफी एक्टिव रहती हैं। इंस्टाग्राम पर उनकी फैन फॉलोइंग लिस्ट भी काफी जबरदस्त है।

## फवाद खान और वाणी कपूर की फिल्म अबीर गुलाल का टीजर जारी, रिलीज डेट भी आउट

फैंस का इंतजार खत्म हो गया है क्योंकि फवाद खान करीब 8 साल बाद बॉलीवुड में वापसी करने जा रहे हैं. उन्हें अबीर गुलाल में वाणी कपूर के साथ इश्क फरमाते हुए देखा जाएगा. फिल्म का ऑफिशियल टीजर सामने आ गया है जिसमें पाकिस्तानी एक्टर अपनी जादुई आवाज और आंखों में चमक लिए वाणी के साथ फ्लर्ट कर रहे हैं. टीजर के साथ ही फिल्म की रिलीज डेट भी अनाउंस कर दी है. टीजर के साथ ही फिल्म की रिलीज डेट भी अनाउंस कर दी गई है. फवाद और वाणी की अबीर गुलाल सिनेमाघरों में 9 मई 2025 को दस्तक देगी. वाणी कपूर ने टीजर अपने सोशल मीडिया अकाउंट पर पोस्ट किया और कैप्शन लिखा, इंतजार खत्म हुआ! अबीर गुलाल और फवाद खान के साथ बड़े पर्दे पर प्यार फिर से लेकर आ रहे हैं. एक रिचर लेंस फिल्म 9 मई को सिनेमाघरों में मिलते हैं. अबीर गुलाल का टीजर काफी रोमांटिक और प्यार भरा है. फवाद अपने चार्म के लिए जाने जाते हैं और इसमें कोई शक नहीं कि वे बड़े पर्दे पर फिर से प्यार लाने वाले हैं. टीजर की शुरुआत उनके गाने से होती है जिसके लिरिक्स हैं- कुछ ना कहो...कुछ भी ना कहो...बैकग्राउंड म्यूजिक बंद हो जाता है और फिर फवाद वाणी के लिए वो गाना गाते हैं. फवाद की सुरीली आवाज और आंखों के चार्म में वाणी को डूबते हुए देखा गया. दोनों कार के अंदर बैठे हुए हैं और बाहर बारिश हो रही है. इतना तो तय है कि फवाद फिर से अपने रोमांटिक अंदाज से फैंस का दिल जीतने के लिए तैयार है. अबीर गुलाल एक रोमांटिक कॉमेडी है जिसमें फवाद खान की शानदार वापसी होने जा रही है. इस फिल्म के साथ फवाद लगभग 8 सालों बाद बॉलीवुड में वापसी करने जा रहे हैं. पिछली बार उन्हें 2016 की फिल्म ए दिल है मुश्किल में रणबीर कपूर और अनुष्का शर्मा के साथ देखा गया था. बता दें भारत-पाकिस्तान के रिश्तों में खटास के कारण पाकिस्तानी कलाकारों को भारत में बैन कर दिया गया था. लेकिन इसके बाद फवाद ने बॉलीवुड से रिश्ता बनाए रखा और अब वे वापसी करने जा रहे हैं. इंडियन स्टोरीज लिमिटेड और ए रिचर लेंस एंटरटेनमेंट द्वारा प्रस्तुत अबीर गुलाल लंदन में सेट की गई एक प्यारी सी लव स्टोरी है.

# फिल्म टेस्ट का ट्रेलर जारी; आर माधवन, सिद्धार्थ और नयनतारा की तिकड़ी ने किया कमाल

अभिनेता आर माधवन काफी समय से अपनी आगामी फिल्म टेस्ट को लेकर चर्चा में बने हुए हैं, जिसके निर्देशन की कमान एस. शशिकांत ने संभाली है।

यह फिल्म इसलिए खास है, क्योंकि इसमें माधवन के साथ सिद्धार्थ और नयनतारा भी मुख्य भूमिका में होंगे। तीनों की तिकड़ी देखने के लिए दर्शक बेताब हैं। आखिरकार अब निर्माताओं ने टेस्ट का ट्रेलर जारी कर दिया है, जिसे प्रशंसक खूब पसंद कर रहे हैं। माधवन की अदाकारी की काफी तारीफ हो रही है। यह फिल्म 4 अप्रैल, 2025 को नेटफ्लिक्स पर रिलीज होगी। खास बात यह है कि फिल्म को आप हिंदी के साथ तमिल, तेलुगु, कन्नड़ और मलयालम भाषा में देख पाएंगे। निर्माताओं ने लिखा, टेस्ट का ट्रेलर रिलीज हो गया है। अपने सपनों के लिए वे कितनी दूर तक जाएंगे? यह तो टेस्ट ही बताएगा। इस फिल्म में सिद्धार्थ एक क्रिकेटर की भूमिका में नजर आएंगे, जिसका नाम अर्जुन है। नयनतारा फिल्म में माधवन की पत्नी के रूप में नजर आएंगी। निर्देशक एस शशिकांत ने फिल्म के बारे में विस्तार से बात की। उन्होंने कहा, टेस्ट का निर्देशन करना मेरे लिए एक शानदार सफर रहा है। यह मेरी पहली फिल्म है। इसने मेरी कहानी कहने की काबिलियत को भी परखा। यह फिल्म सिर्फ क्रिकेट के बारे में नहीं है, बल्कि यह इंसानी जज्बातों, हमारे फैसलों और जीत-हार के बीच की बारीक रेखा को दिखाती है। माधवन, नयनतारा, सिद्धार्थ और मीरा जैस्मिन जैसे बेहतरीन कलाकारों के साथ काम करना मेरे लिए खास रहा। मुझे उम्मीद है कि दुनियाभर के दर्शक नेटफ्लिक्स पर इसे देखकर इस कहानी से जुड़ेंगे।

**अल्लू अर्जुन की आर्या 2 थिएटर में होगी 5 अप्रैल को री-रिलीज, ओटीटी पर भी मौजूद है फिल्म**

अल्लू अर्जुन ने फिल्म 'पुष्पा' और 'पुष्पा 2' में एक्शन, दमदार डायलॉग से दर्शकों को अपने अभिनय का कायल बना दिया। लेकिन इस एक्शन फिल्म से पहले वह कई रोमांटिक फिल्मों का भी हिस्सा रहे हैं, जिन्हें दक्षिण भारतीय दर्शकों ने खूब सराहा है। जल्द ही अल्लू अर्जुन की रोमांटिक फिल्म 'आर्या 2' थिएटर में वापसी कर रही है यानी री-रिलीज हो रही है। इस फिल्म को क्यों दोबारा रिलीज किया जा रहा है?

साल 2009 में अल्लू अर्जुन की फिल्म 'आर्या 2' रिलीज हुई थी। इस फिल्म को निर्देशक सुकुमार ने निर्देशित किया था। फिल्म में अल्लू अर्जुन काजल अग्रवाल के साथ रोमांस करते दिखे थे। अब यही फिल्म 5 अप्रैल को थिएटर में फिर से दिखाई जाएगी। दरअसल, 8 अप्रैल को अल्लू अर्जुन का जन्मदिन है, उससे पहले इस फिल्म को थिएटर में रिलीज किया जा रहा है। 'आर्या 2' की कहानी की बात करें तो इसमें अल्लू अर्जुन ने एक अनाथ लड़के का रोल किया है।

## बॉक्स ऑफिस पर एल2: एम्पुरान की कमाई की रफ्तार धीमी, पांचवें दिन कमाए इतने करोड़ रुपये

सुपरस्टार मोहनलाल की फिल्म एल2: एम्पुरान को सिनेमाघरों में रिलीज हुए एक सप्ताह पूरा होने जा रहा है और दर्शकों के बीच अपनी पकड़ मजबूत बनाए हुए है। यह फिल्म 27 मार्च को सिनेमाघरों में रिलीज हुई थी और यह पहले दिन से ही बॉक्स ऑफिस पर अच्छा प्रदर्शन कर रही है। हालांकि, सिकंदर के सिनेमाघरों में दस्तक देते ही एल2: एम्पुरान की कमाई की रफ्तार धीमी हो गई है। आइए जानें फिल्म ने पांचवें दिन कितने करोड़ रुपये कमाए। बॉक्स ऑफिस ट्रैकर सैकनिल्क के मुताबिक, एल2: एम्पुरान ने अपनी रिलीज के पांचवें दिन यानी सोमवार को 11 करोड़ रुपये का कारोबार किया, जिसके बाद फिल्म का कुल बॉक्स ऑफिस कलेक्शन 70 करोड़ रुपये हो गया है। इस फिल्म ने 21 करोड़ रुपये का साथ बॉक्स ऑफिस पर शानदार शुरुआत की थी, वहीं दूसरे दिन यह फिल्म 11.1 करोड़ रुपये कमाने में सफल रही।

# घर पर सेब को लंबे समय तक ताजा बनाए रखने के लिए अपनाएं ये 5 तरीके



सेब एक ऐसा फल है, जो न केवल स्वादिष्ट है, बल्कि स्वास्थ्य के लिए भी फायदेमंद है। इसका कारण है कि इसमें विटामिन-सी, फाइबर और एंटी-ऑक्सीडेंट्स जैसे कई जरूरी तत्व होते हैं।

हालांकि, सेब जल्दी खराब हो सकते हैं इसलिए इसे सही तरीके से रखना जरूरी है।

आइए आज हम आपको कुछ ऐसे तरीके बताते हैं, जिन्हें अपनाकर आप सेब को लंबे समय तक ताजा रख सकते हैं।

पानी में भिगोकर रखें

सेब को लंबे समय तक ताजा रखने का एक आसान तरीका है कि इसे पानी में भिगोकर रखा जाए। इसके लिए एक बड़े बर्तन में ठंडा पानी भरें और उसमें सारे सेब डाल दें। इस पानी को रोजाना बदलते रहें और ध्यान रखें कि सेब पूरी तरह से पानी में डूबे रहें। इससे सेब की ताजगी बनी रहेगी और वे जल्दी खराब नहीं होंगे।

यह तरीका खासकर गर्मियों में बहुत फायदेमंद होता है।

ठंडे स्थान पर रखें

ठंडे स्थान पर सेब को रखने से उनकी ताजगी बनी रहती है और वे लंबे समय तक अच्छे रहते हैं।

सेब को सबसे पहले धोकर सुखा लें, फिर एक प्लास्टिक थैली या डिब्बे में डालकर ठंडे स्थान पर रखें। ध्यान रखें कि सेब एक-दूसरे से थोड़ी दूरी पर हों ताकि हवा चलती रहे और वे जल्दी खराब न हों।

इस तरीके से सेब 2-3 हफ्ते तक ताजे बने रहते हैं।

आलू का उपयोग करें

आलू का उपयोग करके भी आप सेब को लंबे समय तक ताजा रख सकते हैं।

इसके लिए एक बड़े बर्तन में आलू के टुकड़े काटकर रखें और ऊपर से सारे सेब रख दें।

आलू से निकलने वाली नमी से सेब जल्दी खराब नहीं होते और उनकी ताजगी बनी रहती है। ध्यान रखें कि आलू के टुकड़े मोटे न हों, पतले काटें ताकि हवा चलती रहे और सेब अच्छे से रखे जा सकें।

अखबार लपेटें

सेब को अखबार में लपेटकर रखने से भी उनकी ताजगी बनी रहती है और वे जल्दी खराब नहीं होते।

इसके लिए सबसे पहले सारे सेब को धोकर सुखा लें, फिर हर सेब को एक-एक करके अखबार में लपेट दें और एक डिब्बे में रख दें। ध्यान रखें कि अखबार ज्यादा गीला न हो, सूखा हो ताकि हवा चलती रहे और सेब अच्छे से रखे जा सकें।

छिलका न उतारें

सेब का छिलका उनके लिए प्राकृतिक सुरक्षा की तरह काम करता है इसलिए इसे न उतारें। जब भी सेब का उपयोग करना हो तभी इसे धोकर उपयोग करें ताकि उसकी ताजगी बनी रहे और जरूरी तत्व बरकरार रहें।

इन सभी तरीकों को अपनाकर आप अपने घर पर ही आसानी से सेब को लंबे समय तक ताजा रख सकते हैं और उसके सभी फायदों का आनंद ले सकते हैं।

# रस्सी कूदने के लिए अपनाएं ये 5 तरीके, अच्छे से होगी कार्डियो एक्सरसाइज



रस्सी कूदना एक बेहतरीन एक्सरसाइज है, जो न केवल शरीर को फिट रखता है, बल्कि मन को भी शांत करता है। यह एक सरल और प्रभावी तरीका हो सकता है, जिससे आप अपने शरीर को सक्रिय रख सकते हैं। इस लेख में हम आपको रस्सी कूदने के लिए कुछ ऐसे तरीकों के बारे में बताएंगे, जो आपको न केवल फिट रखेंगे बल्कि आपके मन को भी सुकून देंगे।

साधारण कूदना सीखे

रस्सी कूदना सीखने का पहला कदम साधारण कूदना है।

इसके लिए आपको सबसे पहले सही तरीके से रस्सी पकड़नी होगी और उसे अपने सिर से ऊपर ले जाकर कूदना होगा। ध्यान रखें कि आपकी कूद ऊंची न हो, बस इतनी हो कि रस्सी आपके पैरों के ऊपर से गुजर जाए। इस प्रक्रिया को बार-बार दोहराएं ताकि आपके हाथ और पैरों का तालमेल बढ़ सके और आप आसानी से रस्सी कूद सकें।

दोहरी कूद आजमाएं

दोहरी कूद एक खास तरीका है, जिसमें रस्सी को दो बार आपके पैरों के नीचे से गुजरना होता है।

इसे करने के लिए आपको पहले साधारण कूदना अच्छे से आना चाहिए। इसके बाद धीरे-धीरे अपनी कूद की ऊंचाई बढ़ाएं और हाथों की गति को तेज करें ताकि रस्सी दो बार नीचे से गुजर सके।

शुरुआत में यह मुश्किल लग सकता है, लेकिन अभ्यास से आप इसे आसानी से सीख सकते हैं।

क्रॉसओवर कूदें

क्रॉसओवर कूदना एक ऐसा तरीका है, जिसमें कूदते समय रस्से को क्रॉस करके आगे पीछे करना होता है। इसके लिए सबसे पहले साधारण कूदना अच्छे से आना चाहिए। अब जब आप हवा में हों तो अपने हाथों को क्रॉस करें और जब आप नीचे हों तो उन्हें खोल लें। इस प्रक्रिया को बार-बार दोहराएं ताकि आपके हाथों और पैरों का तालमेल बढ़ सके और आप आसानी से इस तकनीक को सीख सकें।

साइड स्विच करें

साइड स्विच करने का मतलब है कि आप अपनी स्थिति बदलते हुए रस्सी को एक तरफ से दूसरी तरफ ले जाएं। इसके लिए सबसे पहले साधारण कूदना अच्छे से आना चाहिए। अब जब आप हवा में हों तो अपने हाथों को खोलकर रस्से को एक तरफ से दूसरी तरफ ले जाएं।

इस प्रक्रिया को बार-बार दोहराएं ताकि आपका संतुलन बना रहे और आप आसानी से इस तकनीक को सीख सकें।

पीछे की ओर कूदें

पीछे की ओर कूदने का मतलब है कि आप पीछे की तरफ से रस्सी को कूदें।

इसके लिए सबसे पहले साधारण कूदना अच्छे से आना चाहिए। अब जब आप हवा में हों तो अपनी पीठ की तरफ रस्सी को लाएं, फिर नीचे आते समय इसे अपने पैरों के नीचे से निकालें।

## शब्द सामर्थ्य -006


(भागवत साहू)

**बाएं से दाएं**

1. आय व्यय का लेखा-जोखा, गणित, एकाउंट 3. विनती, अदब 6. दृष्टांत, सुपुर्दगी, उदाहरण 7. मूल्यवान, बहुमूल्य 8. अच्छे ढंग में गाया जाने वाला सुंदर गीत 10. बराबर, सम 12. मुख, चेहरा 14. अनुकृति, अनुकरण, असल का विलोम 17. दिमाग, मस्तिष्क 18. मनोहर, सुंदर, इच्छित, प्यारा 19. गर्मी, ताप 21. रसिया, प्रेमी, रसपान करने वाला 23. दबाव, भार 24. भीख 25. काम से जी चुराने वाला, आलसी।

**ऊपर से नीचे**

1. साहस, वीरता, बहादुरी 2. बहिन, प्रवाहित होना 3. प्रणय क्रीडा, सुखोपभोग, हावभाव 4. विश्वास, प्रतीति 5. इंतजार 9. खाने-पीने का सामान, रसद 11. नशीला, मदभरा 12. घायल, जख्मी 13. झुकना, प्रणाम, नमस्कार 14. दृष्टि, निगाह 15. तीव्रइच्छा 16. अर्थ, अभिप्राय, स्वार्थ 20. इम्तिहान, योग्यता आदि को परखना 22. जुल्म, अन्याय 23. पत्नी, बीवी, एक प्रत्यय।



**शब्द सामर्थ्य क्रमांक 005 का हल**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| दा | ढ़ी | | की | | खा | सो | आ | म |
| वा | | त | म | न्ना | | | जा | |
| न | जा | क | त | | बा | अ | द | ब |
| ल | | ली | | वि | ला | प | | हा |
| | अ | फ | सा | ना | | मा | हि | र |
| दा | ब | | | श | गु | न | | |
| न | | ठ | प | का | र | | शि | |
| व | | त्स | | र | | त | क | ला |
| | सा | व | न | | गु | रु | वा | र |



जबलपुर (नगर प्रतिनिधि)। थाना बरगी में रात्रि सतीष यादव उम्र 30 वर्ष निवासी फारेस्ट आफिस के सामने बरगी ने रिपोर्ट दर्ज कराई कि मोटर वायडिंग का काम करता है वह एवं रूपेश साहू के साथ मिश्रा डेयरी के सामने रोड पर खड़े थे तभी बरगी में नवीन विश्वकर्मा के घर आने जाने वाले जबलपुर निवासी अफसर उर्फ समीर खान अपने 2 साथी आदिल एवं सोनू खान के साथ स्कूटी में आया और शराब पीने के लिये एक हजार रूपये की मांग करने लगा, उसने रूपये देने से मना किया तो तीनों गाली गलौज करने लगे,



# सभी बिजली कंपनियों में स्वास्थ्य बीमा योजना लागू करने का निर्णय

## ऊर्जा मंत्री श्री तोमर ने की बिजली कंपनियों के कार्यों की समीक्षा



जबलपुर (नगर प्रतिनिधि)। सभी बिजली कंपनियों में कार्यरत अधिकारी-कर्मचारियों के लिये स्वास्थ्य बीमा योजना लागू की जाएगी। यह कार्यवाही समय-सीमा में पूरी की जाए। ऊर्जा मंत्री श्री प्रद्युम्न सिंह तोमर ने यह निर्देश शुक्रवार को भोपाल मंत्रालय में विद्युत कंपनियों के कार्यों की समीक्षा के दौरान दिए। बैठक में अपर मुख्य सचिव ऊर्जा श्री नीरज मंडलोई, एमपी पावर मैनेजमेंट कंपनी के प्रबंध संचालक श्री अविनाश लवानिया, मध्य क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी के प्रबंध संचालक श्री क्षितिज सिंघल, पश्चिम क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी के प्रबंध संचालक श्री अनूप सिंह, पावर जनरेटिंग कंपनी के प्रबंध संचालक श्री मनजीत सिंह और पावर ट्रांसमिशन कंपनी के प्रबंध संचालक श्री सुनील तिवारी सहित अन्य वरिष्ठ अभि?यंता उपस्थित थे।

लक्ष्य निर्धारित कर करें कार्य-ऊर्जा मंत्री श्री तोमर ने कहा कि पूरे वर्ष का लक्ष्य निर्धारित करें और उसी के अनुरूप कार्यवाही करें। उन्होंने कहा कि वे त्रैमासिक समीक्षा करेंगे। ऊर्जा मंत्री श्री तोमर ने कहा कि निर्धारित मापदंड के अनुसार कार्य करने वाले अधिकारियों को प्रोत्साहित किया जाएगा। साथ ही मापदंड अनुसार काम नहीं करने वाले अधिकारियों को दंडित किया जाएगा। इसी के आधार पर स्थानांतरण और पदोन्नति भी तय की जाएगी। जल?द पूरी करें भर्ती प्रक्रिया-ऊर्जा मंत्री श्री तोमर ने कहा जनरेटिंग कंपनी और ट्रांसमिशन कंपनी का नया ओ.एस. (संगठनात्मक संरचना) स्वीकृत हो चुका है। अत: भर्ती की प्रक्रिया जल्द पूरी करें। उन्होंने बिजली कंपनियों द्वारा गत वित्तीय वर्ष में किए गए उल्लेखनीय कार्यों के लिये बधाई भी दी। मंत्री श्री तोमर ने कहा कि सभी कंपनियों की भर्ती एवं सेवा की शर्तें एक समान होनी चाहिए। आउटसोर्स कर्मचारियों का भी ईपीएफ जमा होना चाहिए। ऐप के माध्यम से कर्मचारी ईपीएफ की जानकारी ले सकते हैं।

पीएम जन-मन और धरती आबा में स्वीकृत कार्य समय सीमा में पूरा करें-ऊर्जा मंत्री श्री तोमर ने कहा कि पीएम जन-मन और धरती आबा योजना में स्वीकृत कार्यों को समय-सीमा में पूरा करें। जन-मन योजना में 27 हजार 230 घरों में विद्युत कनेक्शन देने का लक्ष्य है। इसमें 17 हजार 739 घरों में विद्युत कनेक्शन दिए जा चुके हैं। तीनों विद्युत वितरण कंपनियां लॉइन लॉसेस कम करने के लिये सुनियोजित कार्ययोजना बनाएं। खराब ट्रांसफार्मर समय पर बदलें। न्यायालयीन प्रकरणों में सरकारी पक्ष मजबूती से रखें। विद्युत कटौती और मेंटेनेंस की जानकारी सोशल मीडिया में भी दें। उन्होंने आरडीएसएस योजना में स्वीकृत कार्यों की भी समीक्षा कर जरूरी निर्देश दिए।

विद्युतकर्मी जिम्मेदार नागरिक होने का कर्त्तव्य निभाएं-ऊर्जा मंत्री श्री तोमर ने कहा कि हम सब अधिकारी-कर्मचारी होने के साथ ही एक नागरिक भी हैं। अत: हमारा सामाजिक दायित्व भी है। इसका निर्वहन निष्ठा के साथ होना चाहिए। उन्होंने कहा कि गत वर्ष एक लाख पौधे लगाये गए थे, इनकी सुरक्षा की चिंता करें। साथ ही आगामी बरसात में पौध-रोपण की कार्ययोजना भी बना लें। अपर मुख्य सचिव ऊर्जा श्री नीरज मंडलोई ने विभागीय योजनाओं के क्रियान्वयन की स्थिति से अवगत कराया।

# चलित प्रसादम सेवा के 14 साल 5062 दिन पूरे

# 18 लाख 98 हजार 250 लोगों ने पाया भोजन

## भूखे को भोजन करना प्राचीन परंपरा.... ज्ञानेश्वरी दीदी



जबलपुर (नगर प्रतिनिधि)। आज से 13 साल पहले 4 अप्रैल 2011 हिंदू नव वर्ष पर जमुना प्रसाद अग्रवाल एडवोकेट की योजना से हरे कृष्णा आश्रम भेड़ाघाट के संस्थापक स्वामी रामचंद्रदास जी महाराज के सानिध्य में 200 से 300 लोगों का प्रतिदिन चलित प्रसादम सेवा के नाम से एक गाड़ी में भोजन वितरण का कार्यक्रम प्रारंभ किया गया था आज 4 अप्रेल को मेडिकल कॉलेज के अंदर मरीज के परिजन एवं मरीजो को पूज्य ज्ञानेश्वरी दीदी एवं स्वामी रामचंद्र दास जी महाराज के सानिध्य में पूरी सब्जी कड़ी चावल हलवा आचार वितरित किया गया पूज्य ज्ञानेश्वरी दीदी ने कहा भूखे को भोजन करना हजारों वर्ष पुरानी प्राचीन परंपरा है इस मानव सेवा से बड़ी कोई सेवा नही है हर सेवा भगवान हर कोई से नहीं करता है इस सेवा के लिए अग्रवाल परिवार को चुना यह पूर्वजों के पुण्य प्रताप का फल है जो शहर के किसी भी स्थान में 13 साल से गाड़ी में भोजन रखकर ले जाया जाता है वहां स्टील की थालियां में शुद्ध साफ भोजन पीने का शुद्ध पानी भी रहता है थाली भी आश्रम के भक्त ही धोते हैं ट्रस्ट के अध्यक्ष शरद अग्रवाल ने बताया करोना के समय प्रतिदिन 1000 लोगों को भोजन वितरित किया जाता था अयोध्या धाम में भगवान रामजी की प्राण प्रतिष्ठा के अवसर पर 10 दिन में 1 लाख 15 हजार लोगों को अयोध्या धाम में भोजन वितरित किया गया उस समय यह सेवा जबलपुर में भी चालू थी नर्मदा महाआरती के संस्थापक डॉक्टर सुधीर अग्रवाल ने बताया 5062 दिनों से प्रतिदिन लगातार जारी है अभी तक 18 लाख 98 हजार 250 लोगों ने प्रसाद पाया इस अवसर पर आलोक राठी राजू बेटियां कमलेश सोनी प्रदीप सोनी आदि उपस्थित थे

# शिक्षित बेटियों से ही बनेगा भारत सशक्त



जबलपुर (नगर प्रतिनिधि)। किसी भी देश की समृद्धि,प्रगति और विकास में मातृशक्ति का महान योगदान होता है। इसके लिए उन्हें शैक्षिक, शारीरिक और मानसिक रूप से स्वस्थ और सशक्त होना जरूरी है। भारत में बेटी बचाओ,बेटी पढ़ाओ योजना इन बेटियों के लिए वरदान सिद्ध हो रही है।

उक्त उद्गार सीनियर साइकोलॉजिस्ट व शिक्षा सलाहकार डॉ.श्रद्धा तिवारी ने महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा वरिष्ठ बुनियादी शाला में बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओ योजना के अंतर्गत महिलाओं के मानसिक स्वस्थता हेतु आयोजित कार्यशाला में मुख्य अतिथि के रूप में व्यक्त किए। कार्यशाला में महिलाओं को तनाव प्रबंधन के गुर सिखाने के साथ ही उनकी व्यक्तिगत समस्याओं का भी समाधान किया गया। कार्यक्रम अध्यक्ष श्रीमती मणि शर्मा तथा कार्यक्रम संयोजिका श्रीमती सुमन पांडे ने धात्री महिलाओं की मानसिक स्वस्थता पर बल दिया। आयोजन में वरिष्ठ समाजसेवी डॉ. एच. पी. तिवारी,सुमन शर्मा,प्रेमलता विश्वकर्मा,ममता कुशवाहा, सुधा वर्मा व कीर्ति मिश्रा सहित बड़ी संख्या में आंगनवाड़ी कार्यकर्ता, धात्री महिलाएं व माताएं शामिल थीं।

# दुर्गा हनुमान मंदिर में 108 दीपों से की मंगल महाआरती





जबलपुर/सरस्वती कॉलोनी स्थित श्री दुर्गा हनुमान मंदिर समिति के तत्वावधान में मंदिर प्रांगण में भक्तजनों द्वारा सप्तमीं तिथि के पूजनोपरांत माँ जगदम्बिके महारानी और पवनसुत हनुमंत लाल जी की 108 दीपों से मंगल महाआरती की संपन्न हुई। जहां पं वासुदेव शास्त्री जी ने अपने आशीष वचन में कहा नवरात्रि की महासप्तमी का दिन दुर्गा के सातवें स्वरूप मां कालरात्रि को समर्पित है इस दिन पूजन अर्चन से भय बाधाएं और नकारात्मकता का नाश होता है इस अवसर पर अध्यक्ष देवेंद्र नेमा,राजेश शर्मा,रघुराज सिंह ठाकुर,मुन्नीबाई शर्मा,प्रभा शर्मा,उर्मिला पाठक,सुनीता गुप्ता,कीर्ति चौहान,प्रीति गुप्ता,कल्पना सुहाने,सरला शर्मा,किशोरी सोनी,रीता सरैया,पं.वीरेंद्र दुबे, राजेंद्र तिवारी,अरविंद गुप्ता,विकाश चौहान, नवीन नेमा,प्रशांत गुप्ता,सुनील ताम्रकार,श्याम कोष्ठा,संदीप नेमा,नितिन दुबे,आशीष नेमा,अरविंद शर्मा सहित बड़ी संख्या में मातृ शक्ति भक्तजन उपस्थित शामिल रहे।

# सत्यम शर्मा को आईआईएम से एमबीए की डिग्री मिली





जबलपुर (नगर प्रतिनिधि)। नगर के सत्यम शर्मा को प्रतिष्ठित भारतीय प्रबन्ध संस्थान ( आई आई एम) से एमबीए की डिग्री शिलांग में आयोजित संस्थान के 16 वें दीक्षांत समारोह में प्रदान की गई। यह उपाधि उनको मेघालय के मुख्यमंत्री कोनराड संगमा, हनीबेल इंडिया के अध्यक्ष डॉ. आशीष मोदी, आईआईएम शिलांग के बोर्ड ऑफ़ गवर्नर्स के चेयरपर्सन शिशिर कुमार बजोरिया एवं प्रोफ़ेसर ऑफ़ एमिनेंस डी.पी. गोयल की विशिष्ट उपस्थिति में प्रदान की गई ।

सत्यम शर्मा ने जबलपुर के मॉडल हाई स्कूल से हाई स्कूल और बारहवीं की परीक्षा पास करने के बाद राजीव गांधी प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय से बी.टेक. तथा वेल्लोर इंस्ट्रीट्यूट ऑफ़ टेक्नोलॉजी ( वीआईटी ) से मैन्युफैक्चरिंग इंजीनियरिंग में एम.टेक. की डिग्री हासिल की । विश्वप्रसिद्ध फोर्ड मोटर्स में एक वर्ष का प्रशिक्षण प्राप्त किया और बहुराष्ट्रीय कंपनी क्रेस्टग्लोबल में कंसल्टेंट के रूप में पदस्थापना हुई लेकिन कुछ ही महीनों बाद कोरोना महामारी के कारण प्रोजेक्ट बंद हो गया ।

सत्यम शर्मा कुछ समय तक निराशा के दौर से गुजरे लेकिन एक दिन उन्होंने संकल्प लिया कि भारत के शीर्ष मैनेजमेंट इंस्टीट्यूट आईआईएम से एमबीए की डिग्री हासिल करेंगे । दिन रात एक कर कैट क्रैक किया । प्रवेश के प्रस्ताव तो आईआईटी कानपुर, रुड़की, दिल्ली स्कूल ऑफ़ इकोनॉमिक्स, आईआईएम लखनऊ, रायपुर, नागपुर, अमृतसर, रांची, अमृतसर आदि से मिले लेकिन उन्होंने आईआईएम शिलांग को चुना । सत्यम के अभिभावक जबलपुर बीएसएनएएल के पूर्व वरिष्ठ अधिकारी एवं लेखक लक्ष्मीकांत शर्मा एवं स्मृति शर्मा हैं ।

# मध्यप्रदेश पावर जनरेटिंग कंपनी के फ्यूल मैनेजमेंट कार्यालय को मिला आईएसओ सर्टिफिकेशन

जबलपुर। मध्यप्रदेश पावर जनरेटिंग कम्पनी के शक्तिभवन स्थित मुख्य अभि?यंता फ्यूल मैनेजमेंट कार्यालय को आईएसओ (अंतरराष्ट्रीय क्वालिटी आईएसओ 9001:2015) प्रदान किया गया। पावर जनरेटिंग कंपनी का यह तीसरा कार्यालय है जिसे आईएसओ सर्टी?फि?केट प्राप्त हुआ है। फ्यूल मैनेजमेंट कार्यालय को यह प्रमाणपत्र उच्च स्तर के ईधन प्रबंधन, कोल लोडिंग-अनलोडिंग, कोल डिस्पैच, कोल टेस्टिंग, मॉनिटरिंग व कोयले के स्टॉक की निगरानी करने और पावर प्लांटों में कोयले की निर्बाध आपूर्ति बनाए रखने के अंतराष्ट्रीय मानदंडों का पालन करने के लिए प्राप्त हुआ है।

इससे पूर्व मध्यप्रदेश पावर जनरेटिंग कंपनी के दो कार्यालयों मुख्य अभियंता उत्पादन भंडार व मुख्य अभियंता संचालन संधारण-जल विद्युत को अंतराष्ट्रीय क्वालिटी मैनेजमेंट सिस्टम 9001:2015 प्रमाणीकरण प्राप्त हो चुका है। उल्लेखनीय है कि वर्तमान में तीनों कार्यालय अंतराष्ट्रीय स्तर के मानदंडों का पालन करते हुए कार्य कर रहे हैं।

पावर जनरेटिंग कंपनी के फ्यूल मैनेजमेंट कार्यालय को आईएसओ प्रमाणीकरण होने पर प्रबंध संचालक मनजीत सिंह, डायरेक्टर टेक्नि?कल सुबोध निगम व डायरेक्टर कॉमर्शि?यल मिलिंद भान्दक्कर ने मुख्य अभियंता हेमंत कुमार संकुले व फ्यूल मैनेजमेंट कार्यालय के समस्त अभि?यंताओं व कार्मिकों को शुभकामना व बधाई देते हुए आशा व्यक्त की कि भविष्य में पूरा कार्यालय इस प्रकार उच्चस्तरीय क्वालिटी मानदंडों का पालन करते हुए कार्य निष्पादित करेगा।

# नगर निगम के पेंशनर्स का भौतिक सत्यापन शुरू

## सभी पेंशनधारियों से निगम मुख्यालय में आकर सत्यापन कराने निगम प्रशासन ने की अपील

जबलपुर । नगर निगम के समस्त पेंशनर और पारिवारिक पेंशन का लाभ लेने वाले पेंशनरों को माह अप्रैल 2025 में भौतिक सत्यापन कराना अनिवार्य है। निगमायुक्त श्रीमती प्रीति यादव के निर्देशानुसार समस्त सेवानिवृत पेंशनरों का दिनांक 1 अप्रैल 2025 से भौतिक सत्यापन किया जा रहा है, समस्त निगम से सेवानिवृत्त हुए पेंशनर नगर निगम मुख्यालय में पेंशन शाखा कमरा नं. 43 में उपस्थित होकर अपना भौतिक सत्यापन करा सकते हैं, जिससे मासिक पेंशन सुचारू रूप से जारी रहे। निगमायुक्त श्रीमती प्रीति यादव ने समस्त पेंशनर से निर्धारित समय सीमा में भौतिक सत्यापन कराकर पारिवारिक पेंशन का लाभ पूर्व की भांति लेने का आग्रह किया है।



# विजय कुमार बड़गैंया को जिला विधि सलाहकार बनाया गया

जबलपुर (नगर प्रतिनिधि)। भारत सरकार द्वारा मान्यता प्राप्त जन कल्याण मानवाधिकार फाउंडेशन में संस्था के राष्ट्रीय अध्यक्ष ज्ञानीश सोनी जी द्वारा आज विजय कुमार बड़गैंया जी को उनके कार्य को देखते हुए जिला विधि सलाहकार बनाया गया और उनसे समाज कल्याण में कार्य करने की अपेक्षा रखते हुए उन्हें संस्था के नियमों एवं संस्था के निम्न बिंदुओं को समझाया गया


# कार्यालय नगर पालिक निगम, जबलपुर

## निविदा सूचना (1 ST Call)

निम्नलिखित कार्य हेतु केंद्रीयकृत प्रणाली में पजीकृत ठेकेदारों से ऑन लाईन निविदायें आमंत्रित की जाती है। निविदा का विस्तृत विवरण वेबसाइट http://.mptenders.gov.in पर देखा जा सकता है।

| क्रं. | टेण्डर क्रमांक जारी दिनांक | कार्य का नाम | कार्य की समयावधि एवं लागत | निविदा प्रपत्र का मूल्य एवं ईएमडी | निविदा की अंतिम तिथि |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 |
| 1 | न.नि.ज./प्रकाश/ 2025-26/01/ पी.आर.ओ./19 दिनांक 04.04.2025 | External Electrification & Line Extension work at Tirmutri nagar & Vivekananda Ward Jabalpur. | 04 माह एवं 1035200/- | 2000 एवं 7764/- | 06.05.2025 |

नोट- निविदा से संबंधित किसी भी प्रकार के संशोधन का प्रकाशन ऑनलाईन http://.mptenders.gov.in की वेबसाइट पर ही किया जायेगा, पृथक से समाचार पत्र में प्रकाशन नही किया जायेगा।

**कार्यपालन यंत्री,( विद्युतीय ), नगर पालिक निगम जबलपुर**


# मानव मात्र के कल्याण के लिए तीर्थंकर परमात्मा करते हैं धर्म तीर्थ की स्थापना -साध्वी श्री सुपार्श्व निधि म,सा





## महामंगलकारी चैत्रीय नव पद ओली आराधना प्रारंभ

जबलपुर (नगर प्रतिनिधि)। महिदपुर रोड स्थानीय श्री सुविधि नाथ जैन मंदिर परिसर स्थित राजेंद्र सूरी ज्ञान मंदिर में विराजित परम पूज्य साध्वी श्री सुपार्श्व निधि जी महाराज साहब ने शुक्रवार को धर्म सभा मे जिनवाणी का रसपान कराते हुए कहा कि अरिहंत परमात्मा ही धर्म तीर्थ की स्थापना करते हैं साथ ही मानव मात्र के ऊपर असीम उपकार करते है। पूज्य साध्वी जी ने अरिहंत शब्द का अर्थ बताते हुए कहा कि अरि याने शत्रु, हतं याने हनन करना जिन्होंने राग द्वेष रूपी आंतरिक शत्रुओं का हनन कर दिया है। जिन्होंने हमें संसार रूपी सागर से तिरने का मार्ग बताया है इसीलिए उपकार की दृष्टि से अरिहंत परमात्मा बड़े एवं उपकारी हैं। अरिहंत पद का जप करने से 50 सगरोपम के आयुष्य का क्षय होता है एवं पूरा नवकार महामंत्र के नौ पदों का स्मरण करने से 500 सागरोपम के आयुष्य का का क्षय होता है । अरिहंत परमात्मा के 12 गुण एवं श्वेत वर्ण होता है नवपद ओली आराधना के अंतर्गत पूज्य साध्वी जी द्वारा श्रीपाल रास ग्रंथ के दृष्टांत का विस्तार से विवेचन किया गया नवपद ओली की आराधना के महाप्रभाव से श्रीपाल मैना सुंदरी का कोड रोग दूर हो गया। इतनी प्रभावशाली अद्भुत यह आराधना है।धर्मसभा में सकल जैन श्री संघ, समाज के वरिष्ठ महानुभव, श्रावक श्राविकाओ ने उपस्थित होकर धर्म लाभ प्राप्त किया पूज्य साध्वी श्री के मंगलमय प्रवचन प्रतिदिन सुबह 9: 15 से 10:30 बजे तक ज्ञान मंदिर में चल रहे हैं । आप श्री की पावन कारी निश्रा में 4 अप्रैल से चैत्र मास की नव पद ओली आराधना विधि विधान के साथ प्रारंभ हुई है जिसमें अनैक आराधक श्रावक श्राविका इस मंगलकारी नव पद ओली आराधना में जुड़कर पुण्य लाभ अर्जित कर रहे हैं पहले दिन 50 से अधिक आराधक ने आयंबिल तप किया 9 दिन तक चलने वाली यह महामंगलकारी मंगलमय आराधना 4 अप्रैल से 12 अप्रैल तक चलेगी प्रथम दिवस का लाभ रमेश चंद दिनेश कुमार बौस, राजेश कुमार राहुल कुमार बोथरा परिवार द्वारा लिया गया। साधार्मिक भक्ति,प्रभावना का लाभ सुरेश चंद सचिन कुमार भंडारी परिवार द्वारा लिया गया उक्त जानकारी जैन समाज की मीडिया प्रभारी सचीन भंडारी ने दी


# कार्यालय नगर पालिक निगम, जबलपुर ( म.प्र. )


## निविदा सूचना

निम्नलिखित कार्य हेतु केंद्रीयकृत प्रणाली में पजीकृत ठेकेदारों से ऑन लाईन निविदायें आमंत्रित की जाती है। निविदा का विस्तृत विवरण वेबसाइट http://.mptender.gov.in पर देखा जा सकता है।

| क्रं. | टेण्डर क्रमांक जारी क्रमांक | कार्य का नाम | लागत राशि एवं समयावधि | निविदा प्रपत्र का मूल्य एव EMD | निविदा की अंतिम तिथि |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 |
| 1 | Tender ID_ 2025_ UAD 414061_1 PRo - 17 Date- 04/04/2025 | संभाग क्रं.01 गढ़ा वीर दुर्गादास राठौर वार्ड क्रं. 71 अंतर्गत चौकीताल मेन रोड से पटेल मोहल्ला की ओर क्षतिग्रस्त सड़क का एम 30 सड़क निर्माण कार्य। (पार्षद अनुशंसा) | 12.67 लाख दो माह | 2000/- 9503/- | 05.05.2025 |

नोट: निविदा से संबंधित किसी भी प्रकार के संशोधन का प्रकाशन ऑनलाईन की वेबसाइट http://.mptender.gov.in पर ही किया जायेगा, पृथक से समाचार पत्र में प्रकाशन नही किया जायेगा।

**कार्यपालन यंत्री, नगर पालिक निगम जबलपुर**




**जबलपुर ( नगर प्रतिनिधि )।** थाना रांझी मे देर रात साहिल सेन उम्र 28 वर्ष निवासी संजय नगर भड़पुरा थाना अधारताल ने सूचना दी कि शाम लगभग 7 बजे उसका भाई सतेन्द्र सेन उम्र 26 वर्ष घर से निकला था कुछ देर तक वापस नहीं आने पर तलाश पतासाजी किये पता नहीं चला, तलाश करते हुये शोभापुर फाटक के पास चौकीदार से अपने भाई के संबंध में पूछा जिसने बताया कि अभी अभी एक लड़का पटरी में टेऊन से कट गया है। चोकीदार के मोबाइल में फेटो देखा और पहचाना उसका भाई सत्यसेन था,



# युवक ने प्रेम-प्रसंग के चलते की आत्महत्या

## परिजन बोले युवती के शादी से मना करने पर खाया है जहर





**जबलपुर ( नगर प्रतिनिधि )।** जबलपुर स्थित दुर्गा नगर गोरखपुर क्षेत्र में आज उस वक्त सनसनी फैल गई, जब सचिन समुद्रे नामक युवक ने जहर खाकर आत्महत्या कर ली. सचिन द्वारा आत्महत्या किए जाने की खबर क्षेत्र में आग की तरह फैल गई, देखते ही देखते आसपास के लोग एकत्र हो गए. मौके पर पहुंची पुलिस को पूछताछ में परिजनों ने बताया कि सचिन के युवती के साथ प्रेमसंबंध रहे, लेकिन युवती ने परिजनों के दबाव में आकर शादी से इंकार कर दिया. जिससे व्यथित होकर सचिन ने आत्महत्या की है.

पुलिस अधिकारियों के अनुसार दुर्गा नगर गोरखपुर में रहने वाला सचिन समुद्रे डीजे चलाने का काम करता रहा. उसके एक युवती के साथ प्रेम संबंध रहे, जिससे वह शादी करना चाहता था. लेकिन युवती ने परिजनों के दबाव में शादी से इंकार कर दिया. इस बात से व्यथित सचिन बीती रात अपने कमरें में गया और जहरीली वस्तु का सेवन कर लिया. आज सुबह जब सचिन कमरे से बाहर नहीं निकला तो परिजन कमरे में पहुंच गए. देखा तो सचिन मृत हालत में पड़ा है. सचिन को देख परिजनों में चीख पुकार मच गई. शोर सुनकर आसपास के लोग पहुंच गए, जिन्होने सचिन को देखा तो स्तब्ध रह गए. खबर मिलते ही पुलिस अधिकारी मौके पर पहुंच गए. जिन्हे पूछताछ में परिजनों ने कहा कि सचिन का एक युवती से प्रेम संबंध रहे, जिसके चलते हम लोग युवती के घर गए थे, जहां पर युवती ने परिजनों के दबाव में मना कर दिया. परिजनों ने यह भी आरोप लगाए कि दो दिन पहले युवती का भाई सचिन के घर आया था. जिसने कहा था कि सचिन से कहो कि मेरी बहन से दूर रहो. वहीं सचिन की मां ने कहा कि चार साल से दोनों के बीच प्रेम संबंध रहे, जब शादी के लिए कहा तो सचिन को धक्का देकर घर से निकाल दिया. वहीं यह चर्चा भी है कि सचिन समुद्रे ने कर्ज के चलते आत्महत्या की है. पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजकर मर्ग कायम कर लिया है. पुलिस का कहना है कि मर्ग जांच में जो भी तथ्य सामने आएगे उस आधार पर आगे की कार्यवाही की जाएगी.

### सड़क दुर्घटना

**जबलपुर-** थाना पनागर में संतोष चक्रवर्ती उम्र 42 वर्ष निवासी सूजी मोहल्ला मिलौनीगंज गोहलपुर ने रिपोर्ट दर्ज कराई वह मजदूरी करता है दिनांक 3-4-25 को अपने साथी अरविन्द अहिरवार के साथ मोटर सायकल में एवं दूसरी मोटर सायकल में उसका बेटा प्रवीण चक्रवर्ती उसकी पत्नी चंद्रकला चक्रवर्ती को मौटर सायकल क्रमांक एमपी 20 एम जे 5622 से काम से

# घर के सामने से आटो निकलने की बात पर से दो पक्षों ने की आपस में मारपीट

**जबलपुर ( नगर प्रतिनिधि )।** थाना भेड़ाधाट में रात्रि श्रीमती काशी बाई श्रीवास उम्र 48 वर्ष निवासी कछियाना मोहल्ला सहजपुर ने रिपोर्ट दर्ज कराई कि दिनांक 3-4-25 की दोपहर में अपने घर के बाहर झाड़ू लगा रही थी तभी घर के पीछे रहने वाले नन्हेलाल कुशवाहा का सब्जी से भरा आटो निकला जो उसके घर के बाहर सीढ़ी से टकरा गया, उसने आटो वाले से कहा कि अच्छे से आटो निकालो, इसी बात को लेकर गंगो बाई कुशवाहा, गोपाल कुशवाहा, नन्हेलाल कुशवाहा उसके घर के सामने आकर गाली गलौज करने लगे, गालियां देने से मना करने पर गंगो बाई एवं नन्हें लाल कुशवाहा उससे झूमाझपटी कर भाग गये झूमाझपटी से उसके माथा, गाल, दोनों आंख के पास अंदरूनी चोट आयी उसने घटना की जानकारी बेटे राकेश को फोन पर दी तो बेटा राकेश, बेटी राजकुमारी एवं रोशनी घर आईं जिन्हें देखकर अनिकेत कुशवाहा, गोपाल कुशवाहा, राजू कुशवाहा, घर के सामने आकर पत्थर फैंककर बोले कि दुबारा आटो निकलने से मना किया तो जान से खत्म कर देगें। वहीं श्रीमती गंगो बाई कुशवाहा उम्र 40 वर्ष निवासी कछियाना मोहल्ला ग्राम सहजपुर ने रिपोर्ट दर्ज कराई कि सब्जी बेचने का काम करती है दिनांक 3-4-25 को दोपहर में उसने बाजार सब्जी ले जाने के लिये आटो बुलवाया था जैसे ही आटो वाला काशी बाई के घर के पास पहुँचा तो काशी बाई ने आटो को देखकर अपने घर के सामने बड़ा पत्थर रख दिया जिससे आटो निकलने में परेशानी हो रही थी, उसने काछी बाई से पत्थर हटाने के लिये बोली तो काशी बाई गाली गलौज करते हुये हाथ मुक्कों से मारपीट कर सिर हाथ में चोटें पहुँचा दी इसके बाद काशी बाई का लड़का राकेश, बेटी राजकुमारी, रोशनी और दामाद अभिषेक श्रीवास आये एवं गाली गलौज करते हुये जान से मारने की धमकी दिये।

**जबलपुर ( नगर प्रतिनिधि )।** थाना विजयनगर में विनय कुमार यादव उम्र 55 वर्ष निवासी हरदौल मंदिर के पास चेरीताल थाना कोतवाली ने रिपोर्ट दर्ज कराई कि वह विनय नाम से मिथलापुरी विजयनर में डेरी चलाता है । उसकी डेरी में 25 भैंसे हैं दिनांक 26-3-25 को रात लगभग 1-30 बजे से 2-50 बजे के बीच कोई अज्ञात चोर उसकी 2 भैंसे कीमती लगभग 90 हजार रूपये की चोरी कर ले गया है। रिपोर्ट पर धारा 303(2) बीएनएस का अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया।

# धर्मपरिवर्तन के लिए प्रेरित कर रहा था डॉक्टर, किशोरी के परिजनों ने की शिकायत, आरोपी क्लिनिक से अरेस्ट

**जबलपुर ( नगर प्रतिनिधि )।** जबलपुर में तिलवारा थाना पुलिस ने गुरुवार को एक होम्योपैथिक डॉक्टर को नाबालिग लड़की को धर्म परिवर्तन के लिए उकसाने के आरोप में गिरफ्तार किया है. आरोपी डॉक्टर की पहचान खालिद खान के रूप में हुई है, जो क्रेशर बस्ती स्थित क्लिनिक में इलाज करता था.

पुलिस के अनुसार, डॉक्टर खालिद की मुलाकात 2024 के अगस्त माह में एक बीमार नाबालिग लड़की से उसके इलाज के दौरान हुई थी. इसी दौरान उसने दवा के बहाने किशोरी का मोबाइल नंबर ले लिया और फिर लगातार फोन पर संपर्क में रहने लगा. आरोप है कि वह किशोरी को हिंदू धर्म छोड़कर इस्लाम अपनाने के लिए मानसिक रूप से प्रभावित कर रहा था.

कुछ समय बाद परिजनों को इस बात की जानकारी लगी कि उनकी बेटी आरोपी से फोन पर बात करती है और उसकी धार्मिक मान्यताओं में बदलाव आ रहे हैं. परिजनों ने बच्ची को समझाने की कोशिश की, लेकिन जब स्थिति नहीं सुधरी तो उन्होंने तिलवारा थाने में शिकायत दर्ज कराई. शिकायत में बताया गया कि किशोरी ने रोजा रखना शुरू कर दिया था और पारंपरिक धार्मिक गतिविधियों से दूरी बना ली थी.

पुलिस ने मामले को गंभीरता से लेते हुए आरोपी डॉक्टर को क्रेशर बस्ती स्थित क्लिनिक से गिरफ्तार कर लिया. तिलवारा थाना प्रभारी ने डॉक्टर की गिरफ्तारी की पुष्टि करते हुए बताया कि आरोपी के खिलाफ नाबालिग को गुमराह कर धर्म परिवर्तन के लिए प्रेरित करने के आरोप में मामला दर्ज किया गया है.

# फ्लाईओवर की रोटरी से जा टकराया तेज रफ्तार ट्रक, दरार की अफवाह



**जबलपुर ( नगर प्रतिनिधि )।** मदन महल के समीप हुई घटना राहगीरों की लगी भीड़ ट्रक के रोटरी से टकराने की इस घटना के बाद तरह-तरह की चर्चाओं का बाजार गर्म रहा। घटना में ट्रक का अगला हिस्सा भी क्षतिग्रस्त हुआ है। मदन महल फ्लाईओवर पर बीती रात एक तेज रफ्तार ट्रक अनियंत्रित होकर रोटरी से टकरा गया। इस घटना में रोटरी का एक हिस्सा क्षतिग्रस्त हो गया। रोटरी के कोनों में हल्का क्रैक भी आ गया। इससे यह खबर फैली कि यहां बड़ी दरार आ गई है। हालांकि बाद में यह साफ हो गया कि दरार पड़ने की बात महज अफवाह थी। घटना में ट्रक का अगला हिस्सा भी क्षतिग्रस्त हुआ है। प्रत्यक्षदर्शियों ने बताया कि बीती रात ट्रक क्रमांक ओडी-09-च-8355 शारदा चौक की ओर से महानद्दा की तरफ जा रहा था, तभी ट्रक फ्लाईओवर पर अचानक अनियंत्रित हो गया और रोटरी से जा टकराया, जिससे रोटरी का एक हिस्सा क्षतिग्रस्त हो गया। घटना में किसी प्रकार की कोई जनहानि नहीं हुई। बताया गया है कि ट्रक जबलपुर होते हुए मंडला जा रहा था। बाल-बाल बचा ड्राइवर हादसे में ट्रक का ड्राइवर और क्लीनर बाल-बाल बच गए। घटना के बाद फ्लाईओवर का यातायात भी थोड़ा प्रभावित हुआ। यहां से राहगीरों और वाहनों को निकलने में परेशानी हुई। बाद में ट्रक को क्रेन की सहायता से हटाया गया। यह भी पढ़े - हर कोने में खुल गईं कई अवैध चौपाटी ईवनिंग वॉक करना तक हुआ मुश्किल हाल देखने पहुंच गए लोग ट्रक के रोटरी से टकराने की इस घटना के बाद तरह-तरह की चर्चाओं का बाजार गर्म रहा। घटना के बाद यह खबर भी फैल गई कि रोटरी के तीनों तरफ के जोड़ों में दरार आ गई है, जिसे देखने बड़ी संख्या में लोग भी मौके पर पहुंच गए थे।

**जबलपुर** थाना विजयनगर में प्रदीप सिंह शर्मा निवासी कमला नेहरू नगर ने एक लिखित शिकायत की कि उसकी सफेद कलर की हुण्डई वेन्यू कार गाडी क्रमांक एमपी 20 जेड के 3071 को दिनांक 29.10.2024 को शैल्वी अस्पताल के पास से अपने घर रीवा जाने का कहकर अजय चौरसिया निवासी कमला नेहरू नगर का सात दिन के लिये किराये से लेकर गया


**कार्यालय संभागीय अधिकारी संभाग क्रमांक-2,कछपुरा नगर निगम जबलपुर**

पत्रांक-स.अधि./04/कछपुरा 2025 / एम./ Q - 16 दिनांक 04.04.2025

**भवन नाम परिवर्तन सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है,कि **1.श्री आदित्य पुराणिक, पिता-श्री राजेन्द्र पुराणिक, 2. श्रीमती हिमानी शुक्ला, पति श्री आदित्य पुराणिक, 3. श्री अभिषेक पुराणिक, पिता श्री राजेन्द्र पुराणिक,4. श्रीमती काजल कोहलिया, पति श्री अभिषेक पुराणिक** ने मकान नं. 260/2 सम्पत्ति पिन नं. 1000487187 **वार्ड वीर सावरकर वार्ड ,** क्षेत्रफल........... व.फु., भूतल ........ व.फु., **विक्रयपत्र** के आधार पर नगर निगम द्वारा प्रदत्त मकान नं.पर नामांतरण हेतु आवेदन दिया है। जिस किसी को भी उक्त नामांतरण पर आपत्ति हो तो वे इस प्रकाशन की तिथि से 15 दिन के अंदर कार्यालय **संभाग क्रमांक -2 कछपुरा** में प्रमाण सहित आपत्ति प्रस्तुत करें।

संभागीय अधिकारी
संभाग-2 कछपुरा
नगर निगम जबलपुर

**कार्यालय संभागीय अधिकारी संभाग क्रमांक-2,कछपुरा नगर निगम जबलपुर**

पत्रांक-स.अधि./04/कछपुरा 2025 / एम./ Q - 15 दिनांक 04.04.2025

**भवन नाम परिवर्तन सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है,कि **1. श्रीमती रूकमणी साहू, पति- श्री भोजकांत साहू, 2. श्री भोजकांत साहू, पिता श्री काशीराम साहू** ने मकान नं.एल.आई.जी.06 सम्पत्ति पिन नं. 1004255906 **वार्ड कमला नेहरू वार्ड ,** भूतल 696 व.फु., **विक्रयपत्र** के आधार पर नगर निगम द्वारा प्रदत्त मकान नं.पर नामांतरण हेतु आवेदन दिया है। जिस किसी को भी उक्त नामांतरण पर आपत्ति हो तो वे इस प्रकाशन की तिथि से 15 दिन के अंदर कार्यालय **संभाग क्रमांक -2 कछपुरा** में प्रमाण सहित आपत्ति प्रस्तुत करें।

संभागीय अधिकारी
संभाग-2 कछपुरा
नगर निगम जबलपुर

**कार्यालय संभागीय अधिकारी संभाग क्रमांक-04,छोटी लाईन फाटक गोरखपुर नगर पालिक निगम जबलपुर**

पत्रांक-स.अधि/04/एम/02 2025-26 दिनांक 04/04/2025

**भवन नामांतरण सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है,कि संपत्तिकर पिन नं. **1000510858** में पंजीकृत भवन स्वामी **श्री बसंत लाल दासवानी, पिता- गुरदास दासवानी, श्री आशीष कुमार दासवानी, पिता-बसंत लाल दासवानी, निर्मल दासवानी** के स्थान पर आवेदक **श्रीमती दमनप्रीत कौर आनंद, पति- श्री रविन्द्र सिंह आनंद** , ने **मकान नं. 1547 वार्ड क्र.- 13 , .......... वार्ड,** क्षेत्रफल 4620 व.फु., **दस्तावेज- पंजीकृत विक्रयपत्र** के आधार पर नगर निगम द्वारा प्रदत्त मकान नं. पर नामांतरण हेतु आवेदन दिया हैं। जिस किसी को भी उक्त नामांतरण पर आपत्ति हो तो वे इस प्रकाशन की तिथि से 15 दिन के अंदर **संभागीय कार्यालय क्रमांक-04 छोटी लाईन फाटक गोरखपुर** में प्रमाण सहित आपत्ति प्रस्तुत करें।

संभागीय अधिकारी
संभाग क्रमांक-04
नगर निगम जबलपुर

**कार्यालय संभागीय अधिकारी संभाग क्रमांक-04,छोटी लाईन फाटक गोरखपुर नगर पालिक निगम जबलपुर**

पत्रांक-स.अधि/04/एम/01 2025-26 दिनांक 04/04/2025

**भवन नामांतरण सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है,कि संपत्तिकर पिन नं. **1000502903** में पंजीकृत भवन स्वामी **श्रीमती रिया बालवानी, पति- श्री मुकेश बालवानी एवं श्रीमती हीर बालवानी, पति-श्री दीपक बालवानी** के स्थान पर आवेदक **श्रीमती रिया बालवानी, पति- श्री मुकेश बालवानी,** , ने **मकान नं. 1226/एस-13 वार्ड क्र.- 13 , .......... वार्ड,** क्षेत्रफल 1588 व.फु., **दस्तावेज- पंजीकृत हकत्याग पत्र** के आधार पर नगर निगम द्वारा प्रदत्त मकान नं. पर नामांतरण हेतु आवेदन दिया हैं। जिस किसी को भी उक्त नामांतरण पर आपत्ति हो तो वे इस प्रकाशन की तिथि से 15 दिन के अंदर **संभागीय कार्यालय क्रमांक-04 छोटी लाईन फाटक गोरखपुर** में प्रमाण सहित आपत्ति प्रस्तुत करें।

संभागीय अधिकारी
संभाग क्रमांक-04
नगर निगम जबलपुर

**कार्यालय संभागीय अधिकारी संभाग क्रमांक-14, विजय नगर निगम जबलपुर**

पत्रांक-स.क्र./14/विजयनगर 2025/ 26/एम/06 दिनांक 04.04.2025

**भवन नामांतरण सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है, कि **श्री हर्षित जैन एवं श्री अर्पित जैन, पिता-श्री सुधीर कुमार जैन** ने मकान नं. 737 **वार्ड चेरीताल वार्ड,** क्षेत्रफल 908 व.फु., **विक्रयपत्र,** के आधार पर नगर निगम द्वारा प्रदत्त मकान नं.पर नामांतरण हेतु आवेदन दिया है। जिस किसी को भी उक्त नामांतरण पर आपत्ति हो तो वे इस प्रकाशनं की तिथि से 15 दिन के अंदर **कार्यालय संभाग क्रमांक-14 दमोहनाका** में प्रमाण सहित आपत्ति प्रस्तुत करें।

संभागीय अधिकारी
संभाग-14 दमोहनाका
नगर निगम जबलपुर

**कार्यालय संभागीय अधिकारी संभाग क्रमांक-14, विजय नगर निगम जबलपुर**

पत्रांक-स.क्र./14/विजयनगर 2025/ 26/एम/05 दिनांक 04.04.2025

**भवन नामांतरण सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है, कि **श्रीमती मुक्ता जैन, पति- श्री राहुल जैन** ने मकान नं. प्लाट नं. 10 का भाग **वार्ड चेरीताल वार्ड,** क्षेत्रफल 1200 व.फु., **विक्रयपत्र,** के आधार पर नगर निगम द्वारा प्रदत्त मकान नं.पर नामांतरण हेतु आवेदन दिया है। जिस किसी को भी उक्त नामांतरण पर आपत्ति हो तो वे इस प्रकाशनं की तिथि से 15 दिन के अंदर **कार्यालय संभाग क्रमांक-14 दमोहनाका** में प्रमाण सहित आपत्ति प्रस्तुत करें।

संभागीय अधिकारी
संभाग-14 दमोहनाका
नगर निगम जबलपुर

**कार्यालय संभागीय अधिकारी संभाग क्रमांक-14, विजय नगर निगम जबलपुर**

पत्रांक-स.क्र./14/विजयनगर 2025/ 26/एम/04 दिनांक 04.04.2025

**भवन नामांतरण सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है, कि **श्रीमती शिमला जैन, पति- श्री दिनेश कुमार जैन एवं श्रीमती मुक्ता जैन, पति- श्री राहुल जैन** ने मकान नं. प्लाट नं. 46 **वार्ड चेरीताल वार्ड,** क्षेत्रफल 1740 व.फु., **विक्रयपत्र,** के आधार पर नगर निगम द्वारा प्रदत्त मकान नं.पर नामांतरण हेतु आवेदन दिया है। जिस किसी को भी उक्त नामांतरण पर आपत्ति हो तो वे इस प्रकाशनं की तिथि से 15 दिन के अंदर **कार्यालय संभाग क्रमांक-14 दमोहनाका** में प्रमाण सहित आपत्ति प्रस्तुत करें।

संभागीय अधिकारी
संभाग-14 दमोहनाका
नगर निगम जबलपुर

**कार्यालय संभागीय अधिकारी संभाग क्रमांक-14, विजय नगर निगम जबलपुर**

पत्रांक-स.क्र./14/विजयनगर 2025/ 26/एम/03 दिनांक 04.04.2025

**भवन नामांतरण सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है, कि **श्रीमती पूर्णिमा झा, पति स्व. श्री मुकेश झा, एवं उर्विजा झा एवं श्री अरविन्द झा, पिता- स्व. श्री मुकेश झा,** ने मकान नं. 1320/1 **वार्ड चेरीताल वार्ड,** क्षेत्रफल 412 व.फु., भूतल 270 व.फु., प्रथमतल 270 व.फु., **विक्रयपत्र, शपथ पत्र, मृत्यु प्रमाण पत्र,** के आधार पर नगर निगम द्वारा प्रदत्त मकान नं.पर नामांतरण हेतु आवेदन दिया है। जिस किसी को भी उक्त नामांतरण पर आपत्ति हो तो वे इस प्रकाशनं की तिथि से 15 दिन के अंदर **कार्यालय संभाग क्रमांक-14 दमोहनाका** में प्रमाण सहित आपत्ति प्रस्तुत करें।

संभागीय अधिकारी
संभाग-14 दमोहनाका
नगर निगम जबलपुर

**कार्यालय संभागीय अधिकारी संभाग क्रमांक-2,कछपुरा नगर निगम जबलपुर**

पत्रांक-स.अधि./04/कछपुरा 2025 / एम./ Q - 14 दिनांक 04.04.2025

**भवन नाम परिवर्तन सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है,कि **श्री अविनाश चन्द अग्रवाल, पिता- स्व.श्री रामचन्द्र अग्रवाल** ने मकान नं.फ्लैट नं.05, सम्पत्ति पिन नं. 1000494789 का भाग **वार्ड मदन महल वार्ड ,** क्षेत्रफल तलघर- 257 व.फु., भूतल 182 व.फु., तृतीयतल 974 व.फु., चतुर्थतल 197 व.फु., **बटवारानामा** के आधार पर नगर निगम द्वारा प्रदत्त मकान नं.पर नामांतरण हेतु आवेदन दिया है। जिस किसी को भी उक्त नामांतरण पर आपत्ति हो तो वे इस प्रकाशन की तिथि से 15 दिन के अंदर कार्यालय **संभाग क्रमांक -2 कछपुरा** में प्रमाण सहित आपत्ति प्रस्तुत करें।

संभागीय अधिकारी
संभाग-2 कछपुरा
नगर निगम जबलपुर

**कार्यालय संभागीय अधिकारी संभाग क्रमांक-2,कछपुरा नगर निगम जबलपुर**

पत्रांक-स.अधि./04/कछपुरा 2025 / एम./ Q - 13 दिनांक 04.04.2025

**भवन नाम परिवर्तन सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है,कि **श्री कैलाश चन्द अग्रवाल, पिता- स्व.श्री रामचन्द्र अग्रवाल** ने मकान नं.फ्लैट नं.01, सम्पत्ति पिन नं. 1000494789 का भाग **वार्ड मदन महल वार्ड ,** क्षेत्रफल तलघर- 257 व.फु., भूतल 1104 व.फु., भूतल 182 व.फु. व्यवसायिक, चतुर्थतल 197 व.फु., **बटवारानामा** के आधार पर नगर निगम द्वारा प्रदत्त मकान नं.पर नामांतरण हेतु आवेदन दिया है। जिस किसी को भी उक्त नामांतरण पर आपत्ति हो तो वे इस प्रकाशन की तिथि से 15 दिन के अंदर कार्यालय **संभाग क्रमांक -2 कछपुरा** में प्रमाण सहित आपत्ति प्रस्तुत करें।

संभागीय अधिकारी
संभाग-2 कछपुरा
नगर निगम जबलपुर

**कार्यालय संभागीय अधिकारी संभाग क्रमांक-2,कछपुरा नगर निगम जबलपुर**

पत्रांक-स.अधि./04/कछपुरा 2025 / एम./ Q - 12 दिनांक 04.04.2025

**भवन नाम परिवर्तन सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है,कि **श्री नन्द किशोर अग्रवाल, पिता- स्व.श्री रामचन्द्र अग्रवाल** ने मकान नं.फ्लैट नं.02, सम्पत्ति पिन नं. 1000494789 का भाग **वार्ड मदन महल वार्ड ,** क्षेत्रफल तलघर- 257 व.फु.,प्रथमतल 1104 व.फु., चतुर्थतल 197 व.फु., **बटवारानामा** के आधार पर नगर निगम द्वारा प्रदत्त मकान नं.पर नामांतरण हेतु आवेदन दिया है। जिस किसी को भी उक्त नामांतरण पर आपत्ति हो तो वे इस प्रकाशन की तिथि से 15 दिन के अंदर कार्यालय **संभाग क्रमांक -2 कछपुरा** में प्रमाण सहित आपत्ति प्रस्तुत करें।

संभागीय अधिकारी
संभाग-2 कछपुरा
नगर निगम जबलपुर

**कार्यालय संभागीय अधिकारी संभाग क्रमांक-2,कछपुरा नगर निगम जबलपुर**

पत्रांक-स.अधि./04/कछपुरा 2025 / एम./ Q - 11 दिनांक 04.04.2025

**भवन नाम परिवर्तन सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है,कि **श्री जुगल किशोर अग्रवाल, पिता- स्व. श्री रामचन्द्र अग्रवाल** ने मकान नं.फ्लैट नं.06, सम्पत्ति पिन नं. 1000494789 का भाग **वार्ड मदन महल वार्ड ,** क्षेत्रफल तलघर- 257 व.फु.,भूतल 182 व.फु., तृतीयतल 974 व.फु., चतुर्थतल 197 व.फु., **बटवारानामा** के आधार पर नगर निगम द्वारा प्रदत्त मकान नं.पर नामांतरण हेतु आवेदन दिया है। जिस किसी को भी उक्त नामांतरण पर आपत्ति हो तो वे इस प्रकाशन की तिथि से 15 दिन के अंदर कार्यालय **संभाग क्रमांक -2 कछपुरा** में प्रमाण सहित आपत्ति प्रस्तुत करें।

संभागीय अधिकारी
संभाग-2 कछपुरा
नगर निगम जबलपुर

**कार्यालय संभागीय अधिकारी संभाग क्रमांक-2,कछपुरा नगर निगम जबलपुर**

पत्रांक-स.अधि./04/कछपुरा 2025 / एम./ Q - 10 दिनांक 04.04.2025

**भवन नाम परिवर्तन सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है,कि **1. श्रीमती सविता अग्रवाल, पति-स्व. श्री विद्यासागर अग्रवाल, 2. अंजली अग्रवाल, पिता-स्व. श्री विद्यासागर अग्रवाल** ने मकान नं. 2279 का भाग,, फ्लैट नं. 03, दुकान नं. 06 सम्पत्ति पिन नं. 1000494798 का भाग **वार्ड मदन महल वार्ड ,** क्षेत्रफल तलघर- 257 व.फु.,प्रथमतल 182 कमर्शियल, द्वितीयतल 974 व.फु., चतुर्थतल 197 व.फु., **बटवारानामा** के आधार पर नगर निगम द्वारा प्रदत्त मकान नं.पर नामांतरण हेतु आवेदन दिया है। जिस किसी को भी उक्त नामांतरण पर आपत्ति हो तो वे इस प्रकाशन की तिथि से 15 दिन के अंदर कार्यालय **संभाग क्रमांक -2 कछपुरा** में प्रमाण सहित आपत्ति प्रस्तुत करें।

संभागीय अधिकारी
संभाग-2 कछपुरा
नगर निगम जबलपुर

**कार्यालय संभागीय अधिकारी संभाग क्रमांक-2,कछपुरा नगर निगम जबलपुर**

पत्रांक-स.अधि./04/कछपुरा 2025 / एम./ Q - 09 दिनांक 04.04.2025

**भवन नाम परिवर्तन सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है,कि **श्री त्रिवेणी नारायण बाजपेयी, पिता- स्व. श्री जगत नारायण** ने मकान नं. प्लाट क्रं. 484 सम्पत्ति पिन नं. 1002761733 **वार्ड विवेकानंद-21 वार्ड ,** क्षेत्रफल 1500 व.फु., **विक्रयपत्र** के आधार पर नगर निगम द्वारा प्रदत्त मकान नं.पर नामांतरण हेतु आवेदन दिया है। जिस किसी को भी उक्त नामांतरण पर आपत्ति हो तो वे इस प्रकाशन की तिथि से 15 दिन के अंदर कार्यालय **संभाग क्रमांक -2 कछपुरा** में प्रमाण सहित आपत्ति प्रस्तुत करें।

संभागीय अधिकारी
संभाग-2 कछपुरा
नगर निगम जबलपुर

**कार्यालय संभागीय अधिकारी संभाग क्रमांक-2,कछपुरा नगर निगम जबलपुर**

पत्रांक-स.अधि./04/कछपुरा 2025 / एम./ Q - 08 दिनांक 04.04.2025

**भवन नाम परिवर्तन सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है,कि **1. श्रीमती अनीता अग्रवाल, पति- स्व. श्री बालमुकुन्द, 2. श्री अभय अग्रवाल, पिता- स्व. श्री बालमुकुन्द, 3. श्रीमती अंकिता अग्रवाल,पिता- स्व. श्री बालमुकुन्द** ने मकान नं. फ्लैट नं. 04, दुकान नं. 04 सम्पत्ति पिन नं. 1000494789 का भाग **वार्ड मदन महल वार्ड ,** क्षेत्रफल तलघर 257 व.फु., प्रथमतल 182 व.फु. कमर्शियल, द्वितीयतल 974 व.फु., चतुर्थतल 197 व.फु., **बटवारानामा** के आधार पर नगर निगम द्वारा प्रदत्त मकान नं.पर नामांतरण हेतु आवेदन दिया है। जिस किसी को भी उक्त नामांतरण पर आपत्ति हो तो वे इस प्रकाशन की तिथि से 15 दिन के अंदर कार्यालय **संभाग क्रमांक -2 कछपुरा** में प्रमाण सहित आपत्ति प्रस्तुत करें।

संभागीय अधिकारी
संभाग-2 कछपुरा
नगर निगम जबलपुर

**कार्यालय संभागीय अधिकारी संभाग क्रमांक-2,कछपुरा नगर निगम जबलपुर**

पत्रांक-स.अधि./04/कछपुरा 2025 / एम./ Q - 07 दिनांक 04.04.2025

**भवन नाम परिवर्तन सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है,कि **श्री रौनक जैन, पिता- श्री राजेश कुमार जैन** ने मकान नं. प्लाट नं. 374/3 सम्पत्ति पिन नं. 2000325225 **वार्ड विवेकानंद-21 वार्ड ,** क्षेत्रफल 2056 व.फु., **विक्रयपत्र** के आधार पर नगर निगम द्वारा प्रदत्त मकान नं.पर नामांतरण हेतु आवेदन दिया है। जिस किसी को भी उक्त नामांतरण पर आपत्ति हो तो वे इस प्रकाशन की तिथि से 15 दिन के अंदर कार्यालय **संभाग क्रमांक -2 कछपुरा** में प्रमाण सहित आपत्ति प्रस्तुत करें।

संभागीय अधिकारी
संभाग-2 कछपुरा
नगर निगम जबलपुर

**कार्यालय संभागीय अधिकारी संभाग क्रमांक-2,कछपुरा नगर निगम जबलपुर**

पत्रांक-स.अधि./04/कछपुरा 2025 / एम./ Q - 06 दिनांक 04.04.2025

**भवन नाम परिवर्तन सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है,कि **श्री रौनक जैन, पिता- श्री राजेश कुमार जैन** ने मकान नं. प्लाट नं. 373/2/3 एवं 375/2 सम्पत्ति पिन नं. 2000346054 **वार्ड विवेकानंद वार्ड ,** क्षेत्रफल 5504 व.फु., **विक्रयपत्र** के आधार पर नगर निगम द्वारा प्रदत्त मकान नं.पर नामांतरण हेतु आवेदन दिया है। जिस किसी को भी उक्त नामांतरण पर आपत्ति हो तो वे इस प्रकाशन की तिथि से 15 दिन के अंदर कार्यालय **संभाग क्रमांक -2 कछपुरा** में प्रमाण सहित आपत्ति प्रस्तुत करें।

संभागीय अधिकारी
संभाग-2 कछपुरा
नगर निगम जबलपुर

**कार्यालय संभागीय अधिकारी संभाग क्रमांक-2,कछपुरा नगर निगम जबलपुर**

पत्रांक-स.अधि./04/कछपुरा 2025 / एम./ Q - 05 दिनांक 04.04.2025

**भवन नाम परिवर्तन सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है,कि **श्री पंकज मेहता, पिता- स्व. श्री रमन लाल मेहता** ने मकान नं. 2392/1 सम्पत्ति पिन नं. 1000480263 का भाग **वार्ड रानी दुर्गावती-17 वार्ड ,** क्षेत्रफल 8712 व.फु., भूतल 1562 व.फु., **दानपत्र** के आधार पर नगर निगम द्वारा प्रदत्त मकान नं.पर नामांतरण हेतु आवेदन दिया है। जिस किसी को भी उक्त नामांतरण पर आपत्ति हो तो वे इस प्रकाशन की तिथि से 15 दिन के अंदर कार्यालय **संभाग क्रमांक -2 कछपुरा** में प्रमाण सहित आपत्ति प्रस्तुत करें।

संभागीय अधिकारी
संभाग-2 कछपुरा
नगर निगम जबलपुर


स्वात्ताधिकारी मुद्रक प्रकाशक कृष्णकांत सक्सेना की ओर से श्री बालाजी प्रिटंर्स, प्लाट नं.21,सेक्टर-एच,इंडस्ट्रियल एरिया,गोविंदपुरा भोपाल से मुद्रित तथा मकान नंबर 358 साठियां कुंआ जबलपुर से प्रकाशित। ब्यूरो प्रमुख श्री विलक्षण सक्सेना, सभी विवादों का न्याय क्षेत्र जबलपुर रहेगा। मो.नं. 9300696096, भोपाल 9425025999